www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 14 अप्रैल, 2025 | वर्ष-18 | अंक -8 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में किया बड़ा बदलाव : अमित शाह 02
■ दिल्ली के स्कूलों में आयोजित होंगे विशेष ...
■ पत्नी की हत्या कर शव पंखे से लटकाया, गिरफ्तार 03
■ मिस्र व इंडोनेशिया के बीच गाजा युद्ध पर चर्चा
■ सूडान में हमलों में 114 से अधिक लोगों की मौत 07
करीना कपूर कढ़ी चावल की डिश के लिए दिन में... 10

जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर की बैठक

# वक्फ संशोधन मुसलमानों के लिए सही नहीं : मदनी

मदनी ने कानून को लेकर कड़ी नाराजगी जताई, बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए कानून लाने का लगाया आरोप

**हमारी लड़ाई जारी रहेगी, खत्म नहीं होगी, चाहे हमें कितनी भी कुर्बानी देनी पड़े। हमने आजादी से पहले भी कुर्बानियां दी हैं : महमूद मदनी**




**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। वक्फ संशोधन बिल संसद से पास होने के बाद इसे लेकर देश भर में विरोध हो रही है। इस संशोधन बिल के खिलाफ देश भर के मुस्लिम संगठन नाराजगी जता रहे हैं। इस बीच जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने बड़ा बयान दिया है।

मदनी ने कहा, यह वक्फ का मामला नहीं बल्कि राजनीति है। मुसलमानों के नाम पर, कभी मुसलमानों को गाली देकर या मुसलमानों का हमदर्द बनकर दुर्भावना के साथ इस अधिनियम को लागू किया गया। यह अधिनियम या संशोधन देश, समाज या मुसलमानों के लिए सही नहीं है। मौलना महमूद मदनी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए वक्फ संशोधन कानून को लेकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मौलाना मदनी ने मीडिया के एक वर्ग पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह फैलाया जा रहा है कि वक्फ संपत्तियों पर चीन से आए लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि यह बिल न तो देश के लिए सही है, न भारतीयों के लिए और न ही मुसलमानों के लिए। उनका आरोप है कि यह संशोधन बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया है। मदनी ने कहा, हमारी लड़ाई जारी रहेगी, खत्म नहीं होगी, चाहे हमें कितनी भी कुर्बानी देनी पड़े। हमने आजादी से पहले भी कुर्बानियां दी हैं। अगर हमें लड़ना पड़ा तो हम लड़ेंगे। अगर हमें सब्र करना है तो हम वो भी करेंगे। हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं। हम न्याय का इंतजार कर रहे हैं।' उन्होंने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की अपील करते हुए कहा कि इस कानून के खिलाफ हर जगह शांतिपूर्ण प्रदर्शन होने चाहिए।

## पश्चिम बंगाल : हिंसा मामले में 150 लोग गिरफ्तार

■ **हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए गए**

वक्फ कानून के विरोध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। गाड़ियां जलाईं, दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएनएस की धारा 163 भी लागू है। इधर, मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं।

## वक्फ कानून के खिलाफ हैदराबाद में 19 को जनसभा

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विरोध जताने के लिए 19 अप्रैल को हैदराबाद में जनसभा का आयोजन करेगा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को यह जानकारी दी। ओवैसी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह जनसभा एआईएमपीएलबी के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी के नेतृत्व में दारुस्सलाम में शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक होगी। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों के साथ-साथ दोनों राज्यों के अन्य मुस्लिम संगठन इस जनसभा में भाग लेंगे।

मुर्शिदाबाद हिंसा पर ममता बोले सरकार के मंत्री

## बीएसएफ ने चलाई गोलियां, पुलिस ने नहीं

नए वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा में तीन लोगों की मौत पर सियासत शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल की पुलिस इन मौतों की जांच करने की बात कह रही है। इस बीच ममता बनर्जी की सरकार के मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी ने मुर्शिदाबाद हिंसा में हुई मौतों को लेकर बड़ा दावा कर दिया। सिद्दीकुल्ला चौधरी ने हिंसा में हुई मौतों के लिए बीएसएफ को जिम्मेदार ठहरा दिया। सिद्दीकुल्ला चौधरी ने मौतों को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि बीएसफ की गोली से लोग मारे गए हैं। इसके लिए हमारी सरकार जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने गोली चलाई है, उनसे पूछिए. राज्य सरकार की पुलिस ने कोई गोली नहीं चलाई। इतना ही नहीं ममता सरकार के मंत्री ने कहा कि मुर्शिदाबाद हिंसा में बाहरी लोग शामिल होंगे।



## आंध्र प्रदेश में पटाखा कारखाने में विस्फोट, 8 की मौत



■ **हादसे में 7 मजदूर हुए घायल**
■ **मरने वालों में दो महिलाएं शामिल**

**अमरावती,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में रविवार को एक पटाखा कारखाने में आग लगने से दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख व्यक्त किया। गृह मंत्री वी. अनिता ने बताया, 'आग लगने की दुर्घटना में दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।'

उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने अनिता और जिले के अधिकारियों को घायलों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### आधा किमी दूर तक गिरा मलबा

मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अभी तक घटना की वजह सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में काम चल रहा था। इसी दौरान फैक्ट्री में रखे बारूद के ढेर में आग लग गई और धमाके होने लगे। इससे फैक्ट्री की छत गिर गई। वहीं मलबा हवा में उड़ उड़कर आधा किमी दूर तक जा गिरा। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इससे अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां दो और लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों के मुताबिक हादसे के वक्त फैक्ट्री के अंदर 30 से अधिक वर्कर काम कर रहे थे। सूचना मिलने पर पहुंचे राहत दल ने 20 से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया है।

**सार संक्षेप**

### भीषण सड़क हादसे में 5 की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर जिले में मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर रविवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाओं सहित 12 महीने का बच्चा भी शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, लखनऊ का यह परिवार खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए जा रहा था। हादसा नेकावाला टोल प्लाजा के पास उस समय हुआ, जब एक कार और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

### समुद्री डकैतियों के खिलाफ भारत-अफ्रीकी देशों का अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारत और अफ्रीकी देश समुद्री डकैती तथा अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ रविवार से एक बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'अफ्रीका इंडिया की मैरीटाइम इंगेजमेंट में शामिल हो रहे हैं। यह समुद्री अभ्यास दार-ए-सलाम, तंजानिया में किया जा रहा है। विभिन्न देशों की नौसेनाओं के बीच 13 से 18 अप्रैल तक हो रहे इस अभ्यास में कोमोरस, जिबूती, एरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश भाग ले रहे हैं।


### भारत नेपाल की व्यापार संबंधों को बढ़ाने पर सहमति



**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल ने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध और तस्करी रोकने के लिए परस्पर सहयोग में तकनीक का समावेश बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमति जताई है। दोनों पक्षों के बीच सीमा शुल्क सहयोग पर 21वीं महानिदेशक स्तरीय वार्ता 10-11 अप्रैल, काठमांडू में आयोजित की गई थी।

# भूमि अधिग्रहण के नाम पर जमीनें छीनी जा रही : टिकैत

■ **8 मई को प्रयागराज में होगी पंचायत**
■ **भूमि अधिग्रहण देश में एक बड़ा मुद्दा**



**तहसीलों में एक षड्यंत्र के तहत जमीनें एक दूसरे के नाम चढ़ाई जा रही हैं ताकि लोग एक दूसरे से लड़ते रहें : राकेश टिकैत, किसान नेता**

**प्रयागराज,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने रविवार को कहा कि आठ मई को प्रयागराज में एक कार्यक्रम रखा गया है जिसमें भूमि अधिग्रहण में 'गड़बड़ियों' के खिलाफ पंचायत की जाएगी। उन्होंने कहा, 'भूमि अधिग्रहण देश में एक बड़ा मुद्दा है। इसके नाम पर जमीनें छीनी जा रही हैं। तहसीलों में एक षड्यंत्र के तहत जमीनें एक दूसरे के नाम चढ़ाई जा रही हैं ताकि लोग एक दूसरे से लड़ते रहें।' टिकैत ने संवाददाताओं से कहा, ''किसी व्यक्ति के पास 20 बीघा जमीन है, लेकिन नाम चढ़ाने में केवल पांच बीघा जमीन उसके हिस्से में आई। किसान जमीन की नपाई के लिए दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं और अधिकारी एवं कर्मचारी खेत की नपाई नहीं कर रहे।'

## तिहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में पांच दिन पहले हुए तिहरे हत्याकांड में मृतकों के परिजनों से रविवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राकेश टिकैत ने मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। श्री टिकैत ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात के बाद मौजूदा प्रशासन को चेताया कि 17 अप्रैल तक यदि मृतक परिवार की मांगे पूर्ण नहीं होतीं तो 18 अप्रैल से पूरे प्रदेश में चक्का जाम किया जायेगा और इसकी आर-पार की लडाई भारतीय किसान यूनियन के लोग करेंगे।

कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की तैयारी

# ओबीसी आरक्षण 51 फीसदी करने की सिफारिश



■ **राज्य में कुल आरक्षण बढ़कर 85 फीसदी हो जाएगा**
■ **कर्नाटक में पिछड़े वर्गों की आबादी करीब 70 फीसदी**

**बेंगलुरु,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक में जाति जनगणना आयोग ने आरक्षण प्रणाली को लेकर राज्य सरकार को एक बड़ा सुझाव दिया है। आयोग ने शिक्षा और नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण को 32 फीसदी से बढ़ाकर 51 फीसदी करने की सिफारिश की है। रिपोर्ट के अनुसार अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो राज्य में कुल आरक्षण बढ़कर 85 फीसदी हो जाएगा। इसमें पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इडब्लूयूएस) के लिए 10 फीसदी और अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) के लिए 24 फीसदी आरक्षण शामिल है। इसके साथ ही, महिलाओं, दिव्यांगों जैसे समूहों को मिलने वाला क्षैतिज आरक्षण भी लागू रहेगा। (यहां क्षैतिज आरक्षण का अर्थ जो आरक्षण महिलाओं, विकलांग (दिव्यांग) व्यक्तियों, भूतपूर्व सैनिकों आदि के लिए होता है)।

### आर्थिक सर्वेक्षण के बाद की सिफारिश

आयोग द्वारा यह सिफारिश हाल ही में कराए गए सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण (जिसे जाति जनगणना भी कहा जाता है) के आधार पर की गई है। इस सर्वे के मुताबिक कर्नाटक में पिछड़े वर्गों की आबादी करीब 70 फीसदी है। पैनल का मानना है कि अगर इतनी बड़ी आबादी को उनकी संख्या के हिसाब से सरकारी सुविधाएं और आरक्षण नहीं दिया गया, तो समानता नहीं हो पाएगी।

मामले में पैनल का मानना है कि हालांकि ओबीसी की जनसंख्या 69.6 फीसदी है, फिर भी राज्य की आधी से भी कम आबादी को आरक्षण मिल पा रहा है। अगर आबादी के अनुपात में आरक्षण नहीं दिया गया, तो सरकारी लाभों का समान वितरण नहीं होगा।

## 17 को जाति जनगणना पर होगी चर्चा

बहुप्रतीक्षित सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट बीते शुक्रवार को कर्नाटक कैबिनेट के समक्ष पेश की गई। इस रिपोर्ट को 'जाति गणना' के नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुछ मंत्रियों ने कहा कि वे पहले सिफारिशों पर विचार करना चाहते हैं। इस कारण 17 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक होगी। कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने कहा कि यह निर्णय किया गया है कि 17 अप्रैल को एक विशेष कैबिनेट बैठक में जाति जनगणना पर चर्चा की जाएगी।

# बिहार में फिर चर्चा में पुल, दरार आई

■ **2 दिन पहले ही नीतीश कुमार ने किया था उद्घाटन**
■ **3831 करोड़ की लागत से बना जेपी गंगा पथ पुल**





**पटना,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में पुलों के गिरने और सड़कें धंसने की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। ताजा मामला राज्य की राजधानी पटना में सामने आया है। यहां 3831 करोड़ रुपए की लागत से बनी जेपी सेतु गंगा पथ के दोनों लेन में दरार की खबर सामने आई है। जेपी सेतु में दीदारगंज के पास पिलर नंबर ए-3 में दरार आ गई है।

गौर करने वाली बात यह कि अभी दो दिनों पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीदारगंज दीघा जेपी सेतु के कंगन घाट से दिदारगंज तक के हिस्से का लोकार्पण किया था। लोकार्पण के लिए बड़ा मंच तैयार किया गया था। कार्यक्रम में राज्य के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, दीघा विधायक संजीव चौरसिया समेत विभागीय अधिकारी शामिल हुए थे। सभी लोगों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रिमोट का बटन दबाकर जेपी सेतु का लोकार्पण किया था।

लोकार्पण के दो दिन बाद ही दरार की तस्वीर सामने आई है। यह दरार जेपी सेतु गंगा पथ के दोनों लेन में आई है। अब सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि क्या इसके निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है? क्या बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने जल्दबाजी में बिना जांच पड़ताल किए ही इसका लोकार्पण कर दिया? सवाल यह भी है कि ऐसी क्या जल्दी थी कि आंधी और बारिश के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुल का उद्घाटन कर दिया?

# मायावती ने भतीजे को किया माफ



■ **आकाश ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी थी**
■ **पार्टी में फिर से मौका देने की अपील की थी**

**लखनऊ,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक अहम फैसले में अपने भतीजे आकाश आनंद को एक और मौका देने की घोषणा की है। मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर चार अलग-अलग पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। मायावती का फैसला ऐसे समय पर आया है जब आकाश आनंद ने सोशल मीडिया पर उनसे माफी मांगी थी और पार्टी में फिर से मौका देने की अपील की थी। पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर लिखा कि आकाश आनंद ने अपनी सार्वजनिक पोस्ट के जरिए अपनी पुरानी गलतियों को स्वीकार किया है। उन्होंने वरिष्ठ पार्टी नेताओं को पूरा आदर देने और अपने ससुर की बातों में आगे न आने का संकल्प लिया है। मायावती ने लिखा कि इन बातों को देखते हुए उन्हें पार्टी और बहुजन मूवमेंट के हित में एक और मौका देने का निर्णय लिया गया है।

हालांकि मायावती ने यह भी स्पष्ट किया कि अभी उनके उत्तराधिकारी के रूप में किसी को भी तय करने का सवाल ही नहीं उठता।

# कई राज्यों में आंधी तूफान का अलर्ट

**कई स्थानों पर बारिश का भी अनुमान**

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित 17 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी की चेतावनी है। असर दिल्ली तक देखने को मिल सकता है।

उत्तर प्रदेश में अगले 24 घंटे तक 47 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। बिजली के साथ ओले भी गिरने की आशंका है। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के 24 जिलों में बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की सक्रियता घटने के बाद तेज गर्मी का असर शुरू होगा। 15 अप्रैल के बाद राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हीटवेव चलने का अनुमान है।


**रिपोर्ट** *दक्षिण-पूर्व एशिया व अफ्रीका जैसे इलाकों में बनी गंभीर समस्या*

# एंटीबायोटिक का असर न होने से 30 लाख से अधिक बच्चों की मौत

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। एक नए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, साल 2022 में दुनिया भर में 30 लाख से अधिक बच्चों की मौत ऐसे संक्रमणों के कारण हुई जिन पर एंटीबायोटिक दवाएं असर नहीं कर पाईं। इस स्थिति को एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) कहा जाता है। यह अध्ययन ऑस्ट्रिया के वियना शहर में 'ईएससीएमआईडी ग्लोबल 2025' कार्यक्रम के दौरान पेश किया गया।

■ **'वॉच एंड रिजर्व' वाली दवाएँ शुरुआती इलाज के लिए नहीं**

इसमें दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका जैसे इलाकों में बच्चों के इलाज में इस गंभीर समस्या को लेकर चिंता जताई गई। जब शरीर में संक्रमण फैलाने वाले बैक्टीरिया एंटीबायोटिक दवाओं पर प्रतिक्रिया करना बंद कर देते हैं, तब उस स्थिति को एएमआर कहा जाता है। यह बच्चों के लिए खासतौर पर खतरनाक है क्योंकि उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उनके लिए नई दवाएं भी जल्दी उपलब्ध नहीं हो पातीं।



2022 में अकेले दक्षिण-पूर्व एशिया में 7.5 लाख और अफ्रीका में करीब 6.6 लाख बच्चों की मौत एएमआर से जुड़ी जटिलताओं के कारण हुई।

## भविष्य के लिए बड़ा खतरा

दुनिया भर में, 30 लाख बच्चों की मौतों में से 20 लाख मौतें इन दो तरह की दवाओं के इस्तेमाल से जुड़ी रहीं। प्रोफेसर जोसेफ हारवेल, जो इस अध्ययन में सह-लेखक हैं, कहते हैं - इन दवाओं का अधिक इस्तेमाल, विशेष रूप से बिना सही निगरानी के, भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। अगर बैक्टीरिया इन दवाओं पर भी असर करना बंद कर दें, तो हमारे पास इलाज के बहुत ही कम विकल्प बचेंगे।

शोधकर्ताओं का कहना है कि 'वॉच एंड रिजर्व' वाली एंटीबायोटिक दवाएँ शुरुआती इलाज के लिए नहीं हैं। बहुत से मामलों में 'वॉच' और 'रिजर्व' श्रेणी की एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल किया गया, जो कि आमतौर पर गंभीर और विशेष मामलों के लिए रखी जाती हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, इन्हें शुरुआत में इलाज के लिए नहीं दिया जाना चाहिए।

# देश

**उवाच**

"2015 से पहले नीतीश कुमार तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके थे, तब भी क्या प्रशांत किशोर ने ही उन्हें बनाया था। बिहार में पैसे और ब्लैकमेल की राजनीति नहीं चलेगी। वह असफल हो जाएंगे।"

–पप्पू यादव, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 24.0 |
| मुंबई | 33.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# शासकों के लिए विक्रमादित्य आज भी आदर्श

- सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के शुभारंभ कार्यक्रम को किया संबोधित
- 14 अप्रैल तक जारी रहेगा सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि महाराजा विक्रमादित्य ने अपने शासन काल में कला संस्कृति, साहित्य और विज्ञान के विकास को संरक्षण और संवर्धन के साथ जो मूल्य स्थापित किए, कालान्तर में वे ही भारत की सांस्कृतिक आदर्श एवं पहचान बने। उपराष्ट्रपति धनखड़ लाल किला परिसर स्थित माधौदास पार्क में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित थे।

उपराष्ट्रपति एवं अन्य अतिथियों ने इस तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन आयोजन का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन 14 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगा। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि हमारी संस्कृति एक मिसाल है कि भारतीय जीवन मूल्यों के साथ जीवन कितना सहज और सरल हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासनकाल में राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में



सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासनकाल में राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया : जगदीप धनखड़

हमारा देश बदल रहा है। भारत में भूतल की गहराई से आकाश की ऊंचाइयों तक हर तरफ विकास ही विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता से भारत की पुरानी प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित और जीवंत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाषा हमारी सांस्कृतिक चेतना की धुरी है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रसार और भारतीय ज्ञान परम्पराओं पर आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखना है**

उपराष्ट्रपति ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिल्ली में किए जा रहे इस महा आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई और साधुवाद देते हुए कहा कि केंद्र एवं दिल्ली सरकार के साथ मिलकर यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए। हमें हमारी संस्कृति के संवर्धन के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए और उन्हें खुशी है कि मध्य प्रदेश में यह काम बड़ी ही लगन और कुशलता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखना है और इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने के भी प्रयास हमें करना चाहिए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, मप्र के प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव आनंद विभाग राघवेंद्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार डा. श्रीराम तिवारी, डॉ. अतुल जैन सहित मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण तथा विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के 250 से अधिक कलाकारों सहित बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश एवं दिल्ली के कलाप्रेमी नागरिकगण उपस्थित थे।

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन देश के इतिहास को जीवंत करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल भारत के सांस्कृतिक उत्कर्ष का उच्चतम समय था। उनके शासन पर आधारित महानाट्य का मंचन विक्रमादित्य के उस स्वर्णिम युग का मंचन है। वे ज्ञान, विज्ञान कौशल के पोषक और वीरता की मिसाल थे। वे आदर्श शासक थे। उन्होंने अपने नवरत्नों के जरिए भारत की संस्कृति को उच्चतम स्तर पर ले जाने का प्रयास किया। वीर विक्रमादित्य के शासनकाल का मंचन एक नई धारा है, एक नया सोपान है, जिसका आगाज मध्यप्रदेश सरकार ने किया है।

## विक्रमादित्य का शासनकाल भारतीय इतिहास का गौरवशाली काल : मोहन यादव

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्राट वीर विक्रमादित्य के शासनकाल को भारतीय इतिहास का गौरवशाली काल बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति को सहेजने और संवारने में विक्रमादित्य का अमिट योगदान है। उन्होंने सिर्फ शासन को सुशासन की व्यवस्था में बदला। वे अदम्य साहस, धीरता वीरता और संवेदनशीलता के प्रतीक थे। उन्होंने अपनी प्रजा को कर्जमुक्त किया। वे अनेकानेक गुणों से युक्त थे। गरीबों, लाचारों, वंचितों को उनका हक दिलाने की प्रेरणा हमें सम्राट वीर विक्रमादित्य से ही मिलती है। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य हमारे लिए सदैव स्तुत्य रहेंगे। उन्होंने हमें जनता की सेवा की सीख दी है। वे अपनी प्रजा का सुख-दुख देखने के लिए भेष बदलकर प्रजा के बीच जाते थे। उनकी यह संवेदनशीलता बताती है कि प्रजा के सुख में ही शासक का सौख्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति सदैव समृद्ध रही है और आगे भी रहेगी। हमारी संस्कृति मां गंगा की अविरल धारा की तरह लगातार बहती रहेगी। हमें अपने गौरवशाली अतीत पर नाज है और यह भावना हमें नई पीढ़ी तक भी पहुंचानी है। देश की राजधानी दिल्ली में विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के मूल में हमारी यही मंशा है। उन्होंने सभी से इस आयोजन का लाभ उठाकर अपने इतिहास के गौरवशाली काल को देखने, समझने और आनंद लेने की अपील की।



# सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में किया बड़ा बदलाव : अमित शाह

**भोपाल,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश में सहकारिता आंदोलन में कभी 'अनियमन' की स्थिति थी, लेकिन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने साढ़े तीन सालों के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है। शाह ने यहां राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, राज्य के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और पशुपालन मंत्री लखन पटेल समेत अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और मध्य प्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर भी हुए, जिसके तहत राज्य में डेयरी क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाए जाएंगे। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि एक समय था, जब देश में सहकारिता आंदोलन में अनियमन था। कुछ राज्यों में यह काफी आगे था। कुछ जगह इसका सरकारीकरण हुआ, तो कुछ जगह पूरी तरह विनाश हुआ। देश में सहकारी आंदोलन बटा हुआ था, इसकी मुख्य वजह यह थी कि कानूनों में समय के साथ बदलाव नहीं किया गया। देश में जिस तेजी से परिस्थितियां बदलीं, उनके अनुरूप कानून नहीं बदले गए। उस समय कभी भी राष्ट्रीय स्तर पर समग्रता के साथ विचार नहीं हुआ। शाह ने कहा कि लेकिन मोदी सरकार ने देश में 75 साल बाद केंद्रीय सहकारिता विभाग का गठन किया। इसका मंत्री उन्हें बनाया गया। उन्होंने मंत्री बनने के बाद सबसे पहले प्राथमिक सहकारी समितियों में सुधार के लिए आदर्श बाय लॉज बनाए और उन्हें सभी राज्यों को भेज दिया। शाह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी राज्यों ने इन बाय लॉज को लागू कर दिया और इसके साथ ही सहकारिता क्षेत्र में सुधार प्रारंभ हो गया। उन्होंने कहा कि वे सभी राज्यों को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि इन सुधारों की वजह से अब पैक्स 20 से ज्यादा काम करने लगे हैं और उनकी आय भी बढ़ी है, जबकि एक समय पैक्स केवल अल्पकालीन किसान ऋण से संबंधित कार्य करते थे, जिससे उन्हें सिर्फ आधा प्रतिशत का मुनाफा होता था। अब पैक्स आयुष्मान भारत से जुड़ी सस्ती दवाएं बेच रहा है। जल वितरण का कार्य भी कर रहे हैं।



- राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को किया संबोधित

## सार संक्षेप

### राहुल-प्रियंका ने जलियांवाला बाग शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जलियांवाला बाग के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। गांधी ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद हुए वीर बलिदानियों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यह नरसंहार एक तानाशाही शासन की क्रूरता का प्रतीक है, जिसे यह देश कभी नहीं भूल सकता। इस अन्याय और अत्याचार के खिलाफ हमारे वीर शहीदों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध डट कर लड़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

### तलोजा जेल में दुष्कर्म के आरोपी ने की आत्महत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कल्याण में 12 वर्षीय लड़की का अपहरण, बलात्कार और हत्या के आरोप में गिरफ्तार एक व्यक्ति ने रविवार सुबह तलोजा जेल में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान विशाल गवली के रूप में हुई है। वह न्यू मुंबई शहर के तलोजा जेल में बंद था। उसने कथित रूप से रविवार सुबह 3.30 बजे शौचालय में फांसी लगा ली। कुछ कैदियों ने घटना की जानकारी जेल अधिकारियों को दी, जिन्होंने स्थानीय खारगर पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी ने जेल परिसर में आत्महत्या कर ली, जिससे पुलिस टीम स्तब्ध रह गई।

### नाइजीरियाई नागरिक 14 दिनों की हिरासत में

**अगरतला।** त्रिपुरा की स्थानीय अदालत ने नाइजीरियाई नागरिक को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया। अदालत ने पुलिस को जेल में आरोपी से पूछताछ करने की अनुमति दी है। नाइजीरियाई नागरिक को बीएसएफ ने शुक्रवार को दक्षिण त्रिपुरा के बेलोनिया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। आरोपी की पहचान फ्रांसिस ओडोको के रूप में हुई है, जिसे स्टेशन परिसर में उसकी संदिग्ध गतिविधि के बाद शुक्रवार शाम को बीएसएफ ने हिरासत में लिया था। उसके पास से एक कीपैड मोबाइल फोन सहित चार मोबाइल फोन बरामद हुए जो उसके इरादों और गतिविधियों पर शक उत्पन्न करते हैं।

### भू भारती पोर्टल लॉन्च करेगी तेलंगाना सरकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार सोमवार को डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती पर एक नया भू भारती पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। सोमवार को भू भारती पोर्टल के लॉन्च से पहले मुख्यमंत्री ए. रेवंत. रेड्डी कहा कि नया भू भारती पोर्टल किसानों और लोगों को भूमि संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए सेवाएं प्रदान करेगा और पारदर्शी तरीके से लेनदेन से संबंधित जानकारी भी आसानी से और जल्दी से प्रदान करेगा।

# सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे बीपी मंडल : स्टालिन

**चेन्नई,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बी.पी. मंडल की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें सामाजिक न्याय का अग्रदूत बताया। गौरतलब है कि मंडल ने मंडल आयोग का नेतृत्व किया था और अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सदस्यों को केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के तहत 27 प्रतिशत नौकरियों और उच्च शिक्षा संस्थानों में सीटों पर आरक्षण दिया जाना चाहिए। स्टालिन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत बी.पी. मंडल की पुण्यतिथि पर हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने जिस लड़ाई का नेतृत्व किया, वह अभी खत्म नहीं हुई है। उनकी कई साहसिक और निष्पक्ष सिफारिशें अभी भी धूल खा रही हैं और सामाजिक न्याय की खोज को नए रूपों में प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्री बी.पी. मंडल को सम्मानित करने का मतलब है, उनके पूरे दृष्टिकोण को लागू करना, न कि उसे कमजोर करना। हम उस लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं।



- मंडल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

बीजू जनता दल का भाजपा पर आरोप

# ओडिशा के तीन जिलों में माओवादी गतिविधियां बढ़ीं

**भुवनेश्वर,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के सत्ता में आने के बाद से राज्य के कम से कम तीन जिलों में माओवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं। बीजद के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री प्रीति रंजन घदाई ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मीडिया द्वारा इसकी रिपोर्ट किए जाने के बावजूद सरकार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए कोई तत्परता नहीं दिखाई है।

उन्होंने कहा कि ढेंकनाल, जाजपुर और क्योंझर जिलों में माओवादी गतिविधियां बढ़ रही हैं। पिछले कुछ महीनों में मीडिया रिपोर्टों ने लगातार इस मुद्दे को उजागर किया है। कथित तौर पर सशस्त्र माओवादी घूम रहे हैं, स्थानीय क्षेत्रों से लोगों की भर्ती कर रहे हैं और जबरन पैसे वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी विधानसभा में स्वीकार किया था कि राज्य में वर्तमान में करीब 120 माओवादी सक्रिय हैं और सरकार का लक्ष्य 2026 तक ओडिशा को माओवाद मुक्त बनाना है। उन्होंने राज्य की आंतरिक सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बिगड़ने के कारण ओडिशा पुलिस और गृह विभाग दोनों ही प्रभावी कदम उठाने में विफल रहे हैं।

हालांकि गृह विभाग से ऐसी माओवादी गतिविधियों का अनुमान लगाने और उनका मुकाबला करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन सरकार ऐसा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के कारण 2013 में ओडिशा को माओवाद मुक्त घोषित किया गया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है कि 11-12 साल बाद माओवादी गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि माओवादी गतिविधियों में वृद्धि न केवल राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि निवेश को भी रोक सकती है और राज्य के विकास में बाधा डाल सकती है। उन्होंने कहा कि यदि कानून-व्यवस्था बिगड़ती है तो निवेशक इन क्षेत्रों से दूर भागेंगे। वरिष्ठ बीजद नेता ने कहा कि कई वादों के साथ सत्ता में आई डबल इंजन सरकार अब आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को जनता को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि माओवादी गतिविधियों को दबाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और क्या योजनाएँ बनाई गई हैं।



सरकार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए कोई तत्परता नहीं दिखाई : बीजद

## ओडिशा में राज्य विवि संशोधन अधिनियम-2024 लागू

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम-2024 राज्यपाल डॉ. हरिबाबू कंभमपति की मंजूरी के बाद शनिवार से लागू हो गया। ओडिशा विधानसभा में व्यापक विचार-विमर्श के बाद गत दो अप्रैल को विधेयक पारित किया गया। यह अधिनियम अब पूरे राज्य में लागू है, जो ओडिशा की उच्च शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण सुधार है। उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे राज्य में उच्च शिक्षा के लिए 'नयी सुबह' बताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम शिक्षा प्रणाली की मजबूती और लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करने और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी बदलाव लाएगा। अधिनियम के अनुसार विश्वविद्यालयों में संकाय की भर्ती ओडिशा लोक सेवा आयोग के जरिए नहीं की जाएगी। इसके बजाय विश्वविद्यालय संकाय भर्ती के उद्देश्य से शिक्षाविदों की समिति बनाई जाएगी।

# बिहार में किए गए कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले

**पटना,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने मंत्रिमंडल में विस्तार किया था। इसके बाद रविवार को प्रदेश में कई वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ-साथ उद्योग विभाग का काम देख रहीं बंदना प्रेयसी को अगले आदेश तक समाज कल्याण विभाग के सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस दौरान उन्हें बिहार राज्य महिला एवं बाल विकास निगम के प्रबंध निदेशक की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। बिहार भवन, नई दिल्ली में स्थानिक आयुक्त कुंदन कुमार को अगले आदेश तक आइडा, पटना के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा को स्थानांतरित कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इसके अलावा पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव रहे 1993 बैच के आईएएस अधिकारी मिहिर कुमार सिंह को अगले आदेश तक उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जबकि राजस्व परिषद में अपर सदस्य और 1997 बैच की आईएएस अधिकारी डॉ. सफीना ए.एन. को स्थानांतरित कर मगध प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है। वह अगले आदेश तक बिपार्ड, गया के अपर महानिदेशक के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगी। मगध प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त और अतिरिक्त प्रभार अपर महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, गया की जिम्मेदारी देख रहे प्रेम सिंह मीणा को राजस्व परिषद, पटना में अपर सदस्य बनाया गया है।




बंदना प्रेयसी समाज कल्याण विभाग की सचिव बनीं

# मप्र के गुना में अब स्थिति नियंत्रण में

**गुना,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के गुना जिला मुख्यालय के एक क्षेत्र में हनुमान जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस पर कथित तौर पर पथराव के बाद दो पक्षों में टकराव के चलते स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को सख्ती दिखाना पड़ी। अब क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार शाम को यहां कर्नलगंज क्षेत्र में एक धार्मिक स्थान के समीप हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में जुलूस निकाला जा रहा था।

इसी दौरान दो पक्षों में विवाद की स्थिति बनी और कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसके बाद दो पक्षों में जमकर टकराव हुआ और पथराव की घटनाएं हुयीं। पुलिस ने तत्काल सक्रिय होकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इस बीच कुछ संगठनों के लोग इस घटना के विरोध में सड़क पर उतर आए। पुलिस ने प्रभावित क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि उसकी प्राथमिकता शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

# मिजोरम में करोड़ों रुपए की मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मिजोरम के आइजोल के बाहरी इलाके में 52.67 किलोग्राम मेथामफेटामाइन टैबलेट जब्त की। अंतरराष्ट्रीय दवा बाजार में इनकी कीमत 52.67 करोड़ रुपए है। रविवार पुजारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह जब्ती शुक्रवार को एक अभियान के दौरान की गई। मादक द्रव्य 12 पहियों वाले एक ट्रक में छुपा कर ले जाया जा रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस अभियान में तस्करी की गई दवाओं को छिपाने और परिवहन करने का एक नया तरीका सामने आया-ट्रक के तिरपाल कवर के भीतर सावधानीपूर्वक पैक किए गएईंट के आकार के 53 पैकेट पाए गए। पैकेट पर हीरे के चिह्नों के साथ 3030 एक्सपोर्ट ओनली और 999 जैसे शब्द लिखे थे और उसमें नारंगी-गुलाबी रंग की गोलियां थी। एनडीपीएस फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करके किए गए परीक्षणों से पुष्टि हुई कि गोलियों में मेथामफेटामाइन था। नागालैंड में पंजीकृत यह ट्रक भारत-म्यांमार सीमा के पास संवेदनशील सीमावर्ती शहर ज़ोखावथर से आया था और त्रिपुरा जा रहा था। डीआरआई ने मिज़ोरम से निकलने से पहले ही वाहन को रोक लिया।

उल्लेखनीय है कि उस समय ट्रक में कोई घोषित माल नहीं था। इससे पहले, इसने मेघालय से सीमेंट लेकर चंपई तक पहुंचाया था और फिर ज़ोखावथर पहुंचा थाजहां प्रतिबंधित माल लोड किया गया था। ट्रक के चालक और उसके सहायक को स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ(एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया।



- ट्रक में छुपा कर ले जाया जा रहा था मादक द्रव्य

**आयोजन** *जम्मू-कश्मीर में आयोजित राजौरी दिवस के कार्यक्रम में बोले मनोज सिन्हा*

# शांति और विकास के लिए सतर्कता बरतने की जरूरत

**राजौरी, 13 अप्रैल (एजेंसियां)। एएलजी (एडवांस लैंडिंग ग्राउंड) राजौरी में देशभक्ति के जोश और भव्य समारोह के साथ राजौरी दिवस मनाया गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने चेतावनी दी कि सीमा पार से खतरा अभी भी कायम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दुश्मन आतंकवादियों को भेजकर शांति भंग।**

करने की कोशिश जारी रखता है। ऐसी स्थिति में सुरक्षाबलों और आम नागरिकों दोनों के लिए सतर्क रहना जरूरी है। शांति विकास की आधारशिला है और इसकी रक्षा के लिए हम सभी को हाथ से हाथ मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी, लगातार खतरों के प्रति आगाह किया, साथ ही शांति और विकास के लिए सतर्कता बरतने का आग्रह किया। देशभक्ति, साहस और सांस्कृतिक एकता के शानदार प्रदर्शन के साथ, 1948 में पाकिस्तानी सेना और विद्रोही तत्वों के अवैध कब्जे से सीमावर्ती शहर की ऐतिहासिक मुक्ति को चिह्नित करने के लिए एएलजी राजौरी में राजौरी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम भारतीय सेना के ऐस ऑफ स्पेड्स डिवीजन द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें शीर्ष सैन्य अधिकारियों, नागरिक गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राजौरी को दुश्मन ताकतों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों और नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में सेना कमांडर उत्तरी कमान लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार, जीओसी व्हाइट नाइट कोर लेफ्टिनेंट जनरल पीके मिश्रा, सेना, पुलिस, नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और जिले के विधायक भी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए एलजी मनोज सिन्हा ने राजौरी की मुक्ति को भारत के स्वतंत्रता के बाद के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना द्वारा राजौरी पर छह महीने तक अवैध कब्जा हमारे देश के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज किया गया है। हालांकि, हमारे सशस्त्र बलों और राजौरी के लोगों के साहस और बलिदान ने इसे प्रेरणा और लचीलेपन की कहानी में बदल दिया। कार्यक्रम में शामिल छात्रा ने बताया कि जब देश को आजादी मिली थी तो पाकिस्तान आर्मी ने राजौरी में कब्जा कर लिया था। उनसे आजाद होने के लिए यहां के लोगों ने बहुत कुर्बानियां दीं।

13 अप्रैल, 1948 में राजौरी आजाद हुआ था और उसी समय से राजौरी दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम आयोजनकर्ता के एक सदस्य ने बताया कार्यक्रम में उपराज्यपाल आए। उन्होंने शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी।



- राजौरी दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

उल्टा पुल्टा

वकील : आपके पति कैसे मरे?
महिला : जहर खा कर।
वकील : फिर इनके शरीर पर चोट के निशान कैसे?
महिला : खाने से मना कर रहे थे।

रेखा गुप्ता के पति द्वारा अफसरों की बैठक लेने पर 'आप' ने जताई कड़ी आपत्ति, कहा

# भाजपा ने दिल्ली में बना दिया रबर स्टाम्प मुख्यमंत्री

■ 'आप' ने भाजपा पर लगाया कद्दावर नेताओं को दरकिनार करने का आरोप



मुख्यमंत्री पद की शपथ रेखा गुप्ता ने ली है, उनके पति ने नहीं। दिल्ली कोई 'फुलेरा की पंचायत' नहीं है, यह सब यहां नहीं चलेगा : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति द्वारा अफसरों की बैठक लेने पर आम आदमी पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने भारत को जनतंत्र दिया, लेकिन भाजपा ने पर्ची तंत्र दिया है। भाजपा ने वर्षों से संघर्ष कर रहे कद्दावर नेताओं को दरकिनार कर दिल्ली में एक रबर स्टाम्प मुख्यमंत्री बनाया है। सीएम रेखा गुप्ता की जगह अब उनके पति मनीष गुप्ता अफसरों की बैठकें ले रहे हैं और भाजपा इसको गलत बताने के बजाय सही बता रही है। सौरभ भारद्वाज ने भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से पूछा कि रेखा गुप्ता के पति सरकार में किस पद पर हैं और अगर नहीं हैं तो किस आधार पर वह अफसरों की बैठक ले रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री पद की शपथ रेखा गुप्ता ने ली है, उनके पति ने नहीं। दिल्ली कोई 'फुलेरा की पंचायत' नहीं है। यह सब यहां नहीं चलेगा।

सौरभ भारद्वाज ने रविवार को पार्टी मुख्यालय प्रेसवार्ता कर कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भारत को प्रजातंत्र दिया और भाजपा ने देश को पर्ची तंत्र दिया। एक समय था, जब जिन कद्दावर नेताओं ने वर्षों तक पार्टी के लिए संघर्ष किया हो, उन लोगों को मुख्यमंत्री बनाया जाता था। लेकिन भाजपा का पिछले कुछ साल का रिकॉर्ड दिखाता है कि राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान या कोई और राज्य हो, भाजपा में बड़े-बड़े नेताओं को दरकिनार करके किसी ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाता है, जिसके बारे में कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। इसकी शुरूआत हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाने के साथ हुई थी। हरियाणा के बाद गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान में हुआ। पर्ची निकाल कर दे दी जाती है कि किसे मुख्यमंत्री बनाना है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा में पर्ची मुख्यमंत्री की परिपाटी लगातार चल रही है। दिल्ली में भी भाजपा ने पर्ची मुख्यमंत्री बनाया। दिल्ली में मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा में बड़े-बड़े नेताओं के नाम चलते रहे। 2015 में जब 70 में से भाजपा के 3 विधायक चुन कर आए तो उन तीन विधायकों ने संघर्ष किया। इसके बाद 2020 में 70 में से भाजपा के 8 विधायक चुन कर आए और उन्होंने संघर्ष किया।

## रेखा गुप्ता के पति को लेकर सवाल पूछने से पहले तोमर की पत्नी पर जवाब दें भारद्वाज: सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज पर निशाना साधा है और कहा है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति को लेकर सवाल पूछने वाले आप के नेता डिग्री घोटाले में फंसे जितेंद्र तोमर की पत्नी को विधायक चुनवाने की प्रक्रिया पर कोई जवाब क्यों नहीं देते हैं। श्री सचदेवा ने रविवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि हमने पहले ही कहा था कि श्रीमती आतिशी और श्री भारद्वाज में पार्टी को नियंत्रित करने को लेकर संघर्ष चल रहा और दोनों नेता आगे पीछे एक ही विषय पर बोलते हैं और आज यह स्थापित हो गया। उन्होंने कहा कि कल पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट लिख कर श्रीमती गुप्ता और उनके पति पर एक ओछा तंज कसा था, जिसका हमारी पार्टी ने करारा जवाब दिया था। भाजपा नेता ने कहा कि मेरे आलावा दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा और दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने श्रीमती आतिशी की सोशल मीडिया पोस्ट की निंदा करते हुए 'आप' सरकार के दौरान श्रीमती सुनीता केजरीवाल और श्री भूपेंद्र चौबे आदि से जुड़े कुछ प्रश्न पूछे थे, जिसका बाद श्रीमती आतिशी से जवाब देते नहीं बना और जानकारी अनुसार वह विदेश चली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि कल जिन ओछे सवालों पर श्रीमती आतिशी ने मुंह की खाई, आज वो ओछे सवाल लेकर 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सामने आए हैं।

# कांग्रेस ने नकली दवाइयों के कारोबार को लेकर जताई चिंता



राजधानी में नकली दवाइयों के कारोबार की जड़े काफी मजबूत है, जिसके लिए सरकार जिम्मेदार है : देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। लोगों की जान को खतरे डालने वाली नकली दवाओं के धंधे पर चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शासन प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कैसे दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और पंजीकृत दवाई की दुकानों तक यह नकली दवाई पहुंच रही हैं और दिल्ली की पिछली और मौजूदा सरकार इसे रोकने पर कोई संवेदनशील कार्यवाही क्यों नहीं कर पा रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली के सबसे बड़े दवा बाजार भागीरथ पैलेस से ढाई लाख रुपए की नकली दवाई औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा पकड़े जाने से इस बात की पुष्टि हो गई है कि राजधानी में नकली दवाइयों के कारोबार की जड़े काफी मजबूत है, जिसके लिए सरकार जिम्मेदार है। देवेंद्र यादव ने आशंका जताते हुए कहा कि कहीं सरकार में बैठे नुमाईंदे तो नकली दवाई के घिनौने कारोबार का हिस्सा तो नहीं है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह चौकाने वाला है कि केंद्र सहित चारों प्रदेशों में भाजपा की राज्य सरकारें है। यादव ने कहा कि अगर पिछले 3 वर्षों में राजधानी दिल्ली में पुलिस और औषधि नियंत्रण विभाग ने नकली दवाइयों की करोड़ों रुपए की खेप पकड़ी है। दिसम्बर 2024 में औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस की टीम ने गाजियाबाद के राजेन्द्र नगर में 1.10 करोड़ की नकली दवाइयां पकड़ी। मार्च 2024 को दिल्ली पुलिस ने 4 करोड़ रुपए की कैंसर की नकली दवाइयां और इंजेक्शन जब्त किए। अप्रैल 2023 में दिल्ली की एक नामी कम्पनी के नाम से नकली दवाई बनाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास नकली जीवनरक्षक दवाओं की भारी खेप मिली थी। दिसम्बर 2022 में दिल्ली पुलिस ने 50 लाख रुपए से अधिक की कैंसर और डायबिटीज के इलाज की नकली दवाई बरामद की और नवम्बर, 2022 में दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच ने 8 करोड़ रुपए की कैंसर की नकली दवाइयां जब्त की। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता चौतरफा परेशानियां झेल रही है। दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था पहले ही चरमराई हुई है। एक तरफ जहां अस्पतालों में भारी भ्रष्टाचार के कारण जहां लोगों के इलाज के लिए मशीने, डॉक्टर, नर्से, स्टॉफ, ऑपरेशन थियेटरों सहित दवाइयां की भारी कमी है।

**सार संक्षेप**

### तीन नाबालिगों ने की किशोर की हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में स्कूली प्रतिद्वंद्विता से उपजी पुरानी दुश्मनी के चलते तीन किशोरों ने शनिवार रात कथित तौर पर चाकू घोंपकर 17 वर्षीय लड़के की हत्या कर दी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने जांच के बाद तीनों किशोरों को हिरासत में ले लिया है सभी की उम्र लगभग 16 साल है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों में से एक ने पीड़ित का गला घोंट दिया, जबकि अन्य दो ने उसके पेट और गर्दन पर कई बार चाकू से वार किए। पुलिस ने रविवार को एक बयान में कहा कि पीड़ित को पहले पास के अस्पताल ले जाया गया और बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र के पिता केरल में एक निर्माण मजदूर हैं और मां इलाके में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं।

### वक्फ कानून मौलिक अधिकार का उल्लंघन : उदित राज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने रविवार को वक्फ संशोधन विधेयक को काला कानून करार देते हुए इसे संविधान के मौलिक अधिकार का उल्लंघन बताया है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उन्होंने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिस पर 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। उदित राज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक (काला कानून) संविधान के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। यह केवल मुस्लिम समाज का मामला नहीं है, बल्कि सभी संविधान के रक्षक का है। दलित, ओबीसी, माइनॉरिटीज और आदिवासी (डोमा) की तरफ से मैंने भी सुप्रीम कोर्ट में पेटिशन (याचिका) फाइल की है। हमारे वरिष्ठ वकील शाहिद अली जी हैं। कोर्ट में याचिका पर सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। बता दें कि इससे पहले 10 अप्रैल को कांग्रेस नेता उदित राज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि गरीब मुसलमानों के साथ वक्फ बोर्ड अन्याय कर रहा था, इसीलिए एमेंडमेंट किया गया है। जो बिल्कुल गलत है।

### तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत

**नई दिल्ली।** पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर स्कूटी रोककर वीडियो कॉल में व्यस्त स्कूटी सवार को पीछे से एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी सवार एक युवक फ्लाईओवर के नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि स्कूटी सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को रोहिणी सेक्टर-3 स्थित जयपुर गोल्डन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज जारी है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 12 अप्रैल की शाम करीब 7:45 बजे, जयपुर गोल्डन अस्पताल, सेक्टर-3, रोहिणी से पुलिस थाना मंगोलपुरी को एक सूचना मिली कि एक अज्ञात युवक की नवजीवन अस्पताल, पीरागढ़ी फ्लाईओवर के सामने दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। मृतक के साथ दो और युवक थे, जो गंभीर रूप से घायल है। जिनकी उम्र 21 से 23 वर्ष के बीच है।

# दिल्ली के स्कूलों में आयोजित होंगे विशेष असेंबली सेशन : रेखा गुप्ता



दिल्ली सरकार समानता, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार को जमीन पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार की ओर से नई पीढ़ी को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों, संघर्षों और योगदान से जोड़ने की पहल शुरू होगी। दिल्ली के सभी स्कूलों में विशेष असेंबली सेशन आयोजित किए जाएंगे। रविवार को यह घोषणा करते हुए दिल्ली की रेखा गुप्ता ने कहा कि स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार समानता, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार को ज़मीन पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। रेखा गुप्ता ने रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर दिल्ली विधानसभा में आयोजित वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद और रविन्द्र इन्द्राज सिंह भी मौजूद रहे। दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों स्कूली बच्चों, युवाओं, सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि यह वॉकथॉन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बाबा साहब के न्याय, समानता और अधिकारों के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। बाबा साहब किसी एक जाति या वर्ग के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के महानायक थे। सीएम ने राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की अपील की और कहा कि यही भारत को एक समरस, सशक्त और प्रगतिशील राष्ट्र बनाएगा। मुख्यमंत्री ने डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के जयकारों के साथ उपस्थित छात्रों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे हृदय और मस्तिष्क में सदैव अमर रहेंगे। यही कारण है कि उनकी जन्म जयंती आज न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में उत्सव के रूप में बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। यह केवल एक दिवस नहीं, बल्कि कई दिनों तक चलने वाला एक राष्ट्रीय पर्व बन चुका है। बाबा साहेब को यदि भारत का भाग्यविधाता कहा जाए तो वह अतिशयोक्ति नहीं होगी।



■ नई दिल्ली में बैसाखी पर्व पर बंगला साहिब गुरुद्वारा के तालाब में स्नान करते सिक्ख श्रद्धालु। फोटो : इम्तियाज खान

## दिल्ली देहात हनुमान जयंती महोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित



**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पालम 360 द्वारा हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर 'दिल्ली देहात हनुमान जयंती महोत्सव एवं दिल्ली देहात सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। यह आयोजन पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसमें दिल्ली के सभी 360 गांवों ने सामूहिक भागीदारी निभाई।

यह एक ऐतिहासिक पहल बनी, जहां दिल्ली देहात की 36 बिरादरियों ने एक मंच पर एकत्र होकर हनुमान जन्मोत्सव को श्रद्धा, समर्पण और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में खेल, सामाजिक सेवा, राजनीति, फिल्म उद्योग एवं शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महान हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री, केंद्र एवं दिल्ली सरकार के मंत्रीगण, दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा, डीडीए के वाईस चेयरमैन विजय कुमार वरिष्ठ अधिकारीगण तथा फिल्म जगत की लोकप्रिय हस्तियां उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त हरियाणवी संगीत व कला जगत से सपना चौधरी, पूजा हुड्डा, प्रदीप बूरा,विक्की काजला सहित अनेक चर्चित कलाकारों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दिल्ली देहात की अनेक खाप पंचायतों के प्रधानों एवं प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी की। पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली के 360 गांवों ने एकजुट होकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## पत्नी की हत्या कर शव पंखे से लटकाया, गिरफ्तार

■ हत्या को आत्महत्या दर्शाना चाहता था
■ महिपालपुर इलाके में हुई वारदात

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। महिपालपुर में कहासुनी होने पर पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को रस्सी के सहारे पंखे से लटका दिया। मगर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा होने पर पुलिस ने पति को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी की पहचान अमित सहरावत के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार अमित सहरावत अपनी पत्नी कल्पना के साथ महिपालपुर के ब्लॉक में मकान संख्या 139 में रहता था। उसका एक 5 साल का बेटा भी है। अमित की शादी को करीब छह वर्ष हो चुके हैं। पुलिस को 6 मार्च को सूचना मिली कि महिपालपुर में फ्राइडे मार्केट के समीप एक महिला ने फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंचने पर पता चला शव कल्पना का था। अमित ने भी पुलिस को बताया कि पत्नी ने फांसी लगा ली है। 8 मार्च को पुलिस ने कल्पना के शव का पोस्टमार्टम कराया तो स्पष्ट हुआ कि उसको गला दबाकर मारा गया था। कल्पना के माता पिता के बयान लिए गए तो उन्होंने बताया कि पति पत्नी में अनबन रहती थी। परिजनों ने दहेज लिए प्रताड़ित करने का आरोप तो नहीं लगाया लेकिन बताया कि दंपति के बीच झगड़ा था। पुलिस ने केस दर्ज कर अमित से पूछताछ की तो उसने खुलासा किया कि गला दबाकर हत्या करने के बाद उसने ही कल्पना का शव रस्सी के सहारे फांसी पर लटका दिया था जिससे कि मामला आत्महत्या का लगे।

### वारदात वाले दिन पार्टी में पी थी शराब

डीसीपी साउथ वेस्ट सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पूछताछ में अमित ने खुलासा किया कि 5 मार्च को वह परिवार के साथ वसंत कुंज के मसूदपुर में एक शादी समारोह में गया था। वहां उसने शराब पी ली थी। समारोह स्थल पर ही पत्नी के साथ उसका झगड़ा भी हुआ था। नशा ज्यादा होने पर चचेरे भाई ने उसको घर छोड़ा था। उसकी पत्नी भी बाद में घर आ गई थी। घर पर एक बार फिर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। मारपीट के दौरान अमित ने गला दबाकर कल्पना की हत्या कर दी।

# बैसाखी मैराथन में फिटनेस व नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान आयोजित

■ कार्यक्रम में सभी आयु समूहों के तीन हजार से अधिक नागरिकों ने लिया भाग




हम अपने समाज की शारीरिक व मानसिक भलाई के लिए खुद को प्रतिबद्ध करते हैं, जो एकता और शक्ति की भावना को प्रतिध्वनित करता है, यह त्योहार उसी का प्रतीक है : डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व पंजाबी संगठन और सन फाउंडेशन ने डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी, सांसद, राज्यसभा के संरक्षण में नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में 'वैसाखी सुपरसिख 5के मैराथन' के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सभी आयु समूहों के 3000 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने 'नशे को न कहें और फिट इंडिया' थीम के साथ वैसाखी के जीवंत त्योहार को मनाया।

डॉ. साहनी ने कहा कि फिट इंडिया के संदेश को अपनाने में नागरिकों का इतना जबरदस्त उत्साह देखना बहुत आनंदवर्धक है। वैसाखी के पवित्र अवसर पर, हम अपने समाज की शारीरिक और मानसिक भलाई के लिए खुद को प्रतिबद्ध करते हैं, जो एकता और शक्ति की भावना को प्रतिध्वनित करता है । यह त्योहार उसी का प्रतीक है।

डॉ. साहनी ने इस बात पर जोर दिया कि यह मैराथन केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं और समाज को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का एक जनांदोलन है। आज के समय में, जब नशीले पदार्थों का सेवन युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। ऐसे हमें सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए। बच्चों को इस बाबाद सजग व शिक्षित करना और समाज को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना नशा मुक्त भारत बनाने का सबसे प्रभावी तरीका है। प्रतिभागियों के असाधारण प्रयासों को मान्यता देने के लिए, विभिन्न श्रेणियों के तहत कई प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार चंद्रपाल चौधरी को दिया गया और महिला वर्ग में भारती ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। डॉ. साहनी ने विजेताओं को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया और फिटनेस और नशे के खिलाफ सामाजिक जागरूकता के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। प्रत्येक बीतते वर्ष के साथ, वैसाखी सुपरसिख मैराथन सामुदायिक भावना, स्वास्थ्य और बेहतर कल के लिए एक सार्थक पहल के प्रतीक के रूप में विकसित हो रही है।

## 'जलसा-ए-पंजाब बैसाखी स्पेशल', सांस्कृतिक विरासत के जश्न का समापन



**नई दिल्ली।** जलसा-ए-पंजाब – बैसाखी स्पेशल, एक रंगारंग सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम, 12 अप्रैल 2025 को सफलतापूर्वक पहला दिन संपन्न हुआ। यह आयोजन दिल्ली हाट, जनकपुरी में आयोजित हुआ, जिसमें पंजाबी संस्कृति और विरासत का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में 10,000 से अधिक उत्साही दर्शकों की भागीदारी रही, जिनमें पंजाबी डायस्पोरा, स्थानीय निवासी, अंतरराष्ट्रीय मेहमान और उद्योग से जुड़े प्रभावशाली लोग शामिल थे। जलसा-ए-पंजाब केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक एहसास है, पंजाब की आत्मा और जज्बे का उत्सव। यह वह जगह थी जहां पंजाबी संस्कृति के रंग बिखरे, जहां ढोल की थाप दिलों में गूंज उठी, और हर पल परंपरा और एकता के नृत्य जैसा महसूस हुआ। यहां की खुशबू, जैसे गांव के रसोई की याद दिलाती रही, स्टैंडअप कॉमेडी की हंसी घर की सी लगती रही, और भांगड़ा की लय ने हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, यह एक जुड़ाव था—यादों का, आत्मीयता का और पंजाब की असली रूह का उत्सव। यहां का हर गीत, हर स्वाद, और हर मुस्कान यह याद दिलाते रहे कि वास्तव में जुड़ाव क्या होता है। यह पंजाब की कालातीत आत्मा को समर्पित एक रात थी, जो दिलों में हमेशा के लिए बस गई। इस आयोजन में पारंपरिक पंजाबी संगीत और आधुनिक प्रस्तुति का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध कलाकार *अशोक मस्ती, और हनीजीत सिंह, ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। लाइव परफॉर्मेंस, ओपन माइक सत्र, और आत्मा को छू लेने वाला संगीत—इन सभी ने एक ऐसा वातावरण रचा जिसमें हर ताल, हर सुर में पंजाब की जीवंत विरासत और उसकी भावना झलक रही थी। संगीत के साथ-साथ, यह कार्यक्रम एक संपूर्ण सांस्कृतिक अनुभव भी रहा। 'स्वाद पंजाब दा' और 'बाज़ार-ए-पंजाब' जैसे स्टॉल्स ने पारंपरिक कला रूपों जैसे फुलकारी कढ़ाई, मिट्टी के बर्तन, कैलीग्राफी और लकड़ी के हस्तशिल्प को प्रस्तुत किया। लाइव कुकिंग से परोसे गए व्यंजनों में बटर चिकन, सरसों का साग-मक्की की रोटी, अमृतसरी कुलचा, जलेबी, गुलाब जामुन और कुल्फी जैसे लाजवाब पंजाबी व्यंजन शामिल थे।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

वसुंधरा एवं इंदिरापुरम क्षेत्र के लाखों निवासियों को दिल्ली एवं अन्य क्षेत्रों से बेहतर कनेक्टिविटी देने के उद्देश्य से एलेवेटेड रोड के दोनों ओर स्लिप रोड्स के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किये जाने की योजना है। वसुंधरा में उतरने की सुविधा के साथ-साथ कानावनी क्षेत्र के पास से एलेवेटेड रोड पर चढ़ने की व्यवस्था भी प्रस्तावित है, जिससे स्थानीय नागरिकों को दिल्ली से आने व जाने के लिए सुगम और सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी : **अतुल वत्स, जीडीए उपाध्यक्ष।**

## आज शहर में रहेगी अंबेडकर जयंती की धूम, निगम ने किए पुख्ता इंतजाम

**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महापुरुषों की प्रतिमाओं को सूचित किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम

■ **86 पार्कों में महापुरुषों की प्रतिमाओं को किया गया सुसज्जित, उद्यान विभाग ने संभाली कमान**





सीमा अंतर्गत आने वाले 86 पार्कों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति तथा अन्य महापुरुषों की मूर्ति पर पेंटिंग का कार्य किया गया है। साथ ही पार्कों की रंगाई पुताई तथा सफाई का कार्य भी शुद्धता से किया गया है, ऐसी पार्क जहां आवश्यकता थी पेंटिंग और रंगाई पुताई की वहां पर रंगाई पुताई कराई गई है अन्य पार्कों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, पार्कों में मरम्मत का कार्य तथा मूर्ति स्थलों के मरम्मत का कार्य भी कराया गया है। डॉ. अनुज प्रभारी उद्यान ने बताया कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पार्कों को सुसज्जित करने का कार्य किया गया है ऐसे अंबेडकर पार्क जहां पर पेंटिंग की आवश्यकता थी पेंटिंग का कार्य कराया गया है इसके अलावा आवश्यकता को देखते हुए सभी स्थलों पर कार्य किया गया है तथा फूलमालाओं से भी पार्कों को सजाया गया है इसी क्रम में उद्यान विभाग के सुपरवाइजर तथा हेड मालियों की ड्यूटी भी लगाई गई है, पांचो जोन अंतर्गत पेयजल की व्यवस्था हेतु टैंकर प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट तथा मोबाइल शौचालय की आवश्यकता अनुसार व्यवस्था कराई गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह भव्य रूप से मनाई जा रहे हैं जिसमें गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ निर्माण विभाग भी व्यवस्था में जुटा हुआ है कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें उद्यान विभाग भी विशेष सहयोग कर रहा है, नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार अपर नगर आयुक्तों को मॉनिटरिंग प्रबल बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं जिसके क्रम में शहर के सभी पार्कों तथा कार्यक्रम स्थलों पर अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है जिसमें विशेष रूप से उद्यान विभाग टीम की ड्यूटी पार्कों पर लगाई गई है।


## राजनगर एलेवेटेड रोड को वसुंधरा, इंदिरापुरम व सिद्धार्थ विहार से जोड़ने की तैयारी

### जीडीए शीघ्र ही शुरू कराएगा फिजिबिलिटी स्टडी

**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। राजनगर एक्सटेंशन से दिल्ली बॉर्डर (यूपी गेट) तक बनी 10.3 किलोमीटर लंबी एलेवेटेड रोड को वसुंधरा, इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार जैसी प्रमुख आवासीय योजनाओं से जोड़ने की योजना पर तेजी से काम शुरू किया गया है। इसी कड़ी में आवास आयुक्त बलकार सिंह व जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने किया एलेवेटेड रोड से वसुंधरा तथा इंदिरापुरम की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया और प्रस्तावित योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।



■ **आवास आयुक्त व जीडीए उपाध्यक्ष ने किया एलेवेटेड रोड से वसुंधरा तथा इंदिरापुरम की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए निरीक्षण**




जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि वसुंधरा एवं इंदिरापुरम क्षेत्र के लाखों निवासियों को दिल्ली एवं अन्य क्षेत्रों से बेहतर कनेक्टिविटी देने के उद्देश्य से एलेवेटेड रोड के दोनों ओर स्लिप रोड्स के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किये जाने की योजना है। वसुंधरा में उतरने की सुविधा के साथ-साथ कानावनी क्षेत्र के पास से एलेवेटेड रोड पर चढ़ने की व्यवस्था भी प्रस्तावित है, जिससे स्थानीय नागरिकों को दिल्ली से आने व जाने के लिए सुगम और सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके साथ ही, सिद्धार्थ विहार योजना को एलेवेटेड रोड से जोड़ने के लिए हिंडन नदी पर एक नए पुल के निर्माण करते हुए जोड़े जाने पर भी आवास विकास द्वारा प्रस्ताव रखा गया है।

वत्स ने बताया कि फिलहाल वसुंधरा और इंदिरापुरम क्षेत्र से एलेवेटेड रोड पर चढ़ने-उतरने की सीमित सुविधा उपलब्ध है, जिससे लोगों को ट्रैफिक जाम और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ता है। साथ ही राजनगर एक्सटेंशन से दिल्ली जाते समय इंदिरापुरम एलेवटेड रोड से उतरने की ही व्यवस्था है परंतु इंदिरापुरम से एलेवटेड रोड पर चढ़ने की व्यस्था नहीं है। इन्ही सीमित व्यवस्थाओं को दूर करते हुए वसुंधरा और इंदिरापुरम को दिल्ली से सीधा जोड़ने के लिए वसुंधरा में उतरने की सुविधा के साथ-साथ कानावनि क्षेत्र के पास से एलेवेटेड रोड पर चढ़ने की व्यवस्था भी प्रस्तावित की जा रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों को दिल्ली से आने व जाने हेतु सुगम और सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। जीडीए ने इन दोनों प्रस्तावों की तकनीकी एवं व्यवहारिक संभावनाओं की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही इसकी फिज़िबिलिटी स्टडी कराते हुए डी पी आर तैयार कर कार्य कराया जायेगा जिस पर आने वाला व्यय आवास विकास परिषद से प्राप्त होगा।

अतुल वत्स ने निर्देशित किया है कि मुख्य अभियंता इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए आवास विकास से समन्वय स्थापित कर मूर्त रूप देने के लिए आवश्यक कार्रवाई करे। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता आलोक रंजन भी मौजूद थे।

## सार संक्षेप

### गहने और नकदी चोरी कर घरेलू सहायिका फरार

**नोएडा।** दस तोला सोना और नकदी लेकर घरेलू सहायिका फरार हो गई। वारदात के बाद उसने मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया। सेक्टर-113 थाने में दी शिकायत में सेक्टर-77 के सिविटैक सम्प्रीति सोसाइटी निवासी कमला उपाध्याय ने बताया कि उनके घर पर सपना कुमारी नाम की महिला बतौर घरेलू सहायिका काम करती थी। सपना सोरखा में गैर समुदाय के युवक के साथ किराये के मकान में रह रही थी। बीते माह 12 मार्च को शाम चार बजे के करीब सपना कमला के घर पर काम करने के लिए आई। शाम पांच बजे वह घर से निकली। इस दौरान वह करीब दस लाख रुपये के सोने के गहने और 40 हजार रुपए की नकदी समेटकर ले गई। पुलिस घरेलू सहायिका सपना और उसके साथ रह रहे नावेद नाम के युवक की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता ने घरेलू सहायिका का वेरिफिकेशन नहीं कराया था। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर घरेलू सहायिका तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दबोचा

**नोएडा।** नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर जे जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने रविवार को गढ़ी गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक को पुलिस कई दिनों से तलाश रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि छह फरवरी को एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी घर पर बिना किसी को बताए कहीं चली गई है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका है। प्रार्थनापत्र के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया और किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित कर दी गई। शिकायत दर्ज करने के कुछ ही दिन बाद किशोरी को पुलिस टीम ने सकुशल बरामद कर लिया। किशोरी से पूछताछ के दौरान कासगंज के पटियाली निवासी धनंजय चौहान का नाम प्रकाश में आया। धनंजय वर्तमान में चोटपुर कॉलोनी में किराये का कमरा लेकर रहा रहा था। यहीं पर उसकी मुलाकात किशोरी से हुई थी। कई दिन तक बातचीत करने के बाद वह उसे बहला फुसलाकर ले गया था। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### ट्रैवलर की टक्कर से छात्र घायल

**नोएडा।** लाइब्रेरी से पढ़कर लौट रहे छात्र को ट्रेवलर चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। युवक के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। सेक्टर-49 थाने में दी शिकायत में सेक्टर सौ स्थित सेंचुरी अपार्टमेंट निवासी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उनका भतीजा रवि रंजन शनिवार शाम को सात बजे बरौला स्थित नेशनल लाइब्रेरी में पढ़ने गया था। जब वह वहां से लौट रहता था तभी रास्ते में ट्रेवलर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए रवि को टक्कर मार दी। घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल छात्र को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## बैसाखी पर रोजवेल पब्लिक स्कूल में लगा आधार कार्ड व नेत्र जांच शिविर

**विधायक ने किया उद्घाटन**




**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। विजयनगर स्थित रोजवेल पब्लिक स्कूल पर बैसाखी के अवसर पर आधार कार्ड शिविर व मुफ्त नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसका शहर विधायक संजीव शर्मा ने रिबन काटकर उद्घाटन किया । विधायक संजीव शर्मा ने बैसाखी के पावन पर्व की बधाई देते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आयोजित जनहित के कार्य आधार कार्ड शिविर तथा नेत्र जांच शिविर जैसे पुनीत कार्य आयोजित करने की सराहना की। आधार कार्ड शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संदीप बंसल, संजय बिंदल, बालकिशन गुप्ता व पंडित अशोक भारतीय आदि ने क्षेत्र की जनता से ज्यादा से ज्यादा आधार कार्ड बनवाने एवं नेत्रों की जांच करने की अपील की। रोज बैल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर व महानगर अध्यक्ष अल्पसंक मोर्चा बलप्रीत सिंह एवं आदि ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देखकर पटका पहनाकर स्वागत किया।

आधार कार्ड शिविर में डाक विभाग की टीम ने अपने अधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया तथा श्रेया आई सेंटर के स्टाफ ने सभी की जांच की इस कैंप में 18 वर्ष की आयु तक के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा सभी उम्र के आधार कार्ड में सुधार में बदलाव किया गया प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चले इस कार्य में क्षेत्र की जनता ने बहुत लाभ उठाया।

इसमें 100 से ज्यादा आधार कार्ड बनाए गए तथा अपडेट किए गए तथा 200 से ज्यादा लोगों ने नेत्र की जांच कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के चैयरमेन सरदार जोगेंद्र सिंह बग्गू भी उपस्थित रहे।

## न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशन के बीच शुरू हुआ नमो भारत ट्रेन का ट्रायल रन

**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के संपूर्ण संचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार की रात्रि को न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशन के बीच ट्रायल रन शुरू कर दिए। रात को नमो भारत ट्रेन को धीमी रफ्तार में एनसीआरटीसी की टीम द्वारा डाउन लाइन पर न्यू अशोक नगर से सराय काले खां लाया गया।





एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इसलल्ल ट्रायल की प्रक्रिया में सिगनलिंग सिस्टम की अनुकूलता की जांच के लिए नमो भारत ट्रेन को मैन्युअल तरीके से चलाया गया। इसी कड़ी में जैसे-जैसे यह परीक्षण आगे बढ़ेगा एनसीआरटीसी ट्रैक, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) और ओवरहेड पावर सप्लाई सिस्टम जैसे विभिन्न सबसिस्टम के साथ ट्रेन के इंटीग्रेशन और इसके समन्वय का आकलन करने के लिए व्यापक मूल्यांकन करेगी। इसके साथ ही आगामी दिनों में ट्रेन के हाई-स्पीड टेस्ट सहित व्यापक ट्रायल रन किए जाएंगे।

ट्रायल प्रक्रिया के दौरान नमो भारत ट्रेन ने पहली बार यमुना को पार किया और आगे बढ़ते हुए बारपुला फ्लाईओवर व रिंग रोड के ऊपर से गुजरते हुए सराय काले खां स्टेशन में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है यमुना को पार करने के लिए एनसीआरटीसी ने कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए 32 पिलर्स पर लगभग 1.3 किमी लंबा पुल तैयार किया, जिसका लगभग 626 मीटर का हिस्सा यमुना पर है और शेष हिस्सा दोनों ओर खादर क्षेत्र में है। यह पुल यमुना नदी पर डीएनडी यमुना पुल के समानान्तर बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर सराय काले खां स्टेशन तक पहुंचने के लिए भारी ट्रैफिक वाले बारपुला फ्लाईओवर और इसके बराबर से गुजर रहे रिंग रोड के ऊपर वायडक्ट निर्माण करना भी एनसीआरटीसी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन एनसीआरटीसी ने इस हिस्से में भी निर्माण को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

न्यू अशोक नगर से सराय काले खां तक, इस सेक्शन की लंबाई लगभग साढ़े 4 किमी है। इस सेक्शन के संचालित होने पर यात्रियों के लिए सराय काले खां से मेरठ तक वातानुकूलित आरामदायक नमो भारत ट्रेन सेवा उपलब्ध हो जाएगी, जिससे यात्रियों के लिए मेरठ शहर तक निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। हाल ही में, सराय काले खां से न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन के बीच के खंड में ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) को चार्ज किया गया था।

## नोएडा में डियर पार्क के लिए केंद्र से मिली अनुमति, अफ्रीका से आएंगे हिरण

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रस्तावित डियर पार्क सनसेट सफारी को केंद्र सरकार से हरी झंडी मिल गई है। अब सिर्फ मंजूरी से सम्बंधित पत्र आना बाकी है। प्राधिकरण अब डिजाइन तैयार करवाने का काम शुरू करेगा। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करवाने के लिए नोएडा प्राधिकरण जल्द ही सलाहकार का चयन करेगा।

इसकी तैयारी शुरू हो गई है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए राज्य व केंद्र स्तर से मंजूरी की औपचारिकता पूरी कर ली गई है। अब आगे काम शुरू करवाने के लिए डीपीआर तैयार करवाई जानी है।

अधिकारियों ने बताया कि 30 एकड़ में मिनी जू की तर्ज पर इस डियर पार्क को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह शहर की पहली सनसेट सफरी होगी। इसमें रात करीब 10 बजे तक लोग स्पेक्ट्रम लाइट की रौशनी में हिरण व जलीय पक्षियों को देख सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्पेक्ट्रम लाइट में वहां पर मौजूद जानवरों को अंधेरा ही लगेगा। वहीं जो लोग सनसेट सफरी में पहुंचेंगे उनको स्पष्ट दिखाई देगा। इसमें 10 प्रजातियों के 132 हिरण लाए जाएंगे।

### नोएडा में अफ्रीका से लाए जाएंगे हिरण

नोएडा में 10 प्रजातियों के हिरण को लाया जाएगा। इसमें तीन प्रजाती अफ्रीका से एक्सपोर्ट की जाएंगी। इसक अलावा कानपुर, हैदराबाद और लखनऊ के चिड़ियाघर से यहां हिरण लाए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा, गाजियाबाद और आसपास में ऐसा डियर पार्क नहीं है। इसलिए यहां डियर पार्क बनाया जा रहा है। इसके लिए प्राणी विशेषज्ञों से बातचीत भी की गई है। ताकि विदेश से लाए जाने वाले हिरण के लिए यहां का पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

## गाजियाबाद पुलिस ने एक करोड़ रुपए के बरामद मोबाइल स्वामियों को सौंपे

**गाजियाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर जोन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी सात थानों व सर्विलांस/ स्वाट टीम द्वारा भिन्न-भिन्न कम्पनियों के बदमाशों के पास से बरामद किए गए कुल 425 मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सौंप दिये। इन मोबाइल फोन की कीमत लगभग एक करोड रुपए है। डीसीपी नगर राजेश कुमार ने रविवार को बताया कि सी ई आई आर (सेन्ट्रल इक्वीपमेंट आइडेंटीटी रजिस्ट्रर) पोर्टल पर नगर जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर मोबाइल चोरी, स्नैचिंग/लूट व मोबाइल खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए नगर जोन पुलिस टीम ने सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट की सहायता से भिन्न-भिन्न कम्पनियों के कुल 425 मोबाइल बरामद किए। सर्विलांस टीम द्वारा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। बरामद किए गए मोबाइल फोन को मोबाइल फोन के स्वामियों की पहचान कर प्रदान किये गये हैं।



### थानावार बरामद मोबाइल फोन


थाना कोतवाली नगर- 137, थाना विजयनगर -55, थाना सिहानीगेट- 64, थाना नंदग्राम - 63, थाना कविनगर -52, थाना मधुबन बापुधाम - 42, थाना साइबर क्राइम- 12, कुल योग - 425।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना फेस-1 पुलिस द्वारा सेक्टर-15ए के पीछे गंदे नाले को जाने वाली सड़क पर जांच की जा रही थी। तभी सेक्टर-16 की तरह से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दी। जिसे पुलिस टीम द्वारा जांच के लिए रूकने का इशारा किया गया। वह नही रूका और अपनी मोटरसाइकिल पीछे मोड़कर सेक्टर-15ए के पीछे से सेक्टर-16 की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर उपरोक्त व्यक्ति की मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई जिसपर उसके द्वारा अवैध तमंचा से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में उपरोक्त बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान राजू उर्फ रॉकी पुत्र मोहन सिंह निवासी प्रगति विहार, खोड़ा कॉलोनी, थाना खोड़ा, जिला गाजियाबाद के रूप में हुयी है। बदमाश के कब्जे से 02 मोबाइल फोन चोरी/लूट के, 01 चोरी की मोटरसाइकिल स्पलेण्डर एक अवैध तमंचा 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस बरामद हुए है। बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में थाना फेज-3 मुकदमा दर्ज है। बदमाश पर करीब 14 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। पुलिस इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई


**खोड़ा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। दीप पब्लिक स्कूल के समीप शनि मंदिर में बजरंग दल विहिप भाजपा व कई अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने हनुमानजी महाराज की पूजा अर्चना के उपरांत शोभा यात्रा निकाली गई। ग्यारह बजे के बाद लोगो का हुजूम उमड़ने लगा। देखते ही देखते मंदिर परिसर जनसैलाब में तब्दील हो गया। यात्रा के दौरान लोग बग्घियों ई रिक्शा टेंपो चार पहिया बाइक पर सवार होकर और हजारों की संख्या में लोग पैदल ही यात्रा में सम्मिलित होकर निकल पड़े। जय श्रीराम के नारों और डी जे पर बजने वाली धुन पर श्रद्धालु डांस करते हुए निकले। कॉलोनी में चारों तरफ भगवा ही भगवा दिखाई पड़ने लगा। लोगो के उत्साह और आराध्य के प्रति असीम श्रद्धा के आगे सूर्य भगवान की त्योरियां भी नतमस्तक होने लगी। शोभा यात्रा लोधी चौक पुश्ता एक आदर्श नगर से नूरानी मस्जिद के समीप पहुंचने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लड्डू मीठी लस्सी पानी पिलाने के उपरांत पुष्पवर्षा करके भव्य स्वागत किया। रविवार बाजार मंगल बाजार फेस तीन गोल्डन पैलेस कालू सीमेंट बृहस्पति बाजार



■ **जय श्रीराम के उदघोष से गूंजा शहर**

■ **भाजपा से जुड़े मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्पवर्षा करके भव्य स्वागत किया**

■ **दर्जनों स्थानों पर लोगो ने चौराहों छतों से पुष्पवर्षा करके जोरदार स्वागत किया**



श्रीराम चौक अटल चौक नर्सिंग होम आर एन हॉस्पिटल साहिल पब्लिक स्कूल पर पुष्पवर्षा करके शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बृहस्पतिबाजार में श्रीराम बिल्डर्स की ओर से यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं को मीठी लस्सी पिलाकर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के दौरान राम दरबार शिव परिवार काली माता हनुमान जी महाराज गणेश जी दुर्गाजी आर्टिफिशियल तोप के द्वारा पुष्पवर्षा आकर्षण का केंद्र रही। नेहरू गार्डेन स्थित गौशाला पर शोभा यात्रा का भंडारे के उपरांत समापन किया गया। थाना प्रभारी आनंद प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

शोभा यात्रा के दौरान पवनकुमार त्यागी, बलराज डूंगर, विकास कुमार मिश्र, पूनम गोयल, कविता चौधरी, नवीन कोठारी, भरत मावी, संजीत मिश्रा, उपेंद्र मिश्रा, जगदीश भटट, सभासद संजीव गिरी, बलबीर सिंह चौहान, विहिप वैशाली महानगर अध्यक्ष डॉक्टर ब्रह्म कुमार गुप्ता, राजेंद्र द्विवेदी, अमितपाल, अनुपम सिंह, गजेंद्र सिंह नेगी, होतीलाल सिंह चौहान, अनमोल गुप्ता, दीवान सिंह, लटवाल, डॉक्टर आर एन सिंह, डॉक्टर सतीश गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता, हरेंद्र चौधरी, रजनीश झा, सभासद रजनीश सिंह घनश्याम तिवारी अजेश शर्मा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## स्पेशल सर्विस देने के नाम पर ब्लैकमेल कर एक्सटॉर्शन मनी वसूलने वाले गैंग का पर्दाफाश

**नोएडा,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। बॉडी मसाज और अतिरिक्त चार्ज में स्पेशल सर्विस देने के नाम पर लड़की के साथ फोटो खींचकर डरा धमकाकर ब्लैकमेल कर एक्सटॉर्शन मनी वसूलने वाले गैंग का फेज तीन थाने की पुलिस ने रविवार को पर्दाफाश किया। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में शामिल एक महिला फरार है। उसकी तलाश में एक टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल बरामद हुए हैं। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बीते दिनों दो पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि बॉडी मसाज के नाम पर उनके साथ फर्जीवाड़ा हुआ है। मसाज देने वाली युवती के साथ चुपके से आपत्तिजनक फोटो खिंची गई और इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रकम की मांग की जा रही है। मामला संज्ञान में आते ही फेज तीन थाना प्रभारी की अगुवाई में एक टीम गठित की गई। टीम ने रविवार को आगरा निवासी शिवम शर्मा और रोहित कुमार व हरियाणा निवासी राजन उर्फ राजू को दबोच लिया। तीनों आरोपियों ने ऑनलाइन जस्ट डॉयल ऐप पर रॉयल मसाज थेरेपी के नाम से लिस्टिंग किया था। पता सेक्टर-70 का दिया गया था। मसाज की बुकिंग मिलते ही आरोपी ग्राहक के बताए लोकेशन पर लड़की को भेज देते थे। शिवम और रोहित कॉलिंग का काम करते थे



■ **गिरोह के तीन सदस्यों की हुई गिरफ्तारी, महिला फरार**

■ **आरोपियों के पास से पांच मोबाइल बरामद**

जबकि राजन उर्फ राजू टैक्सी चलाता था। मसाज के लिए लड़की बुक होने पर शिवम व रोहित कॉलर को कॉल बैक कर अच्छी सुविधा व मसाज कराने का वादा करते थे। राजन बुक की गयी लड़की को ग्राहक तक ले जाया करता था। जहां गैंग द्वारा लड़की के साथ फोटो खींचकर ग्राहक को डरा धमकाकर एक्सटॉर्शन वसूली ऑनलाईन ले लेते है। यह गैंग एक साल से ऑपरेट कर रहा था। इनके पास से एक्सटॉर्शन वसूली के लिए इस्तेमाल होने वाला पांच मोबाइल बरामद किया गया है। कोई भी पीड़ित पुलिस तक न जाए इस वजह से आरोपी मोटी रकम नहीं वसूलते थे। ब्लैकमेल कर आरोपी पीड़ित से 15 से 20 हजार की वसूली करते थे और उसके बाद नंबर बदल लेते थे।

उवाच "

टाउनशिप में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की 24 घंटे निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। टाउनशिप में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। कंपनी का चयन कर इस परियोजना पर जल्द काम शुरू कर दिया जाएगा : **प्रेरणा सिंह, एसीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**



# एयरपोर्ट के दो रनवे व विमान के इंजन बनाने की कंपनी लगाने का रास्ता साफ

- **जेवर एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर तीसरे और चौथे चरण में जमीन अधिग्रहण की अधिसूचना जारी**
- **14 गांवों की 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण, इन गांवों में जमीन की खरीद फरोख्त पर लगी रोक**



**ग्रेटर नोएडा,**13 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर शासन से तीसरे और चौथे चरण में जमीन अधिग्रहण को धारा-11 की अधिसूचित जारी कर दी है। इससे अब तीसरे और चौथे चरण में बनने वाले दो रनवे और विमान के इंजन बनाने वाली कंपनियों के लगाने का रास्ता साफ हो गया है। अधिसूचित जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने इन 14 गांवों में जमीन की फरोख्त पर रोक लगा दी है। अधिग्रहण से प्रभावित 8,424 परिवरों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थपान के लिए एसडीएम को जेवर को प्रशासन नियुक्त कर दिया गया है।

एयरपोर्ट के तीसरे और चौथे चरण में कुल 2053 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इनमें से 14 गांव की 1888.98 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा, शेष भूमि प्रशासन के पास पहले से है। भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों से सहमति मांगी गई थी। अब 70 प्रतिशत से ज्यादा किसान जमीन देने के तैयार हो गए। जिस पर जिला प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया। शासन ने जमीन अधिग्रहण की पहली प्रक्रिया धारा-11 की अधिसूचित जारी कर दी है। अधिसूचित जारी होने के बाद अब इन गांवों में जमीन की खरीद फरोख्त नहीं की जा सकती है। इन गांवों में 18 वर्ष से कम उम्र के 10847 बच्चे, 16343 पुरुष और 15243 महिलाएं शामिल है। वहीं, अधिग्रहण से प्रभावित करीब 936 परिवार विस्थापित होंगे। इनमें 7977 पुरुष और 1385 महिलाएं शामिल हैं। इस जमीन पर दो रनवे और 750 एकड़ में विमानों के इंजन बनाने वाली कंपनी स्थापित होगी। इसके अलावा एयरपोर्ट पर क्रॉसिंग और सर्विस रनवे भी बनाए जाएंगे, जिनसे चलकर विमान हैंगर तक पहुंचेंगे।

**दूसरे चरण में यह काम होंगे**

दूसरे चरण की 1365 हेक्टेयर जमीन में 490 एकड़ में एक रनवे बनेगा, सर्विस रनवे बनेगा और करीब 800 एकड़ में एविएशन इंडस्ट्री लगाई जाएगी। वर्ष 2025 तक देश में 1800 विमानों की संख्या होने का अनुमान हैं, जबकि वर्तमान में 700 विमान हैं। उसी हिसाब से एमआरओ हब का विकास किया जाना है।

**कुल पांच रनवे बनाए जाएंगे**

एयरपोर्ट पर कुल पांच रनवे बनेंगे। इनमें प्रथम चरण में 1334 हेक्टेयर में एक रनवे बन रहा। वहीं, दूसरे चरण में दो और तीसरे व चौथे चरण में भी भी दो रनवे बनेंगे। प्रत्येक रनवे के बीच डेढ़ किलोमीटर तक दूरी रहेगी, ताकि सभी स्वतंत्र होकर कार्य कर सके। इससे कम दूरी होने पर रनवे से फ्लाइट को टेकऑफ और लैंडिंग में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## जमीन अधिग्रहण में खर्च होंगे साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए

- **तीनों प्राधिकरणों को प्रशासन जारी करेगा डिमांड पत्र**
- **ग्रेनो और यमुना अदा करेंगे 12.5 फीसदी और नोएडा देगा 37.5 फीसदी**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तीसरे और चौथे चरण में मुआवजा में साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए का वितरण किया जाएगा। कैबिनेट से नई दरों पर मुहर लगने के बाद नए वित्तीय वर्ष से मुआवजे का वितरण शुरू किया जाएगा। इसमें एयरपोर्ट के सभी स्टेक होल्डर्स को प्रशासन की ओर से मांग पत्र भेजेगा।

प्रशासन के आकलन के अनुसार 14 गांवों के साढ़े 14 हजार किसानों को 86 अरब 91 करोड़ 19 लाख 532 रुपए का मुआवजा वितरण किया जाएगा। इसमें तय मानक के अनुसार शासन और नोएडा प्राधिकरण को अलग अलग 37.5 फीसदी की हिस्सेदारी देनी है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा 12.25-12.25 फीसदी अदा करेगा। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसम्बर 2024 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तीसरे चरण के लिए जमीन देने वाले किसानों का मुआवजा 38 फीसदी तक बढ़ाया था। किसानों के साथ संवाद में सीएम ने मुआवजा 3100 रुपए प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 4300 रुपये वर्गमीटर तक करने का ऐलान किया था। मुआवजे की नई कीमतें तय होने के बाद अब प्राधिकरण पर करीब तीन हजार करोड़ रुपए का बोझ बढ़ गया है। इसके साथ ही नोएडा एयरपोर्ट के व्यावसायिक संचालन से पहले ही यमुना सिटी में ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक से लेकर औद्योगिक और अन्य गतिविधियों के लिए जमीन की मांग बढ़ी है। सबसे अहम बात यह है कि अमेरिका की एक बड़ी कंपनी ने अमेरिकन सिटी की परिकल्पना के साथ 100 एकड़ जमीन के लिए 32 करोड़ प्राधिकरण को दे दिया है। जमीन की बढ़ती मांग और मुआवजे के बोझ से बचने के लिए तीनों प्राधिकरण अब जमीन की बढ़ी कीमतों से भरपाई करेंगे।

# जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा तक शुरू होगी बस सेवा



- **यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बस संचालन के लिए नए रूटों का निर्धारण**
- **बोटेनिकल गार्डेन और यीडा कार्यालय से कुलेसरा, भंगेल तक होगा बस संचालन**
- **यूपी सड़क परिवहन विभाग करेगा यात्रियों की सुविधा के लिए बस संचालन**

**ग्रेटर नोएडा,**13 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए नई बस सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह कदम जेवर हवाई अड्डे और ग्रेटर नोएडा के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी गति प्रदान करेगा। इसके साथ ही यीडा क्षेत्र में दो अन्य नए बस रूटों का भी निर्धारण हुआ है।

**जेवर हवाई अड्डे से परी चौक के लिए बस संचालन होगा शुरू**

सीएम योगी के मार्गदर्शन में यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में राज्य सड़क परिवहन विभाग ने तीन नये बस रूटों का निर्धारण किया है। जिनमें से सबसे प्रमुख जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा के परी चौक को जोड़ने वाला रूट है।

42 किलोमीटर लंबे इस बस रूट का लाभ विशेष तौर पर क्षेत्र के स्थानीय लोगों के साथ जेवर हवाई अड्डे से आने वाले यात्रियों को ग्रेटर नोएडा से कनेक्ट करने के लिए मिलेगा। हालांकि जेवर हवाई अड्डे से परी चौक की कनेक्टिविटी के लिए वर्ष 2023 से एक बस सेवा चल रही है।

**यीडा कार्यालय से लेकर भंगेल तक होगा बस का संचालन**

यूपी सड़क परिवहन विभाग ने इसके अतिरिक्त यीडा क्षेत्र में दो और नये बस रूटों का भी निर्धारण किया है। जिनमें से एक बोटैनिकल गार्डेन से नोएडा के सेक्टर 20, 21 होते हुए कुलेसरा और भंगेल तक बस सेवा प्रदान करेगा।

दूसरा बस रूट यीडा के क्षेत्रीय कार्यालय से दनकौर गोलचक्कर और सेक्टर-17 होते हुए भंगेल तक 51 किलोमीटर लंबा है। इन रूटों पर बस संचालन का लाभ रबूपुरा, नोएडा के सेक्टर 17, 20, 21 और सेक्टर 26 के रहवासियों के साथ गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों, परी चौक एवं जिलाधिकारी कार्यालय, जगत फार्म और सूरजपुर, कुलेसरा, भंगेल गांव के रहने वालों को मिलेगा।

**बसों का संचालन यीडा क्षेत्र के विकास में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका**

यीडा क्षेत्र में तेजी से औद्योगिक इकाइयों और आवासीय परियोजनाओं का विकास हो रहा है, जिसके कारण सार्वजनिक परिवहन की मांग बढ़ी है। इस दिशा में सीएम योगी के निर्देश पर जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा, परी चौक तक बस सेवा शुरू होने जा रही है। भविष्य में, दिल्ली से जेवर हवाई अड्डे तक इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने की भी योजना है। इसके साथ ही दो अन्य बस रूट क्षेत्र के लोगों को परिवहन की अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगा। यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं का विस्तार एक दूरदर्शी कदम है, जो क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# ग्रेनो की टाउनशिप में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने की तैयारी शुरू

**ग्रेटर नोएडा,**13 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) के तहत ग्रेटर नोएडा में विकसित की जा रही स्मार्ट इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको स्थापित व संचालित करने से संबंधित निविदा जारी कर दी गई है। इच्छुक कंपनियां सात मई तक प्रस्ताव जमा कर सकती हैं। इस परियोजना पर 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रथम चरण में 140 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (सीसीसी) की मदद से ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था के साथ जलापूर्ति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, बिजली, स्ट्रीट लाइट, सीवेज सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की निगरानी हाईटेक तरीके से की जाएगी। प्राधिकरण क्षेत्र में 750 एकड़ में विकसित की जा रही टाउनशिप में सभी जरूरी सुविधाएं एक ही परिसर में मिलेंगी। यहां अब तक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की 19 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। इनमें से हायर इलेक्ट्रॉनिक्स सहित चार कंपनियों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। वहीं ग्रुप हाउसिंग और व्यावसायिक भूखंडों की योजना लॉन्च करने की तैयारी चल रही है। योजना के मुताबिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की मदद से सभी आवश्यक सेवाओं को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा।




टाउनशिप में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की 24 घंटे निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। टाउनशिप में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। कंपनी का चयन कर इस परियोजना पर जल्द काम शुरू कर दिया जाएगाः
**प्रेरणा सिंह,** एसीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।

अधिकारी के मुताबिक इन व्यवस्थाओं को फाइबर-टू-द-एक्स (एफटीटीएक्स) नेटवर्क के माध्यम से जोड़ा जाएगा।

- **कंपनी के चयन के लिए निविदा जारी, 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे**
- **इच्छुक कंपनियां 7 मई तक जमा कर सकती हैं अपना प्रस्ताव**
- **ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की निगरानी हाईटेक तरीके से की जाएगी**

**उच्च क्षमता के 140 कैमरे लगाए जाएंगे**


टाउनशिप में उच्च क्षमता के 140 सीसीटीवी और एएनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे, जो वाहनों की आवाजाही पर नजर रखने के साथ ब्लैक लिस्टेड लाइसेंस प्लेट का पता लगाने और वास्तविक समय में अधिकारियों को सतर्क करने में मदद करेंगे। कोई भी अप्रिय घटना होने या मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्या उत्पन्न होने पर कंट्रोल सेंटर को तुरंत सूचना मिल जाएगी। इससे समय रहते समस्या के समाधान में मदद मिलेगी।

**ये सुविधा भी होगी**

वायु गुणवत्ता, तापमान, आर्द्रता, वर्षा और हवा की गति को ट्रैक करने के लिए भी कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्यावरण सेंसर लगाए जाएंगे। इन सेंसर से मिलने वाली चेतावनी अधिकारियों को पर्यावरण या बुनियादी ढांचे से संबंधित चिंताओं पर सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया करने में मदद करेंगे।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर ट्रक व कार की भिडंत में डेंटल कॉलेज के एचआर मैनेजर की दर्दनाक मौत

**जेवर,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे पर इतवार तड़के ट्रक व कार की भिडंत में कौशाम्बी गाजियाबाद के रहने वाले एक डेंटल कॉलेज के एचआर मैनेजर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सपुर्द कर दिया। हादसे के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार व ट्रक को एक्सप्रेस वे हटवाकर यातायात सामान्य किया। पीड़ित स्वजनों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि इतवार सुबह को यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे की शिकायत पर टोल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तथा एक्सप्रेस वे की टीम के साथ मिलकर एक व्यक्ति को कार से निकालकर एम्बूलेंस की सहायता से कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर



चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की पहचान नॉलेज पार्क 3 स्थित एक डेटल कॉलेज के एचआर मैनेजर रोहितराज के रूप में हुई। पुलिस ने स्वजनों को घटना की जानकारी दी। स्वजनों के पहुचने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजनों को सुपर्द कर दिया। नोएडा के रहने वाले ऋषिराज ने बताया कि उसका मौसेरा भाई रोहितराज 41 नॉलेजपार्क 3 स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में एचआर मैनेजर के पद पर कार्यरत था। उसने डेढ महीने पहले ही कॉलेज में नियुक्ति ली थी तथा कॉलेज में बने स्टाफ क्वार्टर में अपनी पत्नी व छह वर्षीय बेटे युवान के साथ रहता था। शनिवार शाम घर में दूध देने के बाद घर से बाहर निकला था। उसके बाद स्वजनों को कोई जानकारी नहीं है कि वह कैसे यमुना एक्सप्रेस वे पर जेवर पहुच गया।

# डीएमआईसी से प्रभावित किसानों ने की पंचायत, नहीं करने दिया जाएगा सर्वे



**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यालय पल्ला गांव में सभी ग्रामवासियों ने पंचायत का आयोजन किया। अध्यक्ष रोबिन भाटी ने पंचायत का संचालन किया। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर कहा कि जब तक सभी ग्रामवासियों के आबादी के पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के बारे में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती है तब तक किसी भी अधिकारी को गांव में न ही सर्वे करने दिया जाएगा न ही घुसने दिया जाएगा। डीएमआईसी की बाउंड्री वाल को गांव की सीमा में किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। सभी ग्रामवासियों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि गांव के खेतों को प्राधिकरण द्वारा बहुत ही कम कीमत पर खरीदा गया है और किसानों को नए भूमि अधिग्रहण बिल के सभी लाभों से वंचित कर दिया हैं। अनेको बार आंदोलन करने के बाद भी प्राधिकरण ने केवल आश्वासन दिया है। अब प्राधिकरण की नजर गांव की आबादियों पर है। अतः प्राधिकरण के दमनकारी कदम के बावजूद किसान अपनी जायज मांगो के लिए संघर्षरत है। इस अवसर पर वीर सिंह प्रधान, रामपत, महकार भाटी, कवर भाटी, अजब सिंह, बिरम भाटी, इन्दर प्रधान, राजेश भाटी, दीपक भाटी, राजन, विकास, उधम भाटी, विनोद मास्टर व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पूर्व के कार्यालयों व स्मारकों में चला सफाई अभियान



- **जिले में धूमधाम से मनाई जाएगी भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती**

**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत रत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती 14 अप्रैल को जनपद में धूमधाम से मनाने को लेकर उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में रविवार को मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र की नेतृत्व में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जनपद की तीनों तहसीलों में साफ-सफाई अभियान संचालित किया गया। जिलाधिकारी के नेतृत्व में सोमवार 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती के अवसर पर जनपद के समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों को धूमधाम से आयोजित करते हुए बाबा साहब के जीवन परिचय पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इस कड़ी में मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन में सभी कार्यालयों एवं परिसर में साफ-सफाई अभियान संचालित कराते हुए चूने का छिड़काव कराया व परिसर की सफाई में अपना श्रमदान भी किया। विकास भवन में साफ-सफाई अभियान के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ग्राम पंचायत प्यावली एवं ग्राम जारचा के स्कूल में पहुंचे, जहां पर उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा एवं परिसर की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया।

तहसील जेवर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन के नेतृत्व में संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय, परिसरों एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा व परिसर की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया। तहसील दादरी में सिटी मजिस्ट्रेट नोएडा के नेतृत्व में संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय, परिसर एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा व परिसर की साफ-सफाई अभियान में अपना योगदान दिया। आयोजित साफ-सफाई अभियान में संबंधित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं जनसामान्य द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

# यमुना एक्सप्रेस वे को पैदल पार कर रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

**दनकौर,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन के टक्कर से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव कब्जे में ले लिया। लेकिन परिवार के लोगों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके बाद शव को उनको सौंप दिया गया है। बुलंदशहर के धनोरा गांव निवासी राजकुमार (40) अपने एक साथी के साथ शनिवार की देर रात बाइक पर सवार होकर ग्रेटर नोएडा की तरफ से यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते रबूपुरा की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि दनकौर कोतवाली क्षेत्र में चपरगढ़ के पास अचानक उनकी बाइक में पंक्चर हो गया। पुलिस के मुताबिक, राजकुमार का साथी बाइक को लेकर एक्सप्रेस वे से नीचे पहुंच गए थे। जबकि राजकुमार एक्सप्रेस वे को पैदल क्रॉस करके नीचे की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनको जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि घटनास्थल पर ही राजकुमार की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया है। जिसके चलते इसमें कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# ठाकुर द्वारा मंदिर में श्री अक्रूर जयंती समारोह का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल(देशबन्धु)। श्री वार्ष्णेय समाज ट्रस्ट द्वारा ग्रेटर नोएडा में प्रथम बार श्री अक्रूर जयंती का आयोजन ठाकुरद्वारा मंदिर बीटा 2 में बड़े धूमधाम से किया गया। सुबह हवन से प्रारंभ कर, दोपहर में भजन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राधा-कृष्ण की सुंदर झाकियों और मनमोहक रास नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में संस्कार उपवन के संस्थापाक एवं कथावाचक नवनीत प्रियदास, प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म अभिनेता व प्रोड्यूसर नीरज गुप्ता मुख्य अतिथि तथा गोस्वामी सुशील महाराज विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शरद वार्ष्णेय ने तथा मंच संचालन चंचल हाथरसी और सचिव पवन गुप्ता ने किया। इस दौरान उद्बोधन में कथावाचक नवनीत प्रियदास ने सभी को अपने बच्चों को संस्कारित बनाने तथा अपनी सनातन संस्कृति के बारे में जानने के लिए अनुरोध किया। सुशील महाराज ने बताया कि योगीराज कृष्ण ने सबसे पहले वार्ष्णेय कुलप्रवर्तक अक्रूर जी महाराज को अपने चतुर्भुज रूप में दर्शन दिए थे। जयंती में मुकेश वार्ष्णेय, संजीव गुप्ता, रीना, रुचि गुप्ता, कविता, डी के गुप्ता, दीपेश गुप्ता, ललित गुप्ता, पी सी गुप्ता, पवन वार्ष्णेय, शुभम, अजय गुप्ता, विजयदीप, लालता प्रसाद, भरत गुप्ता, अवधेश गुप्ता, प्रो विवेक कुमार, शैलेश वार्ष्णेय, हिमानी, संदीप वार्ष्णेय, अमिता वार्ष्णेय, हर्ष गुप्ता, ज्ञान चंद वार्ष्णेय, नीलेश गुप्ता, एल बी गुप्ता, वंदना, अंजली वार्ष्णेय, भुवनेश आदि परिवार सहित उपस्थित रहे।



# भागवत कथा में श्रीमद्भागत कथा के महात्म्य की हुई व्याख्या

**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में रामलीला मैदान ऐच्छर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास साध्वी आस्था भारती ने श्रीमद्भागवत के महात्म की व्याख्या करते हुए बताया कि भारत भूमि महान योगियों-तपस्वियों की साधना स्थली रहा है। भागवत जी की कृपा से ही समग्र विश्व को संस्कारवान बनने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर जी.पी.गोस्वामी, सौरभ अग्रवाल, रमेश रावत, बी.के.पाण्डेय, राहुल नम्बरदार, राजू भाटी, पं. राकेश पाण्डेय, सुरेंद्र तोमर, गौरव उपाध्याय सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजनों ने कथा का श्रवण किया।



# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 14 अप्रैल 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## आगरा में उड़ीं संविधान की धज्जियां

शनिवार को उत्तर प्रदेश के आगरा के गढ़ीरामी गांव में राणा सांगा की जयंती के अवसर पर जिस तरह से क्षत्रिय करणी सेना ने 'रक्त स्वाभिमान सम्मेलन' का आयोजन किया वह शक्ति प्रदर्शन तो था ही, उससे बढ़कर वह संविधान की धज्जियां उड़ाने वाला कार्यक्रम साबित हुआ। क्षत्रिय समुदाय के देश भर से लोग यहां एकत्र हुए थे। इसमें एक ओर तो सीधे-सीधे हथियारों का जंगी प्रदर्शन किया गया, वहीं दूसरी तरफ़ मारने-काटने की सरेआम बातें हुईं। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ वक्ताओं ने गुस्सा तो उतारा ही, उन्हें मार डालने की खुली धमकियां दी गयीं जबकि वहां पुलिस की बड़े पैमाने पर तैनाती थी। किसी अनहोनी की आशंका में प्रशासन ने भारी सुरक्षा व्यवस्था की थी। याद हो कि पिछले दिनों सुमन ने संसद मे एक बयान में राणा सांगा को यह कहकर 'गद्दार' करार दिया था कि बाबर को भारत में वे ही बुलाकर लाये थे। इसे लेकर क्षत्रियों में गहरी नाराज़गी है। करणी सेना के कुछ लोगों ने तो सुमन की जुबान काट लेने वाले के लिये पुरस्कार तक घोषित किया था। यदि उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी होती तो यह नौबत न आती।

सम्मेलन में देश भर से पहुंचे क्षत्रिय समुदाय के लोग तलवारें लहराते दिखे और मंच पर से उन्होंने बहुत आक्रामक भाषण दिये। इन भाषणों में आए लोगों ने रामजी लाल सुमन के खिलाफ नाराजगी जताई। एक व्यक्ति ने मंच से खुले आम कहा: 'जो राणा सांगा के खिलाफ बात करेगा, उसे 'अपने हिसाब से दंड' दिया जाएगा।' संयुक्त करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने धमकी दी कि रामजी लाल सुमन की उनके घर में घुसकर हड्डी तोड़ी जायेगी। उन्होंने साफ कहा कि, 'कभी तो उनकी सुरक्षा में चूक होगी, तब उनकी कुटाई होगी। संविधान का डर नहीं, कुटाई से डराया जा सकता है।' चम्बल की बैंडिट क्वीन फूलन देवी की हत्या में दोषी पाये गये शेर सिंह राणा भी कार्यक्रम में आए थे। उन्होंने मांग की कि सुमन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की धाराएं लगाई जायें। उन्होंने सांसद की सदस्यता रद्द कर उन्हें जेल भेजने की भी मांग की। पूर्व राजपूत करणी सेना अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी, जिनकी पिछले दिनों उनके घर में घुसकर हत्या कर दी गयी थी, की पत्नी शीला भी मंच पर थीं। उन्होंने कहा- 'हमें गर्व है कि हम राणा सांगा के वंशज हैं। कोई गद्दार हमारे भगवान पर सवाल उठाता है, तो उसे देश में रहने का अधिकार नहीं है।' करणी सेना के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने तो और एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि अब माफी से भी काम नहीं चलने वाला। करणी सेना के कार्यकर्ता कुछ भी कर सकते हैं।

वैसे भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक धर्मपाल सिंह चौहान ने कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजकों से ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि करणी सेना की मांगों को वे सरकार तक पहुंचायेंगे। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात करणी सेना के लोगों हाईवे को अवरूद्ध कर दिया था। वे सुमन के निवास की ओर जाना चाहते थे। उनके इस प्रयास को पुलिस ने विफल कर दिया। कई जगह करणी सेना के लोगों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की के नज़ारे देखने को मिले।

हजारों की संख्या में हथियारों से लैस राजपूतों के इस सम्मेलन ने बता दिया कि देश की कानून-व्यवस्था किस खतरनाक स्थिति में पहुंच गयी है और सत्ता से नज़दीकियां किसी भी एक समूह को किस हद तक उच्छृंखल बना देती है। सभा स्थल को देखने से साफ था कि आयोजकों एवं उसमें शामिल लोगों के लिये न तो कानून के प्रति कोई सम्मान रह गया है, न ही प्रशासन का डर। यह (दु)साहस तभी सम्भव है जब किसी को सत्ता की शह और संरक्षण दोनों ही हो। करणी सेना का इतिहास देखें तो वह अक्सर इसी तरह से कानून को ललकारती या उसे हाथ में लेती है। याद हो कि वर्ष 2017 में 'पद्मावत' नामक फिल्म आई थी, तो राजपूतों के अपमान के नाम पर करणी सेना ने देश भर में सिनेमागृहों के बाहर और भीतर तोड़-फोड़ व आगजनी की थी। उसके निर्देशक एवं कलाकारों को तक धमकियां दी गयी थीं। करणी सेना ने आरोप लगाया था कि राजपूतों के सम्मान को कम करने के लिये यह फिल्म बनाई गई है। निर्देशक संजय लीला भंसाली को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने मारा भी था।

करणी सेना का आगरा सम्मेलन बतलाता है कि किस कदर देश को लगातार हिंसक और एक-दूसरे के प्रति नफरत के माहौल में ढाल दिया गया है। रामनवमी से लेकर र हनुमान जयंती पर निकलने वाले जुलूस यदि एक ओर मस्जिदों-मजारों के सामने हुड़दंग कर साम्प्रदायिक आधार पर बंटवारा कर रहे हैं, तो करणी सेना जैसे संगठनों के आयोजन जातीय संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, उनके तथा केन्द्र की सरकार के संयुक्त प्रश्रय से ऐसे संगठनों के हौसले बुलन्द हैं। करणी सेना को भाजपा का समर्थक माना जाता है। भाजपा भी ऐसे तत्वों को संतुष्ट कर अपना राजनीतिक मकसद पूरा करती है। उत्तर प्रदेश की सरकार तो ध्रुवीकरण के इस खेल में माहिर है ही, सो वह इस सम्मेलन में दिये गये मार-काट के भाषणों को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने की बजाय मौन धारण किये हुए इसलिये बैठी है क्योंकि सुमन सबसे बड़े विरोधी दल के सांसद हैं। उनके खिलाफ बनते माहौल से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का खुश होना स्वाभाविक है। ऐसी कोई उम्मीद नहीं की जानी चाहिये कि प्रशासन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

# क्या मायावती अम्बेडकर के रास्ते पर हैं ? जयंती पर उठे सवाल

14 अप्रैल सोमवार को जब अम्बेडकर जयंती मन रही होगी और मायावती भी उन्हें याद करते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी को कोस रही होंगी तो पार्टी के लोगों को उनसे पूछना चाहिए कि डा. अम्बेडकर कभी संघ जनसंघ में क्यों नहीं रहे ? और क्या यह सही नहीं है कि कांग्रेस ने उनको सम्मानपूर्वक संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया ? और आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता के साथ क्या खुद डाक्टर अम्बेडकर ने यह नहीं कहा कि समिति में मुझसे ज्यादा योग्य लोग थे ?

मायावती की पूरी राजनीति डा. अम्बेडकर के नाम पर है। लेकिन क्या उनके विचारों के हिसाब से जरा सा भी वे प्रतिगामी ताकतों से लड़ पा रही हैं ? या दलितों के उद्धार के लिए बाबा साहब अम्बेडकर जिन ताकतों से जीवन भर संघर्ष करते रहे क्या वे उन्हीं दक्षिणपंथी ताकतों को मजबूत नहीं कर रही हैं ?

सवाल बहुत सारे हैं। और अम्बेडकर जयंती वह समय है जब मायवती से यह सवाल पूछे जाना चाहिए। उनकी चुप्पी या सही जवाब से बचने के लिए राहुल गांधी पर सवाल उछाल देने से कुछ नहीं होगा।

शनिवार को आगरा में जिस तरह दलितों को गालियां दी गईं, तलवारें दिखाई गईं, बंदूकें उठाई गईं वह उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था के खतम हो जाने की तो एक मिसाल है। मगर दलितों के आत्मसम्मान को तोड़ने और उन्हें वापस उसी युग में पहुंचाने की कोशिश भी है जहां से बाबा साहब अम्बेडकर उन्हें बहुत मुश्किल से निकाल कर लाए हैं। संविधान देकर। वहीं संविधान जिसका प्रारूप (लिखने, ड्राफ्टिंग) बनाने के लिए कांग्रेस ने उन्हें इसका अध्यक्ष बनाया था।

समय बहुत खराब आ गया है। लोग सोचते रहे कि यह केवल मुस्लिम के खिलाफ हैं। मगर वह उन सबके खिलाफ हैं जो उन्हें वापस मनुवादी व्यवस्था में जाने से रोक रहा है। और यहां यह सबसे मजेदार बात है कि मुस्लिम को डायरेक्ट मनुवाद से कोई मतलब नहीं है। उस पर न लागू होता है और न वह किसी तरह प्रभावित।

मतलब जो भाजपा संघ का असली उद्देश्य है मुस्लिम उसके बीच में एक बहाना भर है। मुस्लिम इसलिए कि उसका नाम लेकर डर दिखाकर दलित पिछड़े आदिवासी के वोट लेना और चार सौ पार होते ही संविधान बदल देना। आरक्षण खतम कर देना।

सामाजिक न्याय को यह भारतीय नहीं है कहकर खारिज कर देना। वर्ण व्यवस्था लागू कर देना। 2024 के चुनाव से पहले कहा ही था। भाजपा के लोगों ने ही कि चार सौ से ज्यादा सीटें संविधान बदलने के लिए चाहिए।

सोचिए अभी जब संविधान लागू है। उनके अपने शब्दों में बहुत मजबूत सरकार है। डबल इंजन भी है फिर भी एक दलित सांसद के घर को 80 हजार करनी सेना की भीड़ दिन भर घेरे रखती है। खुली तलवारें, बंदूकें लहराई जाती रही हैं। गालियां दलित से लेकर पिछड़े सब को दी जाती रही हैं।

अखिलेश यादव की बहादुरी को सलाम करना होगा उन्होंने खुल कर इसका विरोध किया। कहा कि- यह सब भाजपा के लोग थे। इनसे डरने की कोई जरूरत नहीं है। दलितों में निश्चित रूप से इससे साहस आया होगा।



शकील अख्तर

> सामाजिक स्थिति मुसलमान की उन्हें कभी परेशान नहीं करती। हमेशा से ऐसी ही थी। लेकिन बढ़ी है दलित, पिछड़े, आदिवासी की। वह बर्दाश्त नहीं होती। संघ प्रमुख भागवत ने 2015 बिहार चुनाव से पहले आरक्षण के खिलाफ बयान दिया था ना। बुमरेंग कर गया। उल्टा असर। महागठबंधन जीत गया। उस समय नीतीश भी साथ थे। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कहा कि संविधान बदलना है। फिर उल्टा पड़ गया।

अखिलेश किसी एक जाति समूह की बात नहीं कर रहे थे। वे दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक सबकी बात कर रहे थे।

पीडीए। बहुत अच्छा नाम रखा है उन्होंने। पी पिछड़ा, डी दलित और ए अल्पसंख्यक। अस्सी प्रतिशत से ऊपर आबादी। इसी को तलवार बंदूकें गालियां, धमकियों के जरिए डराने की कोशिश थी। मगर अखिलेश के बहादुरी भरे बयान के बाद सब जगह एक निश्चिंतता आई है।

मायावती अप्रासांगिक हो जाएंगी। अभी मौका है समझ जाएं। कल अम्बेडकर जयंती पर वही साहस दिखाएं जो बीजेपी का शासन आने से पहले था। 'चढ़ गुंडन की छाती पर' वाला। 11 साल से पहले दलित शहर की मुख्य सड़क पर यह नारा लगाता था चढ़ गुंडन की छाती पर मुहर लगाना हाथी पर।

वह केवल बंधी हुई मुट्ठी के साथ हाथ उठाता था। अभी जैसा आगरा में हुआ वैसा बंदूक, तलवार, गालियां नहीं। मगर उस खाली लहराते हाथ से गुंडे, सामंत सब डर जाते थे। अम्बेडकर की संगठित रहो शक्ति की सीख से। मायावती उसी से चार बार मुख्यमंत्री बनीं।

आज उनका एक भी लोकसभा सदस्य नहीं है। विधायक केवल एक। वह भी अपनी

व्यक्तिगत सामर्थ्य की वजह से। दलित कोई विधायक भी नहीं। है तो डायलग फिल्मी। मगर खूब बोला जाता है और इस समय तो सही भी लगता है कि 'जो डर गया समझो वह मर गया!' मायावती ने अपने समाज के हौसले को मार दिया। जब हाथरस में दलित लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। उसे मार दिया। रात में ही पुलिस ने पैट्रोल डालकर उसकी लाश जला दी। और इन सबके बाद पीड़िता के परिवार को ही परेशान किया जाने लगा।

जैसा अभी आगरा में दलित सांसद रामजीलाल सुमन का घर घेर कर डर पैदा किया गया वैसा ही हाथरस में पीड़िता के परिवार के साथ किया गया।

मायावती नहीं गईं। राहुल, प्रियंका गए। और मायावती अपने घर में बैठकर ही राहुल और कांग्रेस को गालियां दिए जा रही हैं।

वह जो अलग-अलग तरीकों से सब कहते है कि नंबर सबका आएगा। तो वह आने लगा। पहले वे मुसलमानों के लिए आए, कुछ लोग बहुत खुश हुए। उस समय समझाया कि मुसलमान असली निशाना नहीं है। बहाना है। असली निशाना तो दलित आदिवासी पिछड़ा है। मुसलमान से क्या ले लेंगे ? उनके पास क्या है ? लेना दलित आदिवासी पिछड़े से है। उसकी नौकरियां। उसके बच्चों का एडमिशन। वह कानून जो जातिगत गालियां देने से रोकता है। वह सामाजिक न्याय जो बराबरी का भाव देता है। वह स्वाभिमान जो जमीन पर नहीं साथ कुर्सी पर बिठा देता है।

लालू जी के लिए बिहार का दलित पिछड़ा यही तो कहता है। क्या दिया लालू जी ने ? हिम्मत। डर खतम कर दिया। बराबरी से बैठता है। बात करता है। जितने लोकगीत लालू जी पर बने होंगे। जीते जी किसी भारतीय नेता पर नहीं। यही सब वापस लेना है।

सामाजिक स्थिति मुसलमान की उन्हें कभी परेशान नहीं करती। हमेशा से ऐसी ही थी। लेकिन बढ़ी है दलित, पिछड़े, आदिवासी की। वह बर्दाश्त नहीं होती। संघ प्रमुख भागवत ने 2015 बिहार चुनाव से पहले आरक्षण के खिलाफ बयान दिया था ना। बुमरेंग कर गया। उल्टा असर। महागठबंधन जीत गया। उस समय नीतीश भी साथ थे। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कहा कि संविधान बदलना है। फिर उल्टा पड़ गया। 240 पर बीजेपी रुक गई। इसलिए मुसलमान को आगे किया जाता है। रोज नई कहानी लाई जाती है। लेकिन बार-बार सच सामने आ जाता है।

आगरा की तलवारें, बंदूकें इस बार केवल दलित पिछड़ों तक ही सीमित नहीं रहीं। चिंता ब्राह्मणों में भी दिखी। करनी सेना जिसने भाजपा सरकार के प्रश्रय में यह तांडव किया है वह राजपूतों की सेना मानी जाती है। उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण बहुत पहले से कह रहा है कि उसे भी निशाने पर लिया जा रहा है। अब दलबदल कर भाजपा में मंत्री बन गए जीतीन प्रसाद ने तो ब्राह्मणों की रक्षा के लिए एक ब्रह्म सेना ही बनाई थी। आंकड़े दिए थे कितने ब्राह्मण मार डाले।

तो नफरत और विभाजन की राजनीति से बचेगा कोई नहीं। महिलाओं के खिलाफ तो जैसे हाईकोर्टों के फैसले आ रहे हैं वैसे इससे पहले कभी नहीं आए थे। निर्भया में पूरी सरकार लड़की परिवार के साथ थी। क्या मजाल की कोई गलत बोल जाए। आज तो कोर्ट कह रहा है कि बलात्कार में लड़की भी दोषी। यह माहौल का असर है। मीडिया तो गया ही काम से। ज्यूडिशरी भी चली गई।

कोई संविधानिक संस्था नहीं बची। संविधान में डा. अम्बेडकर ने ही इन संस्थाओं को बनाया था। अब उम्मीद जनता से ही है। उसे बचना भी है और देश व संविधान बचाना भी है। अम्बेडकर से प्रेरणा लेने का कल सोमवार 14 अप्रैल को एक अच्छा मौका है। क्योंकि नेता तो बहुत हुए मगर जितना संघर्ष अम्बेडकर को करना पड़ा उतना किसी को नहीं। और इसे दलित एवं मायावती से ज्यादा कौन समझ सकता है।.

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# राजनैतिक स्वतंत्रता के साथ सामाजिक स्वतंत्रता के पक्षधर थे डॉ भीमराव अंबेडकर

**■ गणेश कछवाहा**

दलित सामाजिक संघर्षों के प्रणेता, भारतीय संविधान के निर्माता और लोकतंत्र के प्रबल समर्थक डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने स्वतंत्रता की वकालत तो की, लेकिन उनका मतलब केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं थी, बल्कि सामाजिक स्वतंत्रता एक प्रमुख लक्ष्य था। स्वतंत्रता के प्रति उनका दृष्टिकोण व्यापक था।

उनका मानना था कि 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता और व्यक्तिगत सामाजिक स्वतंत्रता के बीच बहुत बड़ा अंतर है। इसे समझे बिना हम सही और पूरी स्वतंत्रता प्राप्त नहीं कर सकते थे। भारत को अगर एक विदेशी देश की गुलामी से मुक्त किया जाए तो उसे राजनीतिक स्वतंत्रता मिलती है, लेकिन फिर भी स्वतंत्र भारत के लोग स्वतंत्र नहीं होते हैं। क्योंकि विदेशी शासकों के जाने पर राजनीतिक दासता समाप्त तो हो जाती है, परंतु उनके जाने के बाद भी उस देश के लोगों की दासता जारी रहती है, उन्हें सामाजिक स्वतंत्रता नहीं मिलती है। तो इसे हम पूरी आज़ादी या स्वतंत्रता कैसे कह सकते हैं।'

**- डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर**

समान अवसरों और अधिकारों से अनेकों वर्षों से वंचित रहे बहिष्कृत अछूत समाज को जब तक गुलामी के जंजीरों से मुक्त नहीं किया जाता, उनकी दासता को मिटाने में जब तक स्थापित शासन को सफलता नहीं मिलती तब तक राजनीतिक स्वतंत्रता केवल मुट्ठी भर लोगों के हितों की रक्षा करेगी, और ऐसी स्वतंत्रता का कोई मतलब नहीं है।

बाबा साहेब ने महसूस किया कि सदियों से समान अवसरों और अधिकारों से वंचित रखे गए बड़े वर्ग के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने से लाभ नहीं होगा, वे राष्ट्रीय स्थापित मानकों विचारधाराओं के साथ सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे।

डॉ. बाबा साहब अंबेडकर का सामाजिक दर्शन तीन शब्दों - स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित है। बाबा साहेब समानता के सबसे बड़े समर्थक माने जाते हैं। उन्होंने जीवन भर समानता के लिए कड़ा संघर्ष किया।

सन् 1943 में इंडियन फेडरेशन के कार्यकर्ताओं के एक शिविर में भाषण देते हुए अंबेडकर ने कहा -

'हर देश में संसदीय लोकतंत्र के प्रति बहुत असंतोष है। भारत में इस प्रश्न पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। भारत संसदीय लोकतंत्र प्राप्त करने के लिए बातचीत कर रहा है। लेकिन हमें बहुत सावधान रहने की ज़रूरत है। यह उतना बढ़िया उत्पाद नहीं है जितना दिखाई देता है।'

इसी भाषण में आगे कहा कि -

'संसदीय लोकतंत्र कभी जनता की सरकार नहीं रही, न जनता के द्वारा चलाई जाने वाली सरकार रही। कभी ऐसी भी सरकार नहीं रही जो जनता के लिए हो।'

भीमराब अंबेडकर ने 1942 के रेडियो भाषण में स्वाधीनता, समानता और भाईचारा, इन तीन सूत्रों का उद्भव फ्रांसीसी क्रांति में देखा। उन्होंने कहा 'मजदूर के लिए स्वाधीनता का अर्थ है जनता के द्वारा शासन। संसदीय लोकतंत्र का अर्थ जनता के द्वारा शासन नहीं है।'

अंबेडकर ने संसदीय लोकतंत्र की व्याख्या करते हुए लिखा-'संसदीय लोकतंत्र शासन का ऐसा रूप है जिसमें जनता का काम अपने मालिकों के लिए वोट देना और उन्हें हुकूमत करने के लिए छोड़ देना होता है।' अंबेडकर ने लोकतंत्र को मजदूरवर्ग के नजरिए से देखा और उस पर अमल करने पर भी जोर दिया।

नेतागण जिस लोकतंत्र की बात कर रहे हैं वो मालिकों का जनतंत्र है। वे जिस तथाकथित लोकशाही की बार-बार दुहाई दे रहे हैं वो मालिकों की लोकशाही है। इसके विपरीत भीमराव अंबेडकर का मानना था जब तक पूंजीवाद कायम है तब तक सही मायनों में न स्वतंत्रता संभव है और न समानता। वास्तव अर्थ में समानता हासिल करने के लिए पूंजीवादी व्यवस्था को बदलना होगा उसके बाद ही वास्तविक अर्थ में समानता प्राप्त की जा सकती है।

इसके विपरीत नेतागण पूंजीवाद को बनाए रखकर ही नियमों में सुधार की बात कर रहे हैं।

अंबेडकर की नजर में वास्तविक स्वतंत्रता का अर्थ है सभी किस्म के विशेषाधिकारों का खात्मा। नागरिक सेवाओं से लेकर फौज तक, व्यापार से लेकर उद्योग धंधों तक सभी किस्म के विशेषाधिकारों को खत्म किया जाए। वे सारी चीजें खत्म की जाएं जिनसे असमानता पैदा होती है।

अंबेडकर की धारणा थी कि - 'लोकप्रिय हुकूमत के तामझाम के बावजूद संसदीय लोकतंत्र वास्तव में आनुवंशिक शासकवर्ग द्वारा आनुवंशिक प्रजा वर्ग पर हुकूमत है। यह स्थिति वर्णव्यवस्था से बहुत कुछ मिलती जुलती है। ऊपर से लगता है कोई भी आदमी चुना जा सकता है, मंत्री हो सकता है, शासन कर सकता है। वास्तव में शासक वर्ग एक तरह वर्ण बन जाता है। उसी में से, थोड़े से उलटफेर के साथ, शासक चुने जाते हैं। जो प्रजा वर्ग है, वह सदा शासित बना रहता है।' (संदर्भ- जगदीश्वर चतुर्वेदी, कोलकाता विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर व जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

> नेतागण जिस लोकतंत्र की बात कर रहे हैं वो मालिकों का जनतंत्र है। वे जिस तथाकथित लोकशाही की बार-बार दुहाई दे रहे हैं वो मालिकों की लोकशाही है। इसके विपरीत भीमराव अंबेडकर का मानना था जब तक पूंजीवाद कायम है तब तक सही मायनों में न स्वतंत्रता संभव है और न समानता। वास्तव अर्थ में समानता हासिल करने के लिए पूंजीवादी व्यवस्था को बदलना होगा उसके बाद ही वास्तविक अर्थ में समानता प्राप्त की जा सकती है।

डॉ. अंबेडकर सामाजिक समानता केलिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने गणितीय समानता या कृत्रिम समानता को स्वीकार नहीं किया। प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताओं और क्षमताओं में एक स्वाभाविक भिन्नता होती है। बाबा साहब अंबेडकर का मानना था कि वंश, धर्म, जाति तथा सामाजिक स्थान ऐसे आधार पर भेदभाव करना समाजवादी व्यवस्था के साथ धोखा होगा।

डॉ भीमराव अंबेडकर को हमें आधुनिक मिथभंजक के रूप में देखना चाहिए। भारत और लोकतंत्र के बारे में परंपरावादियों, सनातनियों, डेमोक्रेट, ब्रिटिश बुद्धिजीवियों और शासकों आदि ने अनेक मिथों का प्रचार किया है। ये मिथ आज भी आम जनता में अपनी जड़ें जमाए हुए हैं। बाबा साहेब ने भारतीय समाज का अध्ययन करते हुए उसके बारे में एक नयी सोच पैदा की है। भारतीय समाज के अनेक विवादास्पद पहलुओं का आलोचनात्मक और मौलिक विवेचन किया है। भारत में भक्त होना आसान है समझदार होना मुश्किल है। बाबा साहेब ऐसे विचारक हैं जो शूद्रों के सामाजिक ताने-बाने को पूरी जटिलता के साथ उद्घाटित करते हैं। बाबा साहेब के भी भक्तों में एक बड़ा तबका है जो दलित चेतना और दलित विचारधारा से लैस हैं। उन्हें भक्तों के आभा मंडल से बाहर निकलकर निश्चिंतता, चेतना सम्पन्न और डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारधारा से लैस होकर सामाजिक स्वतंत्रता, समानता, उत्थान, राजनैतिक और संविधानिक अधिकारों की रक्षा के संघर्षों को आगे बढ़ाना ही डॉ बाबा साहब के सपनों को साकार करना होगा। बाबा साहेब का मानना था कि - 'वह मनुष्य को मात्र मनुष्य नहीं रहने देती और आज़ाद भी नहीं। मनुष्य पूर्ण मनुष्य तभी बन सकता है जब वह अन्य से यह कहें कि समस्त प्राणी से बिना किसी स्वार्थ के पवित्र आत्मीय और प्रेम का रिश्ता बनाए।'

## आपके पत्र

### नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में वृद्धि

नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना सुनने पढ़ने मात्र से सिर चकरा जाता है। मन में अजीब संकल्प चलता है कि बेचारी मासूमियत का गला घोंटने से क्या मिलता होगा। देश में आज भी महिला सुरक्षित नहीं है। पग पग उसे भय सताता है। असुरक्षित जीवन से दु:खी जीवन जीने के लिए मजबूर है। छतीसगढ़ देश का वह राज्य है जहां हर पांच घन्टे में एक नाबालिग दुष्कर्म का शिकार होती है। यानी 10 में से 9 में अपने घर मो ही आरोपी है। छतीसगढ़ के दुर्ग में छह साल की बच्ची के साथ सेक्सुयल असॉल्ट किया गया। प्राइवेट पार्ट को सिगरेट से दागा और इलेक्ट्रिक शॉक देकर बच्ची को मार दिया गया। यह उन माता-पिता के लिए एक मौत से ज्यादा खतरनाक खबर है कि अपने ही कलेजे समान मासूम को दर्दनाक मौत देखकर नरपिशाचता दिल भी पिघल जाए। रायपुर बिलासपुर और दुर्ग बच्चियों के लिए ये जिले असुरक्षित हैं। इस तरह की हैवानियत पौराणिक काल के राक्षस भी नहीं करते थे। आज विचारों की हीनता इंसान को दुर्व्यवहार करने के लिए मजबूर करती है। पांच साल की एक मासूम को चॉकलेट देने के बहाने बुलाकर दुष्कर्म किया। इस तरह की घटना पड़ोसी और जान-पहचान वाले अंकल के पास बच्चे ज्यादा पहचान बनाते है। पड़ोसी उन पर भरोसा भी करते है। बिलासपुर में एक 19 साल की युवती से सौतेला पिता दुष्कर्म करता था। सौतेले पिता ने 13 साल से ही यौन उत्पीड़न करना शुरू कर दिया था। दुर्ग में दो साल पहले 3 साल की मासूम से पिता के दोस्त ने दुष्कर्म किया था। इस तरह की घटना अखबार की सुर्खियों में रहती है। हम अपने पड़ोसी पर आंख मूंदकर भरोसा कर अपना बच्चा उनके हवाले कर देते हैं लेकिन यह कतई नही करे। आज के विषैले जीवन व्यवहार से हर कोई अनभिज्ञ है। देश में इस प्रकार की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। वहीं पास पड़ोस के परिचित लोग इस तरह की घटनाओं में संलिप्त रहते है। चॉकलेट और आइसक्रीम का लालच देकर बच्चों के साथ घिनोनी कृत्य कर उनकी जिंदगी बर्बाद कर देते हैं। सबसे पहले अपने आसपास के पड़ोसियों पर हमेशा नजर रखनी होगी। बच्चा मां के आंचल से दूर नहीं होना चाहिए। इस तरह के लम्पट लोग शिकार की फिराक में रहते हैं। यूनिसेफ की चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट की मानें तो दुनिया में 37 करोड़ महिलाएं 18 वर्ष की उम्र से पहले यौन हिंसा की शिकार हुई है। 80 प्रतिशत यौन हिंसा के मामले में परिचित ही होते हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में पांच साल में बच्चियों के रेप के मामले डेढ़ गुना बढ़े हैं। इसका दोष बदलते परिवेश और विकृतिपूर्ण सामाजिक दूषण का विशेष कारण रहा है। पाक्सो के 2027 मामले दर्ज हुए हैं इसमें रेप के मामले 1809 है। इस तरह से बढ़ते दुष्कर्म के मामले में पुलिस को अलर्ट रहने की जरूरत है। सड़कों पर होती हलचल पर पुलिस की सीधी निगरानी होनी ही चाहिए। रायपुर में हर साठ घण्टे में एक बच्ची से रेप की घटना सामने आ रही है। स्पेसिपिक एज ग्रुप के अनुसार 12 से 18 साल की बच्चियां अनसेफ है। देश में पाक्सो के 1 लाख 40 हजार केस पेंडिंग है। फिल्में, कमजोरी और अकेलेपन के कारण दुष्कर्म के केस बढ़ रहे है। पुलिस की इन्वेस्टिगेशन और विवेचना की कमजोरी के कारण कोर्ट में केस कमजोर पड़ जाता है। इसमें पुलिस की सक्रियता और अलर्ट के चलते रेप के केस में कमी आ सकती है।

**- कांतिलाल मांडोत**



## ललित सुरजन की कलम से

### भक्ति, शक्ति, युक्ति, विभक्ति

*'यह ईश्वर में आस्था ही है जो हमें उपासना स्थलों के निर्माण के लिए प्रेरित करती है, भले ही उनमें देव प्रतिमा हो, न हो। यह निर्माण कितनी प्रक्रियाओं से गुजर कर पूरा होता है और इनमें कितने लोगों का श्रम निवेश होता है। नए निर्माण के साथ पुरानी निर्मितियों का जीर्णोद्धार भी चलता रहता है। ईंट, सीमेंट, संगमरमर, ग्रेनाइट, पत्थर, बालू, सोना, चांदी, तांबा कितनी ही वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है। खदानों में काम चलता है।कारखानों में माल बनता है, भराई और लदान होता है, परिवहन के साधन लगते हैं, बड़े-छोटे मालवाहकों के चक्के घूमते हैं; बिजली-टेलीफोन, पानी का इंतजाम होता है, फूलमाला, फूल, चादर, ध्वजा, पताका, पोशाक, घंटे-घड़ियाल, दीपदान, आरती, लोबान, मोमबत्ती, घी, तेल, सब कुछ की जरूरत पड़ती है। इसमें लाखों लोगों को रोजगार की प्राप्ति होती है। खदान मजदूर से लेकर ट्रक चालक तक, पंडे-पुजारी से लेकर याचक तक के जीवनयापन में इनकी महती भूमिका से भला कौन इंकार करेगा ? ये जो सावन में लाखों लोग कांवड़ यात्रा पर निकल पड़ते हैं, उनसे रोजगार के अस्थायी ही सही, लेकिन कितने नए अवसर सृजित होते हैं। पकौड़ा इकॉनामी का ये अभिन्न अंग हैं।'*

**( देशबंधु में 3 अक्टूबर 2019 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/

## पावन प्रसंग

### बाबा साहेब की विरासत पर सत्ता की सियासत, जयंती या सत्ता का स्वार्थी तमाशा ?

देश भर में आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। मंदिरों की घंटियों की तरह मंचों पर माइक बज रहे हैं, फूलों की माला और भावुक भाषणों की बाढ़ है। लेकिन इन सबके बीच एक सवाल लगातार मन को कुरेदता है — क्या यह श्रद्धांजलि है या सत्ता की साधना ?

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। वे महार जाति से थे, जिसे अछूत समझा जाता था। सामाजिक बहिष्कार और अपमान के बीच उन्होंने शिक्षा हासिल की और कोलंबिया विश्वविद्यालय व लंदन स्कूल ऑफ इकानॉमिक्स जैसे संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की। यह उपलब्धि अपने आप में उस समय के भारत में एक क्रांति थी।

बाबा साहेब ने सामाजिक अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोला और 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया — एक ऐसा धर्म जो समता, करुणा और ज्ञान की राह दिखाता है। 6 दिसंबर 1956 को उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनके विचार आज भी जीवित हैं — बशर्ते उन्हें ज़िंदा रखा जाए।

उनकी जीवनी सबको मालूम है — 14 अप्रैल 1891, महू (मध्यप्रदेश) में जन्म, अछूत मानी जाने वाली महार जाति से संबंध, बचपन में भेदभाव का शिकार, लेकिन अद्वितीय प्रतिभा से दुनिया को चौंका देने वाला व्यक्तित्व। उन्होंने पूरी दुनिया से ज्ञान अर्जित कर भारत के लिए एक ऐसा संविधान लिखा जो हर नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाकर सामाजिक विद्रोह किया। वे जीवन भर छुआछूत, जातिवाद, असमानता और राजनीतिक उपेक्षा के खिलाफ संघर्ष करते रहे। लेकिन आज, उनके नाम पर सिर्फ भीड़ जुटाई जा रही है, विचार नहीं। राजनीतिक दलों से मेरा सीधा सवाल है — क्या आपने सामाजिक न्याय के लिए कोई ठोस कदम उठाया ? जवाब स्पष्ट है- शून्य।

यदि वास्तव में आप बाबा साहेब की सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो एक वर्ष के लिए धार्मिक आयोजनों, दिखावटी अभियानों और मूर्ति अनावरणों का बजट काटिए। उस पैसे से सभी जातियों के लिए आर्थिक आधार पर न्याय की व्य

वस्था कीजिए। सत्ता में जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित कीजिए। 50त्न कमीशनखोरी बंद करिए, निजीकरण की लहर पर विराम लगाइए।

अगर आप यह कर सकें, तो यकीन मानिए — बाबा साहेब की आत्मा कहेगी, च्अब तुमने मेरे विचारों को सिर्फ याद नहीं किया, बल्कि जिया है। वरना, हाथी के दिखाने और खाने के दांतों में फर्क बना रहेगा — और यह फर्क ही एक दिन लोकतंत्र को निगल जाएगा।

**प्रियंका सौरभ**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*


# देश विदेश

## अमेरिका के साथ वार्ता रचनात्मक रही, आगे की वार्ता 19 को : ईरान

**तेहरान/मस्कट,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार ओमानी राजधानी मस्कट में शनिवार को रचनात्मक माहौल में दोनों पक्षों के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता संपन्न होने के बाद ईरान और अमेरिका 19 अप्रैल को वार्ता का दूसरा दौर आयोजित करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची और मध्य पूर्व में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच ढाई घंटे की वार्ता तेहरान के परमाणु मुद्दे और प्रतिबंधों में राहत पर केंद्रित थी। इसमें कहा गया कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए। इस बीच वार्ता स्थल से निकलते समय, दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने ओमानी विदेश मंत्री की उपस्थिति में कुछ मिनटों के लिए बात की।

# मिस्र व इंडोनेशिया के बीच गाजा युद्ध पर चर्चा

■ **वार्ता में प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण व विशेषज्ञता के आदान-प्रदान पर दिया ध्यान**



**काहिरा,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी ने काहिरा में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बातचीत की। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने गाजा पट्टी में विकास और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीसी ने प्रबोवो को गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्र की मध्यस्थता और वहां के लोगों को मानवीय सहायता देने के प्रयासों के बारे में बताया। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार दोनों नेताओं ने गाजा में लोगों को विस्थापित किए बिना पुनर्निर्माण शुरू करने और अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्थायी समाधान निकाले जाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्हें उम्मीद है कि ऐसा समाधान 1967 की सीमाओं पर एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना की गारंटी देगा, जिसकी राजधानी पूर्वी यरुशलम होगी।

उन्हें उम्मीद थी कि इस तरह के समाधान से 1967 की सीमाओं के साथ एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राष्ट्र बनेगा, और पूर्वी येरुशलम उसकी राजधानी होगी

सीसी और प्रबोवो ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में भी बात की। बयान में कहा गया कि दोनों राष्ट्रपतियों ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिससे आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया है। साथ ही अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई है।

मिस्र की सेंट्रल एजेंसी फॉर पब्लिक मोबिलाइजेशन एंड स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, 2024 में मिस्र और इंडोनेशिया के बीच व्यापार 1.7 बिलियन डॉलर तक पहुंचा, जो 2023 में 1.6 बिलियन डॉलर था। मिस्र का इंडोनेशिया को निर्यात 151 मिलियन डॉलर रहा, जो 2023 में 137 मिलियन डॉलर था, जबकि इंडोनेशिया से आयात 1.6 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले साल 1.5 बिलियन डॉलर था।


इस बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई, जिसमें प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान पर ध्यान दिया गया। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

## गाजा में स्थायी युद्ध विराम की गारंटी देने वाला प्रस्ताव सकारात्मक : हमास

**गाजा।** हमास ने कहा कि वह गाजा युद्ध विराम के किसी भी प्रस्ताव के बारे में सकारात्मक है, जो स्थायी युद्ध विराम की गारंटी देता है और गाजा पट्टी से इजरायली सेना की पूरी तरह वापसी की गारंटी देता है। हमास ने एक बयान में कहा कि इस तरह के प्रस्ताव में फिलिस्तीनी लोगों की पीड़ा को समाप्त करना भी सुनिश्चित करना चाहिए और इसमें कैदियों की अदला-बदली का गंभीर सौदा भी शामिल होना चाहिए। हमास का एक प्रतिनिधिमंडल मिस्र के निमंत्रण पर शनिवार को काहिरा के लिए रवाना हुआ। इसमें कहा गया है कि काहिरा में वे कतर और मिस्र के मध्यस्थों से मिलेंगे। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि 18 मार्च को गाजा पट्टी में इजरायल द्वारा फिर से गहन हमले शुरू करने के बाद से कम से कम 1,563 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 4,004 अन्य घायल हुए हैं।



## हमास ने बंधक का वीडियो किया जारी



**गाजा।** हमास की सैन्य शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने शनिवार को 7 अक्टूबर, 2023 से गाजा में बंधक बनाकर रखे गए इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर का एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में अलेक्जेंडर शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रहा था। मैं यहां क्यों हूं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर पर क्यों नहीं हूं? उसने पूछा। अलेक्जेंडर जो कैद में रहते हुए 21 साल का हो गया। उसका जन्म इजरायली शहर तेल अवीव में हुआ था और वह अमेरिकी राज्य न्यू जर्सी में बड़ा हुआ था। 2022 में हाई स्कूल से स्नातक होने के बाद, वह सेना में भर्ती होने के लिए इज़रायल लौट आया। 7 अक्टूबर, 2023 को, दक्षिणी इज़राय पर उनके आश्चर्यजनक हमले के दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादियों द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया था। वीडियो में अलेक्जेंडर ने अपने संघर्षों को साझा किया और गाजा में चल रहे इज़रायली सैन्य अभियानों के बीच अपनी सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने अपनी रिहाई सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए इजरायल सरकार को भी दोषी ठहराया। वीडियो के जारी होने के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने अलेक्जेंडर के परिवार से बात की है और उन्हें आश्वासन दिया है कि सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए गहन प्रयास जारी हैं। इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते का पहला छह सप्ताह का चरण 1 मार्च को समाप्त हो गया और दूसरे चरण पर बातचीत रुकी हुई है। 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के दौरान पकड़े गए 251 बंधकों में से 59 गाजा पट्टी में कैद हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 15 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - आज आप पर भाग्य मेहरबान रहेगा। दिन भर मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखी रहेगा। साथ में प्रवास का और सुरुचिपूर्ण भोजन का भी योग है। कोई खोई हुई वस्तु आज मिलने की संभावना अधिक है।

वृषभ - आज दिनभर आप आनंदित रहेंगे। अपने काम में व्यवस्थित रूप से आप आगे बढ़ पाएंगे और योजना के अनुसार काम भी कर सकेंगे। अधूरे कामों सफलतापूर्वक पूरा कर पाएंगे। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

मिथुन - नए कामों की शुरुआत के लिए दिन अनुकूल नहीं है। जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरुरत है। चर्चा, वाद-विवाद के दौरान मानहानि न हो। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा।

कर्क - आज शारीरिक मानसिक स्वस्थता का अभाव होगा। छाती में दर्द या अन्य किसी विकार से परेशानी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ उग्र वाद-विवाद होगा। मानहानि न हो उसका ध्यान रखें।

सिंह - आज के दिन आप शरीर में ताजगी और चित्त की प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। दोस्तों के साथ अधिक घनिष्ठता अनुभव करेंगे। मित्रों एवं स्वजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। आर्थिक लाभ होगा।

कन्या - परिवार में सुख-शांति और परिजनों के साथ आनंद आज के दिन को खुशहाल बनाएंगे। आज आपकी मधुरवाणी का जादू अन्य लोगों को प्रभावित करेगा। कहीं घूमने जाने की संभावना है। मिष्टान्न के साथ मनपसंद भोजन मिलेगा।

तुला - आज आपकी रचनात्मक शक्तियां प्रकट होंगी। रचनात्मक कामों में आपकी रुचि रहेगी। वैचारिक दृढ़ता से आपके काम सफल बनेंगे। अलंकार, वस्त्र, मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

वृश्चिक - आज के दिन मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। मन की चिंता की भावना रहेगी। दुर्घटना से बचें। परिजनों और सगे-संबंधियों के साथ गलतफहमी या अनबन होगा।

धनु - आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रतिष्ठा मिलने के साथ आप पारिवारिक जीवन में भी सुख-संतोष की भावना का अनुभव करेंगे। आय में वृद्धि और व्यापार में लाभ होगा। मनपसंद व्यक्ति के साथ सुखद क्षण गुजरेगा।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए भागदौड़ और वसूली हेतु प्रवास से लाभ होने की संभावना रहेगी। अधिकारियों के खुश होने से पदोन्नति के योग बनेंगे।

कुंभ - शारीरिक से रूप से अस्वस्थ रहने पर भी मानसिक स्वस्थता बनाए रखें। आज काम करने का उत्साह कम रहेगा। नौकरी में अधिकारियों से संभलकर रहें। मौज-शौक तथा घूमने- फिरने के पीछे धन खर्च होगा।

मीन - आज अनैतिक कामों से दूर रहें। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। नियम विरोधी कामों से दूर रहें। इलाज के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# सूडान में हमलों में 114 से अधिक लोगों की मौत



■ **एसएएफ व आरएसएफ के बीच चल रही भारी लड़ाई**

**खार्तूम,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। पिछले दो दिनों में सूडान के पश्चिमी हिस्से में स्थित उत्तर दारफुर राज्य की राजधानी अल फाशर में दो शरणार्थी शिविरों पर अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमलों में 114 से अधिक आम नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी एक स्थानीय अधिकारी ने दी।

सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर दारफुर राज्य के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक इब्राहीम खातिर ने बताया कि शुक्रवार को जमजम शिविर पर आरएसएफ द्वारा किए गए हमले में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई और दर्जनों लोग घायल हुए। उन्होंने आगे बताया कि शनिवार को अबू शौक शिविर पर एक और हमला हुआ, जिसमें 14 और लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। इब्राहीम खातिर ने यह भी बताया कि जमजम शिविर में मारे गए लोगों में रिलीफ इंटरनेशनल नामक गैर-सरकारी संस्था के 9 कर्मचारी भी शामिल हैं, जो शिविर में एक अस्थायी अस्पताल चला रहे थे।

इमरजेंसी रूम नाम के एक स्वयंसेवी संगठन ने बताया कि शनिवार को अबू शौक शिविर पर आरएसएफ की भारी गोलाबारी में 40 नागरिक मारे गए और सैकड़ों लोग घायल हुए। इन हमलों को लेकर आरएसएफ की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। 10 मई 2024 से अल फाशर में सूडान की सेना और आरएसएफ के बीच भारी लड़ाई चल रही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अप्रैल 2023 के मध्य से सूडान में एसएएफ और आरएसएफ के बीच जारी संघर्ष में अब तक 29,600 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) एजेंसियों ने सूडान में मानवीय संकट के बेहद गंभीर होने को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि देश में अकाल फैल रहा है और हिंसक टकराव जारी है जिसमें सभी आयु वर्ग के नागरिकों को बलात्कार समेत अन्य दुर्व्यवहारो का सामना करना पड़ रहा है।

## पूर्व राष्ट्रपति यून पर चलेगा आपराधिक मुकदमा



**सोल,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ पहला आपराधिक मुकदमा इस सप्ताह शुरू होने वाला है। यह मुकदमा दिसंबर में मार्शल लॉ की घोषणा के कारण पद से हटाए जाने के 10 दिन बाद हो रहा है। रविवार को अदालत के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है।

सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में सोमवार सुबह 10 बजे यून पर राजद्रोह के आरोपों की सुनवाई शुरू होगी। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, आरोपी के रूप में यून को मुकदमे में शामिल होना होगा।

यून आपराधिक मुकदमे का सामना करने वाले पांचवें पूर्व राष्ट्रपति होंगे। उन्हें कोर्ट में भूमिगत पार्किंग के रास्ते प्रवेश करने की अनुमति होगी और कोर्ट ने इमारत के पास संभावित रैलियों को रोकने के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए हैं। मीडिया को सुनवाई शुरू होने से पहले कोर्ट रूम में तस्वीरें लेने की अनुमति नहीं होगी।

औपचारिक प्रक्रिया के तहत यून को शुरू में अपना नाम, जन्मतिथि, पेशा और निवास स्थान बताना होगा। इसके बाद अभियोजन पक्ष यून पर लगे आरोपों को रखेगा, जिन्हें उनकी तरफ से खारिज करने की उम्मीद है।

## अंतरिम सरकार पांच साल तक सत्ता में नहीं रह सकती : बीएनपी



**ढाका,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की वरिष्ठ नेता सेलिमा रहमान ने अंतरिम सरकार से दिसंबर में राष्ट्रीय चुनाव कराने के अपने वादे को पूरा करने का आग्रह करते हुए कहा कि अंतरिम सरकार को पांच साल तक सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

ढाका में बांग्लादेश डिप्लोमा मेडिकल एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारी समिति के विशेष परिषद सत्र में बीएनपी स्थायी समिति की नेता ने कहा कि हम निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। गृह मामलों के सलाहकार ने कहा है कि देश चाहता है कि यह सरकार पांच साल तक सत्ता में रहे। लेकिन हम जानते हैं कि लोग वास्तव में क्या चाहते हैं। 'डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि यह एक अंतरिम सरकार है और इसका उद्देश्य दीर्घकालिक जिम्मेदारियां लेना नहीं है।

उन्होंने गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी की इस सुझाव के लिए आलोचना की कि लोग चाहते हैं कि सेना समर्थित अंतरिम सरकार पांच साल तक सत्ता में रहे।

## अलिपोव ने की भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस की भूमिका की सराहना



**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव ने शनिवार को कॉस्मोनॉटिक्स डे के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सोवियत संघ और रूस की अंतरिक्ष खोजों में नेतृत्वकारी भूमिका रही है और इसका सीधा लाभ भारत को भी मिला है।

इस मौके पर नई दिल्ली स्थित रूसी सांस्कृतिक केंद्र रूसी हाउस में रूस के अंतरिक्ष कार्यक्रम के संस्थापकों, वैज्ञानिक कॉन्सटैंटिन त्सिओल्कोवस्की, अंतरिक्ष यान डिजाइनर सर्गेई कोरोलेव और पहले अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन को समर्पित एक स्मारक का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में अलिपोव ने भाग लिया और अपने भाषण में भारतीय और रूसी अंतरिक्ष सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की।

राजदूत अलिपोव ने 1984 में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की सोवियत अंतरिक्ष यान में उड़ान का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह उड़ान भारत और रूस के बीच मजबूत अंतरिक्ष सहयोग का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि आज दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष अनुसंधान में कई बड़े संयुक्त प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इस अवसर पर रूस की अंतरिक्ष एजेंसी के भारत कार्यालय की प्रमुख एलेना रेमिजोवा, रूसी अंतरिक्ष यात्री और हीरो ऑफ द रशियन फेडरेशन डेनिस मतवेएव और इसरो के अधिकारी राजीव कुमार जायसवाल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में रूसी फिल्म चैलेंज भी दिखाई गई, जो इतिहास की पहली ऐसी फिल्म है जिसे अंतरिक्ष में शूट किया गया है।

## आज का इतिहास

1659-औरंगजेब ने दिल्ली पर हुकूमत की लड़ाई में दारा को हराया।

1736-तस्कर एंड्रयू विल्सन के निष्कासन के बाद एडिनबर्ग में निजी दंगे हुए, जब शहर के गार्ड कप्तान जॉन पोर्टियस ने अपने लोगों को भीड़ पर आग लगाने का आदेश दिया। पोर्टरी को बाद में गिरफ्तार किया गया।

1775-पहली बीजावृत्तिवादी संगठन का आयोजन फिलाडेल्फिया, अमेरिका में हुआ।

1834-व्हिग पार्टी को आधिकारिक तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर हेनरी क्ले द्वारा नामित किया गया।

1849-1848 के हंगरियन क्रांति-हंगरियन क्रांतिकारी संसद डेब्रेसेन में स्वतंत्रता से हाब्सबर्ग साम्राज्य की घोषणा की।

1865-अब्राहम लिंकन की हत्या-संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को गोली मार दी गई।

1871-कनाडा ने डॉलर, सेंट और मिल्स के रूप में मुद्रा का संप्रदाय निर्धारित किया।

1872-सैन फ्रांसिस्को बार एसोसिएशन का आयोजन किया गया।

1891-भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का जन्म हुआ।

1900-पेरिस विश्व प्रदर्शनी खुली।

1916-इम्पीरियल जर्मन सेना ने उत्तरी तट पर हमले से बचाने के लिए तटीय रक्षा के उच्चायुक्त की स्थापना की।

1944-मुंबई के बंदरगाह में हथियारों से भरे जहाज में विस्फोट हुआ, 1200 से अधिक लोगों की मौत।

**कार्यक्रम** *भारत-रूस राजनयिक संबंधों की 78वीं वर्षगांठ पर*

# मित्रता व सहयोग का उत्सव मना रहे दोनों देश

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस और भारत अपने राजनयिक संबंधों की 78वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह दिन दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता, विश्वास और रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है, जो राजनीति, व्यापार, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, शिक्षा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग पर आधारित है। इस मौके पर भारत में स्थित रूस के दूतावास ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि रूस और भारत की यह विशेष साझेदारी कई दशकों से चली आ रही है। दोनों देश ऊर्जा सुरक्षा, सैन्य-तकनीकी सहयोग, अंतरिक्ष अन्वेषण और परमाणु ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं।

■ **दोनों देश एक-दूसरे की परंपराओं, मूल्यों व संस्कृति का करते हैं सम्मान**

इसके अलावा, निवेश परियोजनाओं को बढ़ावा देने और परिवहन नेटवर्क को विकसित करने में भी दोनों देश सक्रिय हैं। हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार ने नई ऊंचाइयां छूई हैं, जो आपसी भरोसे और लाभकारी सहयोग का प्रमाण है।



पोस्ट में आगे कहा गया कि रूस-भारत संबंधों की खासियत सभी स्तरों पर उनकी गतिशीलता है। दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय मुलाकातें और संवाद इस साझेदारी को और मजबूत करते हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। हर साल लाखों लोग एक-दूसरे के देशों की संस्कृति और इतिहास को समझने के लिए यात्रा करते हैं। व्यापार, सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान भी तेजी से बढ़ रहा है, जो दोनों देशों के लोगों को और करीब ला रहा है।

आगे लिखा गया कि यह साझेदारी केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग तक सीमित नहीं है। रूस और भारत के बीच सदियों पुरानी सभ्यतागत मित्रता और संवाद भी इस रिश्ते की नींव है। दोनों देश एक-दूसरे की परंपराओं, मूल्यों और संस्कृति का सम्मान करते हैं। यह आपसी समझ और विश्वास ही इस रिश्ते को इतना खास बनाता है।

बयान के अनुसार, आज के दिन दोनों देश इस ऐतिहासिक साझेदारी को और मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। रूस और भारत मिलकर न केवल अपने हितों को बढ़ावा देना चाहते हैं, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी योगदान देना चाहते हैं।

आने वाले वर्षों में यह साझेदारी और गहरी होगी, जिसमें नई परियोजनाएं, नवाचार और सहयोग के नए अवसर शामिल होंगे। रूस-भारत संबंधों की यह वर्षगांठ न केवल एक राजनयिक उपलब्धि है, बल्कि दो महान सभ्यताओं के बीच सच्ची दोस्ती का उत्सव भी है। दोनों देश इस विरासत को संजोने और इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए और समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सुडोकू 6882

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 6 | | 4 | | | 5 |
| 8 | | | | 5 | | | 6 | 3 |
| | | 5 | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | |
| | 9 | | | | | | 4 | |
| | | | | | | | | 2 |
| 1 | | | | | 8 | 2 | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | | 1 |
| 7 | | | 9 | | 6 | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6882

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जो किसी चीज का दुख-सुख उठा चुका हो कृत भोग
३. घुड़सवार
५. नया और कोमल पत्ता, विस्तार
६. बेचैनी, छटपटाहट
७. संज्ञा शब्द के बदले प्रयुक्त होने वाला शब्द
९. भौंरा, मिलिंद
१०. पैसे की तकलीफ
१२. जहां जाना या जिसे समझना आसान हो, आसान
१३. बालि-सुग्रीव के राज्य की राजधानी
१४. जलवायु०(उर्दू)
१६. दया, कृपा (उर्दू)
१८. रुकना, अटकना, हठ करना
२०. सम्राट अशोक का राज्य
२१. हथेली से धीरे-धीरे ठोंकना या आघात करना, थपकी देना
२३. सरस, रसीला

**ऊपर से नीचे:-**

१. भोगना, सहना, बीतना, पूरा होना
२. खाने की वस्तु
३. मौका, समय
४. रुकावट डालना, मना करना, गति-चाल बंद करना
५. पतिता, गलत रास्ते पर चलने वाला
८. जिसकी बड़ी महिमा हो, राज्यपाल आदि के सम्मान में प्रयुक्त शब्द
१०. विचित्र, अनोखा, अद्भुत (उर्दू)
११. जलपान
१२. मरम्मत, दोष या खराबी दूर करने की क्रिया
१३. लकड़ी, शीशे आदि का पल्ला जिसका दरवाजा बंद किया जाता है
१४. हमला
१५. बलराम
१७. रोमांचक
१८. बेहद
१९. स्वामी, पति
२२. गर्व, अभिमान (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6881

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ हु | न | २ र | मं | ३ द | ■ | ४ प | र | ५ च | म |
| क्म | ■ | ह | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | प | ■ |
| ७ ना | का | म | ■ | मि | ■ | ८ वा | र्ता | ला | ९ प |
| मा | ■ | दि | ■ | १० या | च | ना | ■ | ■ | र्या |
| ■ | ११ उ | ल | १२ झ | न | ■ | ■ | १३ अ | न्या | य |
| ■ | द्यो | ■ | रो | ■ | १४ रो | मां | च | ■ | वा |
| १५ अं | ग | १६ र | खा | ■ | ध | ■ | १७ ला | १८ ल | ची |
| त | ■ | हा | ■ | १९ सं | क | २० ट | ■ | ल | ■ |
| २१ र | ई | स | ■ | ग्रा | ■ | २२ ख | ट | क | २३ ना |
| ण | ■ | २४ हा | थ | म | ल | ना | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### अमेरिका के 'एरिया 51' में दिखा रहस्यमयी टॉवर, एलियन तकनीक का दावा



**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व में कई देशों में कुछ ऐसी जगहे हैं, जिनके बारे में कई रहस्यमयी बातें की जाती हैं। इन जगहों पर आम लोगों को जाने की अनुमति नहीं होती है। इस बीच सोशल मीडिया पर ऐसी ही एक अनोखी जगह के बारे में चर्चा होने लगी है। दरअसल, अमेरिका के हाई सेक्योरिटी वाली जगह 'एरिया 51' को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। गूगल अर्थ पर गोपनीय एरिया 51 सैन्य अड्डे के भीतर देखे गए एक रहस्यमयी स्ट्रक्चर के सामने आने के बाद ऑनलाइन एलियन होने के सिद्धांतों ने एक बार फिर नई चर्चा छेड़ दी है।

बता दें कि अमेरिकी के नेवादा में 2.3 मिलियन एकड़ में फैला बेहद गोपनीय अमेरिकी वायुसेना बेस एरिया 51 पिछले लंबे समय से कई अलौकिक गतिविधियों और एलियन कॉन्सपिरेसी को लेकर चर्चा में रहता है। इस बीच यह टॉप सीक्रेट एरिया 51 गूगल अर्थ पर देखा गया है। यहां पर एक रहस्यमय त्रिकोणीय टावर मौजूद है। इस तस्वीर के सामने आने के बाद कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि यह एलियन तकनीक हो सकती है।

# प्रादेशिकी

## महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से खुलेंगे तरक्की के रास्ते : बेदी

**सिरसा।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से तरक्की के रास्ते खुलेंगे। हवाई अड्डे के साथ ही यहां इंडस्ट्रियल हब भी बनाया जा रहा है, जिससे औद्योगिक क्रांति आएगी। श्री बेदी ने सिरसा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिसार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह दिन हरियाणा के लिए ऐतिहासिक होगा, क्योंकि इसी दिन प्रधानमंत्री मोदी यमुनानगर में 800 मेगावाट थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला रख रहे हैं। जहाज की पहली उड़ान प्रयागराज जाएगी। श्री बेदी ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य हैं लेकिन हिसार में एयरपोर्ट व इंडस्ट्रियल हब बनने के बाद औद्योगिक क्रांति आएगी और औद्योगिक तरक्की का स्वरूप बदलेगा, इससे अधिक लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि है उन्नति के रास्ते पर हरियाणा लगातार आगे बढ़ रहा है और यही कारण है कि पूरे देश में प्रति व्यक्ति आय के मामले में हरियाणा आगे है।

# धामी ने किया अग्रसेन अग्रवाल आश्रम के नए भवन का उद्घाटन

■ उत्तराखंड की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता पर किसी भी प्रकार की कोई आंच नहीं आने दी जाएगी : धामी




**हरिद्वार/देहरादून,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार में महाराजा अग्रसेन अग्रवाल आश्रम ट्रस्ट के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर, ट्रस्ट के नव निर्मित भवन का शुभारम्भ किया। श्री धामी ने सेवा एवं समर्पण के प्रतीक महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए सभी को ट्रस्ट के 50 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी करने पर शुभकामनाएं दी। श्री धामी ने कहा कि अग्रवाल आश्रम ट्रस्ट द्वारा पिछले 50 वर्षों से समाज सेवा, धार्मिक जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण, मानव कल्याण से जुड़े कार्यों को समर्पित भाव से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस भवन का आज लोकार्पण हुआ, उसके भव्य घाट आध्यात्मिक साधना का प्रमुख केंद्र बनेंगे एवं सामाजिक एकता को दर्शाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता पर किसी भी प्रकार की कोई आँच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ये ट्रस्ट हरिद्वार के साथ वृंदावन में भी अत्याधुनिक भवन और सत्संग हॉल का सफल संचालन कर रहा है। अनेक लोग ट्रस्ट के संचालन में अपना योगदान दे रहे हैं, साथ ही अयोध्या में भी ट्रस्ट द्वारा आधुनिक सुविधाओं से युक्त आश्रम का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन भारतीय समाज के ऐसे आदर्श नायक थे, जिनका संपूर्ण जीवन- जन सेवा, सत्कर्म और समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा है, उन्होंने सदैव समाज के हित को प्राथमिकता देते हुए जनकल्याण के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट-एक रुपया का जो मंत्र दिया था, वह आर्थिक सहयोग का प्रतीक एवं सामाजिक एकता, समानता, सामूहिक उत्तर दायित्व, समरसता का जीवंत उदाहरण है।

## बागेश्वर का ऐतिहासिक कत्यूर महोत्सव शुरू, धामी ने किया वर्चुअल शुभारंभ

**बागेश्वर/नैनीताल।** उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के बैजनाथ में रविवार को तीन दिवसीय कत्यूर महोत्सव का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महोत्सव का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बैजनाथ की यह ऐतिहासिक भूमि 7वीं सदी में कत्यूर राजवंश की राजधानी रही है। कत्यूरी शासक अपनी समृद्ध कला, गौरवशाली संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं न्यायप्रिय शासन प्रणाली के लिए विख्यात थे। उन्होंने प्राचीन बैजनाथ मंदिर का निर्माण कराया, जो न केवल उत्तराखंड बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में आस्था का प्रमुख केंद्र है। भगवान शिव को समर्पित यह धाम कत्यूरी शासनकाल की स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कत्यूर महोत्सव के माध्यम से इस ऐतिहासिक क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने का सराहनीय प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार उत्तराखंड के समग्र विकास के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार एवं सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने हेतु संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। श्री धामी ने कहा कि केदारखंड की भांति मानसखंड में स्थित कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण हेतु भी कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में बैजनाथ धाम के साथ-साथ माँ कोट भ्रामरी मंदिर का भी विकास किया जा रहा है।

## अस्पताल तोड़फोड़ के दोषियों को 10 गुना भरपाई करनी होगी : उपायुक्त

**गुरदासपुर,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में गुरदासपुर के जिला अस्पताल बब्बरी में शनिवार रात हुई हिंसा की घटना को लेकर जिला उपायुक्त दलविंदरजीत सिंह ने रविवार को कहा कि दोषियों को अस्पताल को हुए नुकसान की भरपाई 10 गुना करनी होगी। श्री सिंह ने कहा कि झगड़ा करने वाले व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एसएसएसपी श्री आदित्य ने बताया कि झगड़े में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन पर पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ़ मेडिकेयर सर्विस पर्सन्स एंड मेडिकेयर सर्विस इंस्टीट्यूशंस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि यह झगड़ा दो पक्षों के बीच हुआ था, लेकिन किसी डॉक्टर या स्टाफ को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अस्पताल को हुए नुकसान के अनुसार संबंधित धाराएं जोड़ी गई हैं और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सिविल सर्जन डॉ. प्रभजोत कौर कलसी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब झगड़े में शामिल एक पक्ष इलाज के लिए जिला अस्पताल बब्बरी पहुंचा और उसी दौरान दूसरा पक्ष भी अस्पताल में आकर झगड़ा करने लगा।

# गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेगा हिमाचल: सुक्खू



हिमाचल प्रदेश वर्ष 2032 तक देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाला देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेगा : ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**शिमला,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां से प्रदेश के 70 शिक्षकों को सिंगापुर की शैक्षणिक यात्रा पर रवाना किया। इन शिक्षकों में प्रदेश के सभी श्रेणियों के शिक्षक शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को सशक्त और नवाचारी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिनमें शिक्षकों को वैश्विक अनुभव दिलवाने की पहल अग्रणी है। उन्होंने कहा कि भ्रमण से ज्ञानार्जन होता है और अनुभव बढ़ता है। शिक्षकों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार ने सिंगापुर की प्रतिष्ठित प्रिंसिपल्स अकादमी के साथ ऐतिहासिक करार किया है। इससे शिक्षकों के ज्ञान, कौशल और शिक्षण विधियों में अभूतपूर्व सुधार होगा। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा और प्रदेश की शिक्षा प्रणाली अधिक समावेशी, प्रभावी और आधुनिक बनेगी। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश वर्ष 2032 तक देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाला देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत दो वर्षों में सरकार द्वारा आरम्भ की गई व्यवस्था परिवर्तन की प्रक्रिया के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। असर (एनुअल स्टेट्स ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट) द्वारा जनवरी, 2025 में जारी रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश के बच्चों का पढ़ने का स्तर पूरे देश में सबसे बेहतर आंका गया है। इस रिपोर्ट के अधिकांश मापदंडों में हिमाचल स्कूली शिक्षा में देशभर में श्रेष्ठ राज्य रहा है। राज्य स्तर पर किए गए सैंपल सर्वे में भी बच्चों के शिक्षण स्तर में बेहतरी देखी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में बदलाव लाने की आवश्यकता है। पाठ्यक्रम में सामान्य ज्ञान विषय आरम्भ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी शिक्षा नीति बनाई जाएगी, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में प्रशासनिक बदलाव की प्रक्रिया के साथ-साथ गुणात्मक शिक्षा के लिए भी अभिनव पहल और तबादला प्रक्रिया में सकारात्मक बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में सबसे योग्य शिक्षक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है, इसका अध्ययन किया जाएगा।

### सार संक्षेप

## गुरमीत की अंबेडकर जयंती पर शुभकामनाएं

**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से नि) गुरमीत सिंह ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री सिंह ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक न्याय, समता और मानवाधिकारों के पुरोधा थे। उनका पूरा जीवन वंचित, दलित और शोषित वर्गों के उत्थान को समर्पित रहा। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचार और उनका जीवन-दर्शन आज भी हमें एक समरस, समतामूलक तथा न्यायपूर्ण समाज की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

## पंजाब : 61 नशा तस्कर गिरफ़्तार, हेरोइन व ड्रग मनी जब्त

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने रविवार को 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 44वें दिन भी 61 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया है और उनके कब्जे से 1.3 किलो हेरोइन और 91.3 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इस कार्रवाई के साथ पिछले 44 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 5926 हो गई है। यह अभियान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ चलाया गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा इस मुहिम की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की गई है।

## किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में की खुदकुशी

**हरिद्वार।** जिले के लक्सर में एक किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवारों में मातम छाया हुआ है। थाना पथरी क्षेत्र के पदार्था गुर्जर बस्ती में 17 वर्षीय किशोर ने खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि पारिवारिक नाराजगी के चलते युवक ने ये खौफनाक कदम उठाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार युवक वर्तमान में पदार्था गांव में किराए पर रह रहा था और सिडकुल स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत था।

## सुडोकू 6882 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 |
| 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 |

# अवैध रूप से संचालित तीन मदरसे सील,फोर्स तैनात

**हल्द्वानी,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। बनभूलपुरा इलाके में कई अवैध मदरसा संचालित होने के शिकायत और जांच के बाद जिला प्रशासन ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित तीन मदरसों को सील किया है। अपर जिलाधिकारी विवेक राय के नेतृत्व में सुरक्षा के मद्दे नजर भारी पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्रवाई हुई। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया सर्वे और जांच में सामने आया है कि सील किए गए सभी मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। इसके अलावा कुछ मदरसों के खिलाफ गंभीर शिकायतें भी दर्ज की गई थीं। यहां बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था न होना, शौचालय और स्वच्छता की कमी, सुरक्षा उपायों के तहत सीसीटीवी कैमरे न होना आदि पाए गए हैं। मदरसा संचालन की मान्यता भी नहीं है। कुछ मदरसे तो मस्जिदों के भीतर ही संचालित हो रहे थे जो कि नियमों के विरुद्ध पाये गये। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जिससे कानून-व्यवस्था बनी रहे। वर्ष 2024 में 8 फरवरी को बनभूलपुरा में अवैध मदरसा ध्वस्त करने के बाद वहां पर हुई हिंसा से सबक लेते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने रविवार को ही कार्रवाई को गंभीरता से लिया है। शहर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात की गई है।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमाने शुल्क के खिलाफ कठोर कानून बनाने की मांग

■ व्यावसायिक हो या गैर व्यावसायिक सभी स्कूलों को कानून के दायरे में लाना जरूरी है

■ अमरनाथ तिवारी




**देहरादून,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त नागरिक संगठन द्वारा आयोजित संवाद में दून की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने, प्राइवेट स्कूलों के संचालकों द्वारा विभिन्न प्रकार के मनमाने शुल्क लिए जाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु राज्य में उत्तर प्रदेश की तरह,कठोर कानून बनाए जाने की मांग की। संगठन का कहना था कि प्राइवेट स्कूलों तथा व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं द्वारा अभिभावकों से शिक्षण शुल्क,परीक्षा शुल्क आदि में मनमानी बढ़ोतरी पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश की तरह 'स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय शुल्क अधिनियम 2018' की तरह उत्तराखंड में भी सरकार को कठोर एक्ट लागू करना पड़ेगा अन्यथा अभिभावकों का आर्थिक शोषण जारी रहेगा। सरकारें बदली कई मुख्यमंत्री भी बदल गए पर राज्य में 2006 से फाइलों में धूल फांक रहा 'उत्तराखंड गैर सहायता प्राप्त निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थान (प्रवेश विनिमय एवं शुल्क निर्धारण)अधिनियम 2006'का प्रारूप आज 18 साल बाद भी अंतिम सांसे गिन रहा है। अधिनियम हालांकि व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों के लिए प्रस्तावित था परंतु इसे भी अमली जामा पहनाने में जनप्रतिनिधियों, नौकरशाही के हाथ कांप गए। व्यावसायिक हो या गैर व्यावसायिक सभी स्कूलों को कानून के दायरे में लाना जरूरी है। अभिभावकों की शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर व वेबसाइट लांच किया जाना महज खाना पूरी है,शिक्षा विभाग तथा प्रशासन के अधिकारियों के पास कठोर कानून के अभाव में कोई स्पष्ट अधिकार ही नहीं है। इनको शिकायतों की जांच के आधार पर स्कूलों की मान्यता खत्म करने, आर्थिक दंडात्मक कार्रवाई करने के स्पष्ट अधिकार ही जब नहीं है तो केवल बार बार निर्देश देने,नोटिस जारी करने,चेतावनी देने जैसी कार्यवाही महज खानापूरी साबित हो चुकी है। अब बंदर घुड़की से काम नहीं चलने वाला है। स्कूलों द्वारा विशेष दुकानों से ही किताबें,जूते, मौजे यूनिफॉर्म खरीदने की बाध्यता,स्पेशल एक्टिविटी, स्मार्ट क्लास फीस, कंप्यूटर फीस, विकास शुल्क, इवेंट चार्ज, मेंटेनेंस फीस के नाम पर अभिभावकों का शोषण अन्यायपूर्ण व्यवस्था की पराकाष्ठा है। जबकि ये सभी शुल्क शिक्षण शुल्क में समाहित होने चाहिए।

## केलांग में 15 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा हिमाचल दिवस

**केलांग,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में 15 अप्रैल को जिला स्तरीय हिमाचल दिवस पुलिस ग्राउंड में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी मुख्य अतिथि होंगे। वे ध्वजारोहण करेंगे और आकर्षक परेड की सलामी लेंगे। पुलिस उप अधीक्षक राज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल दिवस के लिए आयोजित परेड में चार टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें पुलिस जवान, होमगार्ड, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केलांग और केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परेड के साथ-साथ स्थानीय महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह और स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कानून व्यवस्था और यातायात को सुचारू रखने के लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस उप अधीक्षक राज कुमार ने बताया कि करीब 70 पुलिस जवान इस दौरान ड्यूटी पर रहेंगे। सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ड्रोन कैमरों से पूरे इलाके पर नजर रखी जाएगी।

## कई पहाड़ी क्षेत्रों में मलवा आने से केदारनाथ हाईवे क्षेत्र के कई मार्ग बंद

■ कांग्रेस ने चारधाम यात्रा की तैयारियों पर उठाए सवाल

**देहरादून,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। चार धाम यात्रा तैयारियों के दौरान बिगड़े मौसम के मिजाज ने शासन-प्रशासन के सामने समस्याएं खड़ी कर दी है। वहीं जहां सरकार समय से पूर्व व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का दावा कर रही है तो विपक्ष कांग्रेस द्वारा यात्रा की तैयारियों को लेकर सरकार की घेराबंदी शुरू कर दी गई है। 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही चार धाम यात्रा की तैयारियों में खराब मौसम ने खलल डाल दिया है। पहाड़ों पर हो रही अतिवृष्टि के कारण सड़कों पर मलवा आने से राजमार्गों की हालत और अधिक खराब हो गई है। रुद्रप्रयाग से प्राप्त समाचार के अनुसार केदारनाथ हाईवे पर बांसवाड़ा के पास मलवा और बोल्डर आने से मार्ग अवरूद्ध हो गया है। सड़कों की मरम्मत और पैच वर्क का काम भी बारिश और ओलावृष्टि के कारण नहीं हो पा रहा है। वहीं पैदल मार्ग पर बर्फ हटाने का काम भी प्रभावित हुआ है। बीते दो दिनों से हो रही बारिश के कारण तमाम स्थानों पर पहाड़ से मलवा आने और सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें मिल रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से लेकर मुख्य सचिव आनंद वर्धन और कमिश्नर विनय शंकर पांडे लगातार यात्रा तैयारियों की समीक्षा करने तथा उन्हें समय से पूर्व पूरा कराने की कोशिशों में लगे हुए हैं वही मौसम द्वारा काम में रुकावट डाली जा रही है। खास तौर से सड़कों की सुधारीकरण का काम ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला फूंका



■ बढ़ती महंगाई से आम आदमी का जीना दूभर हो गया है : गोगी

**देहरादून,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोली के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने डीजल पेट्रोल, घरेलू गैस सिलेंडर, बिजली की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के विरोध में हल्ला बोल दिया है। रविवार को उत्तराखंड कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार का पुतला फूंककर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर गोगी ने कहा बढ़ती महंगाई से आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने सरकार पर जनता का उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया। गोगी ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा फर्क है। सत्ता में आने से पूर्व डबल इंजन की भाजपा सरकार ने जनता से महंगाई कम किए जाने का वादा किया था लेकिन इसके ठीक उलट भाजपा सरकार लगातार जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डालने में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर गोगी ने कहा पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के ऊपर राज्य सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाकर आर्थिक बोझ डाल दिया है इधर केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर मे 50 रूपए बढ़ा दिए हैं। पेट्रोल डीजल में भी एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है। इससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## चारधाम यात्रा मार्ग में डॉक्टरों की तैनाती को एनएमसी की मंजूरी

**देहरादून,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। चारधाम यात्रा जैसे विशाल और संवेदनशील आयोजन के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में उत्तराखंड की धामी सरकार के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के उस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है, जिसमें पोस्टग्रेजुएट मेडिकल ट्रेनी डॉक्टरों की स्वैच्छिक तैनाती की अनुमति मांगी गई थी। रविवार को यह जानकारी सचिव, स्वास्थ्य, डा आर राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस अनुमति मिलने से अब पहली बार, एमडी/एमएस/डीएनबी जैसे पोस्टग्रेजुएट डॉक्टर चारधाम यात्रा में सेवा देकर डिस्ट्रिक्ट रेजीडेंसी प्रोग्राम (डीआरपी) प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि एनएमसी ने स्पष्ट किया है कि यात्रा के दौरान दी गई सेवाएं क्लीनिकल रोटेशन या डीआरपी के अंतर्गत मान्य होंगी और डॉक्टरों को इसके लिए अलग से तीन माह की ट्रेनिंग नहीं करनी पड़ेगी। दूसरी ओर, एनएमसी के सचिव डॉ. राघव लांगर ने कहा कि यह एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां शैक्षणिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र का समन्वय समाजहित में उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

# छुट्टियां बिताने नैनीताल पहुंचे भारी संख्या में पर्यटक

■ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने 15 हजार से अधिक पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने का अनुमान लगाया



**नैनीताल,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। रविवार को भी नैनीताल पर्यटकों से पैक हो गया। क्योंकि सोमवार को भी अंबेडर जंयती की छुट्टी है। जिसके चलते वाहनों दबाव ऐसा कि सुबह ही पार्किंग स्थल फुल हो गए। ऐसे में पुलिस को दोपहर बाद विशेष यातायात प्लान लागू करना पड़ा। एंट्री प्वाइंट में पर्यटक वाहनों को रोक शटल सेवा से शहर भेजा गया। इससे एंट्री प्वांटों पर कई किमी लंबा जाम लगा। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने 15 हजार से अधिक पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने का अनुमान लगाया है। शहर में लंबा वीकेंड होने के कारण गुरुवार से ही पर्यटकों की आमद बनी हुई है। शनिवार को भारी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे। पर्यटकों की आमद बढ़ने से सुबह ही शहर के डीएसए, मेट्रोपोल, बीडी पांडे अस्पताल के समीप समेत अन्य पार्किंग स्थल फुल हो गए। वाहनों के दबाव को देखते हुए पुलिस को दोपहर बाद विशेष यातायात प्लान लागू करना पड़ा। भवाली मस्जिद तिराहे से वाया ज्योलीकोट होते हुए वाहनों को नैनीताल की ओर भेजा गया। रूसी एक व रुसी दो में पर्यटक वाहनों को पार्क कर शटल सेवा से शहर तक भेजा गया। एडवांस बुकिंग कर आने वाले पर्यटक वाहनों को ही शहर में एंट्री मिली। ट्री प्वाइंट में पर्यटक वाहनों को रोकने से हल्द्वानी व कालाढूंगी मार्ग पर मीलों लंबी कतार लगी रही। शहर के भीतर एंट्री नहीं मिलने से निराश कई पर्यटक वापस भी लौट गए। होटल-गेस्ट हाउस पैक शहर में पर्यटकों की आमद बढ़ने से होटल व गेस्ट हाउस भी फुल टैरिफ में पैक हो गए। लंबे वीकेंड पर पर्यटकों की आमद में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को होटलों की तलाश में पर्यटक परेशान नजर आए। होटल न मिलने पर नजदीकी पर्यटन स्थलों का रुख करना पड़ा। शनिवार को नगर के पर्यटन स्थल स्नोव्यू, राजभवन, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन व हनुमानगढ़ी की सैर पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। नौका विहार करने वालों का तांता लगा रहा। मालरोड भी सैलानियों से पटी नजर आई। सोमवार तक पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी जारी रहने का अनुमान है। टैक्सी चालकों की लूट शुरू पर्यटन सीजन के जोर पकड़ते ही पर्यटन कारोबार में लगे लोगों की लूट-खसोट भी शुरू हो गई है।

## बैसाखी पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई अस्था की डूबकी



**हरिद्वार,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। रविवार को बैसाखी का पर्व पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। हरिद्वार में हर की पैड़ी समेत विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डूबकी लगाई और पूजा अर्चना की। बैसाखी के अवसर पर गेहूं की फसल तैयार हो जाती है और इसी दिन से फसल कटनी शुरू हो जाती है। जबकि इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना भी की गयी थी। इस कारण इस पर्व को हिंदू व पंजाबी समुदाय में धूमधाम से मनाया जाता है। बैसाखी पर गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। स्नान का महत्व होने से हरिद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और गंगा स्नान कर पूजा व दान कर पुण्य अर्जित किया। पुलिस प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी कड़े इंतेजाम किए गए थे। मेला क्षेत्र को 4 सुपर जोन, 14 जोन और 40 सेक्टर में बांटकर पुलिस बल तैनात किया गया है। पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि बैसाख मास पूरा का पूरा ही महीना बड़ा पुण्यदायी और भगवान को प्रिय है। प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक बैसाख में किसी भी तीर्थ पर जाकर स्नान से बड़ा पुण्य प्राप्त होता है।

# प्रादेशिकी

## पुलिस ने बैरियर लगा बाजार में वाहनों का आवागमन रोका

**मवाना,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। व्यापारियों ने गत दिवस पुलिस के समक्ष जाम का मुद्दा उठाते हुए बाजारों में अवैध ई-रिक्शा के आवागमन पर रोक लगाने के मांग की थी। पुलिस ने व्यापारियों की मांग को देखते हुए ई-रिक्शाओं का आवागमन बैरियर लगाकर रोक लिया। जानकारी के मुताबिक गत दिवस सर्राफा स्वर्णकार एसोसिएशन की हनुमान जन्मोत्सव पर आर्य कन्या इंटर कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान व्यापारियों ने मुख्य अतिथि थाना प्रभारी विशाल श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया था। व्यापारियों ने बाजारों में ई-रिक्शाओं आवागमन रोकने की मांग की थी। थाना प्रभारी द्वारा समाधान का आश्वासन देते हुए बताया था कि हमने अवैध ई रिक्शाओं के खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई की थी और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# वक्फ कानून के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहा विपक्ष : योगी

- **वक्फ कानून का विरोध करने पर विपक्षी दलों पर बोला हमला**



**वक्फ कानून के नाम पर भड़काई जा रही है हिंसा : योगी आदित्यनाथ**

**लखनऊ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वक्फ संशोधन कानून का विरोध करने पर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी ने वक्फ को लेकर विपक्ष पर गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि वक्फ कानून के नाम पर हिंसा भड़काई जा रही है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद हिंसा पर भी चिंता जताई।

लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आप देखते होंगे दलितों की झोपड़ी और जमीनों पर कब्जा करने वाले कुछ लोग इन्हीं दलों से जुड़े हुए होंगे। हमें आश्चर्य होता है कि यह (पश्चिम बंगाल) वही राज्य है, जहां वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीनों पर जबरन कब्जा किया गया था। उनके पास कोई कागज या राजस्व रिकॉर्ड नहीं है। अब जब वक्फ संशोधन विधेयक संसद में पारित हुआ है और इस पर कार्रवाई की जा रही है, तो इसके खिलाफ हिंसा भड़काई जा रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में तीन हिंदुओं की निर्मम हत्या हुई है। उनके घरों से बाहर खींचकर, उनकी हत्या की गई है। ये सब कौन हैं। यह वहीं दलित, वंचित और गरीब हिंदू हैं, जिन्हें इस जमीन का सर्वाधिक लाभ मिलने वाला है। इन्हें भय है कि दलितों, वंचितों और गरीबों को अगर हाई राइज बिल्डिंग मिल जाएगी। तो वोट बैंक समाप्त हो जाएगा, गुमराह करने की राजनीति हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। इसलिए यह हिंसा भड़का रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि तीन वर्ष पहले राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल ने एक पुस्तक लिखी थी। वह पुस्तक बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर और आजादी के समय दो महान दलित योद्धाओं के तुलनात्मक अध्ययन पर आधारित थी। एक तरफ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर थे, जिन्होंने कहा था कि उनका आदि भी और अंत भी एक भारतीय के रूप में रहेगा और दूसरी तरफ योगेंद्र नाथ मंडल थे, जिन्होंने पाकिस्तान का समर्थन किया था, लेकिन वह एक वर्ष भी वहां नहीं रह पाए थे।

## पिछड़े वर्ग के सशक्तिकरण को सरकार तत्पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य के पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण और सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के दृष्टिकोण को आत्मसात करते हुए सरकार शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में कई योजनाओं को लागू कर रही है। छात्रों को छात्रवृत्ति और कंप्यूटर प्रशिक्षण व छात्रावास अनुरक्षण जैसी योजनाओं के माध्यम से तो गरीब घर की बेटियों को शादी अनुदान के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है। वहीं, पिछड़े वर्ग के महापुरुषों के नाम पर विभिन्न योजनाओं को संचालित और स्थापना की जा रही है। पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना के तहत विगत 8 वर्ष में 32,49,854 अनुसूचित जाति के छात्रों को 708.49 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है।

## अंडर-19 यूथ बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**मेरठ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है जनपद मेरठ में उप्र बॉक्सिग संघ एव जिला वाँक्सिग संघ के संयुक्त तत्वाधान में 14 अप्रैल तक अण्डर 19 प्रदेश स्तरीय यूथ बालक बाँक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय कैलाश प्रकाश स्पोर्टस स्टेडियम मेरठ के बाँक्सिग एरिना में किया जा रहा है



जिसमें आज उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अजय भभराला कोषाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्जा पश्चिम उत्तर प्रदेश रहे मुख्य अतिथि दारा खिलाडियो का हाथ मिलाकर प्रतियोगिता का शुभ आरम्भ किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार महासचिव उ0 प्र0 वाँक्सिग संघ, रोहित पाण्डेय कोषाध्यक्ष उ0प्र संतोष क्षेत्री सह सचिव उ0 प्र0 वाँक्सिग संघ रहे मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर एवं वैच लागाकर भीष्म सिंह अध्यक्ष मेरठ बाँक्सिग संघ द्वारा किया गया।

## डीएवी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी का उत्सव



- **प्रधानाचार्य डॉ. विनीत त्यागी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**
- **विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम**

**हापुड़,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। डीएवी पब्लिक स्कूल हापुड़ में बैसाखी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ विनीत त्यागी द्वारा सभी छात्रों को बैसाखी की शुभ कामनाओं के साथ किया गया। कक्षा चार, सात व कक्षा दस के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बैसाखी, जिसे वैसाखी भी कहा जाता है, एक प्रमुख त्योहार है जो हर साल 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाता है। यह पर्व मुख्यत: पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में मनाया जाता है। बैसाखी का महत्व धार्मिक, सांस्कृतिक और कृषि से जुड़ा हुआ है। बैसाखी का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व बैसाखी का दिन सिख धर्म में विशेष महत्व रखता है क्योंकि इसी दिन 1699 में दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस दिन को शखालसा सृजन दिवसश् के रूप में भी जाना जाता है। गुरुद्वारों में कीर्तन, अरदास, नगर कीर्तन और विशेष लंगर का आयोजन किया जाता है। बैसाखी रबी फसल की कटाई का समय होता है, विशेषकर गेहूं की। किसान इस दिन भगवान का धन्यवाद करते हैं और अच्छे भविष्य की कामना करते हैं। पंजाब में यह पर्व नई ऊर्जा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। बैसाखी का दिन भारतीय इतिहास में भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर में जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ था, जिसने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। बैसाखी केवल एक धार्मिक या कृषि पर्व नहीं है, बल्कि यह एकता, समर्पण और उत्सव का प्रतीक है। यह दिन हमें अपने इतिहास, संस्कृति और परंपराओं की याद दिलाता है और समाज में भाइचारे और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानचार्य डा.विनीत त्यागी ने कहा कि किसान अपनी मेहनत के द्वारा उगाई गई गेहूं की फसल को समेटने की खुशी में इस त्योहार को नृत्य, संगीत व भांगड़ा इत्यादि के माध्यम से प्रसन्नता प्रगट करते हैं। आगामी भीमराव अंबेडकर जी के जन्मोत्सव पर प्रधानाचार्य डॉ. विनीत त्यागी ने उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों तथा उनकी उपलब्धियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

## सार संक्षेप

### सामाजिक मुद्दों पर छात्र आंदोलन की बनाई रणनीति

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी विचारधारा को युवाओं में विस्तार देने हेतु समाजवादी छात्र सभा की मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय जिला कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने की। बैठक की शुरुआत सामाजिक न्याय और पिछड़ों के हक की आवाज रहे श्रद्धेय वी.पी. मंडल की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कार्यकर्ताओं ने उनके संघर्ष और योगदान को याद किया और उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### सांप के काटने से युवक की मौत

**बहसूमा।** शनिवार की देर रात्रि अकबरपुर सादात निवासी एक युवा के खाना खाने के बाद सो गया था रात्रि के समय जहरीला सांप ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी। थाना पुलिस ने सपेरे को बुलाकर जहरीला सांप को पकड़वा दिया और मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ मोर्चरी भिजवा दिया। घटना की रिपोर्ट परिजनों दे इत्तेफ़ाकिया में दर्ज कराई है।

### बैसाखी पर्व पर भव्य मेले का हुआ आयोजन

**मवाना।** बैसाखी पर्व को लेकर पंज प्यारे भाई धर्म सिंह की जन्मस्थली सैफपुर कर्मचंदपुर गुरुद्वारे में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में दूर दराज के राज्यों से भी सिक्ख संगत ने गुरबाणी का श्रवण किया साथ ही गुरुघर में माथा टेका। सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना करते समय पंज प्यारे सजाए गए थे।


### सूचना

मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट गुम हो गई है। जिसका वर्ष 2022 व अनुक्रमांक 1220442345 है। राजेश पायलट इंटर कॉलेज रानी नंगला मेरठ से उत्तीर्ण की है।

**-यश पुत्र योगेन्द्र ग्राम मीवा मवाना मेरठ।**

## श्रीमद भगवद् गीता पर कार्यशाला का आयोजन मई में

**मेरठ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द शोध पीठ द्वारा अगले माह मई में श्रीमद भगवद् गीता पर 20 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अल्पकालिक सर्टिफिकेट कॉर्स भी शुरू किया जाएगा। इस्कॉन मंदिर मेरठ के अध्यात्मिक गुरू प्रभु चारू गोविन्द दास ने स्वामी विवेकानन्द शोध पीठ की संयोजिका प्रो. डॉ.मोनिका मेहरोत्रा के साथ सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज से भेंट की। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने बताया कि श्रीमद भगवद् गीता के पाठ से जीवन की सभी नकारात्मक ऊर्जाएं दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने लगता है। इतना ही नहीं गीता पढ़ने से व्यक्ति का आत्मबल बढ़ता है और व्यक्ति साहसी बनकर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ता है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से उनमें सकारात्मक ऊर्जा के संचार हेतु आगामी मई में 20 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने अध्यात्मिक गुरू प्रभु चारू गोविन्द दास का अभिनंदन किया।



## अजन्मे बच्चें पर पड़ता है गर्भवती के मानसिक स्वास्थ्य का असर : राहुल बंसल



- **विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार का किया गया आयोजन**
- **आधुनिक रिसर्च के परिणामों में देखी गई संभावनाएं**
- **स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य के विषय पर दिया व्याख्यान**

**मेरठ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। सुभारती मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसन विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज के काउंसिल हॉल में सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता कम्युनिटी मेडिसन विभाग में प्रोफेसर व एडवाईजर डॉ. राहुल बंसल ने 'स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य' के विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने अजन्मे बच्चे का गुप्त जीवन, जो डॉ. थॉमस वर्नी एम.डी. की पुस्तक में शोध से एकत्र जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला की मानसिक स्थिति एवं खान-पान का गहरा असर होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य पर पड़ता है। यदि गर्भवती महिला अपने गर्भ में पल रहे अपने बच्चे के जन्म को लेकर प्रसन्ना व आशावान है, तो बहुत संभावना है कि उसकी सन्तान भी मानसिक व शारीरिक रूप में स्वस्थ होगी। यदि गर्भवती महिला अपनी सन्तान को लेकर आशंकित है, तनाव में है, तो उनका बच्चा सम्भवत मानसिक व शारीरिक रूप से अस्वस्थ होगा। डॉ. बंसल ने यह भी बताया कि आधुनिक रिसर्च भी यह सिद्ध करती है कि गर्भवती मां व उसके पति का व्यवहार तथा गर्भवती मां की लाइफस्टाइल होने वाले बच्चे में 'एपीजेन्टीक' बदलाव ला देती है, यानि उस बच्चे के कुछ जीन्स एक्टिव हो जाते है और कुछ जीन्स एक्टिव नहीं होते।

इस एपीजेन्टीक बदलाव का बच्चे के आगे आने वाले जीवन में कुछ गंभीर बीमारियों से सीधा सम्बन्ध पाया गया है, जैसे- मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन आदि।

## हैदराबाद की जीत पर किया गया फायर, दोस्त की मौत

**मेरठ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। परीक्षितगढ़ थाने के खजूरी गांव की है। खजूरी गांव के रहने वाले रिफाकत शनिवार को परिवार के साथ शादी में शामिल होने मेरठ गए थे। पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मैच देखने की बात कहकर उनका पोता घर पर ही रुक गया। वह कक्षा सात में पढ़ता है। मैच देखने उसका पड़ोसी मोहम्मद कैफ (18) आ गया। दोनों साथ बैठकर मैच देख रहे थे। इसी बीच, छात्र अपने दादा की लाइसेंसी बंदूक उठा लाया। करीब 11 बजे हैदराबाद के मैच जीतने पर उसने बंदूक का ट्रिगर दबा दिया। गोली मोहम्मद कैफ की आंख के ऊपर लगी, जो सिर को चीरते हुए आर-पार हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। देखा तो आरोपी किशोर घर के बाहर बेहोश पड़ा था। कमरे के अंदर मोहम्मद कैफका शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और कमरा सील कर दिया।

## फुले अम्बेडकर पर सेमिनार आयोजित

**मेरठ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। परिवर्तन संस्था द्वारा राजा हरिश्चंद्र भवन कुटी चौराहा शास्त्री नगर मेरठ में फुले अम्बेडकर रेव्यूलेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष वेदवीर सिंह आदिवासी ने की तथा संचालन पंकज दास ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख चौ. विनोद अम्बेडकर मौजूद रहे। पिंकी अम्बेडकर (अध्यक्ष महिला विंग) हरप्रकाश राव, राजीव ऊंटवाल, वेदप्रकाश सागर, विशिष्ट अतिथि रहे। सेमिनार का प्रारंभ फुले अम्बेडकर के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर संस्था के समूहगान से हुवा। मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख चौ. विनोद अम्बेडकर ने कहा कि ऊंच नीच छुवाछूत मेदभाव गैरबराबरी की जातिवादी व्यवस्था के विरुद्ध एवं शिक्षा समानता और बंधुत्व के वाहक थे फुले और अम्बेडकर। वो खुद भी इस व्यवस्था के शिकार हुवे थे इसलिए इन्होंने शिक्षा संगठन और संघर्ष के मूवमेंट को समाज में खड़ा कर वैचारिक क्रांति की। वो खुद आजीवन अभावग्रस्त जीवन जिए तब जाकर आज हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। हर क्षेत्र में जो उन्नति आज हम कर पाए यह सब महापुरुषों के त्याग बलिदान की वजह से संभव हो सका। महिलविंग की अध्यक्ष पिंकी अम्बेडकर ने कहा कि फुले आंबेडकर को महान बनाने में तथा उनके द्वारा जो रेव्यूलेशन किया गया उसमें उनकी जीवन संगनी माता सावित्री एवं माता रमाबाई का बहुत बड़ा योगदान था जिन्हें समाज के लोग स्मरण नहीं करते। केंद्रीय अध्यक्ष वेदवीर सिंह आदिवासी ने भी विचार रखे। सेमिनार में पंकज दास, सोनू टांक, राजकुमार कल्याण, पवन वेद, मनोज वर्मा, सुजल भाटिया, मोहित मोंगिया, संजीव कुमार, अंकुश कुमार, विक्की, छोटे, कवरवीर सिंह, संजय कुमार, बिजेंद्र सागर कु. कनक अम्बेडकर आदि स्त्री पुरुष शामिल रहे।




## कबड्डी में एमआईईटी ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

**मेरठ,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। विद्या यूनिवर्सिटी में शनिवार को दो दिवसीय जोनल स्तर के स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 'प्रतिस्पर्धा' का धूमधाम से समापन हुआ। इसमें विभिन्न स्कूल-कॉलेज की कब्बडी की 17 टीम मैदान में उतरीं। वहीं योग के 12 समूहों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य विभिन्न स्कूल और कॉलेज के उत्साही युवा खिलाड़ियों को एक साझा मंच प्रदान करना रहा। विद्या यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय जोनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 'प्रतिस्पर्धा' का उद्घाटन विद्या कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ.अश्विनी वशिष्ठ, विद्या स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशिका डॉ. वसुधा शर्मा, निदेशक फारमेसी डॉ. निशांत वर्मा एवं विद्या ग्लोगल स्कूल के प्रिंसिपल विनीत सूद ने फीटा काटकर किया। इसके बाद मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विद्या गान हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पौध भेंट किया गया।




## अम्बेडकर जयंती से पहले सीओ ने निकाला फ्लैग मार्च

**मवाना,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। अम्बेडकर जयंती पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है, जयंती से एक दिन पूर्व ही मेरठ के मवाना थानाक्षेत्र में सीओ मवाना अभिषेक पटेल ने थाना टीम व अतिरिक्त सुरक्षा बलों के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया.आपको बता दें कि सोमवार को अम्बेडकर जयंती की शोभायात्रा निकाली जानी है जयंती से ठीक एक दिन पहले रविवार शाम को सीओ मवाना अभिषेक पटेल ने थाना प्रभारी निरीक्षक विशाल श्रीवास्तव, लाइन से आए अतिरिक्त फोर्स व क्यूआरटी टीम के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च थाना मवाना से शुरू होकर सुभाष बाजार,सब्जी मंडी चौराहा, दयानंद बाजार, पांडव चौक, भगत सिंह चौक, गाढ़ों वाला चौक, खतौलिया चौक, खलील चौक, मुन्नालाल बाजार, सुभाष चौक, फलावदा तिराहा,चौहान चौक होते हुए वापस थाना मवाना पर समाप्त हुआ। इस दौरान सीओ मवाना ने शोभा यात्रा निकालने वाली कमेटी के लोगों से भी वार्ता की।


**यूको बैंक (सम्मान आपके विश्वास का) UCO Bank (Honours Your Trust)**

क्षेत्रीय कार्यालय : कृष्णा प्लाजा, सी-2/6, डी-ब्लॉक, गंगा नगर, मवाना रोड, मेरठ- 250 001 (उत्तर प्रदेश)

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) योजना के 10 वर्ष**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) योजना 8 अप्रैल, 2015 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उन सूक्ष्म और लघु व्यवसाय इकाइयों के लिए एक एकीकृत वित्तीय सहायता प्रदाता के रूप में आरंभ की गई थी, जो विनिर्माण, सेवाओं और कृषि से संबंधित गतिविधियों में लगे हुए पिरामिड के निचले स्तर पर हैं।

पीएमएमवाई योजना सूक्ष्म उद्यमों को आसान और प्रतिभूति मुक्त ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से आरंभ की गई थी। इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु व्यवसायों को वित्तीय सहायता प्रदान करना था, जो भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा) के तत्वावधान में, आरंभ में तीन श्रेणियों के तहत बैंक के माध्यम से 10 लाख तक के ऋण उपलब्ध कराए गए थे।

| क्र. सं. | पीएमएमवाई ऋण श्रेणी | ऋण राशि |
|---|---|---|
| 1 | शिशु | रू. 50,000 तक |
| 2 | किशोर | रू. 50,000 से रू. 5,00,000 तक |
| 3 | तरूण | रू. 5,00,000 से रू. 10,00,000 तक |

माननीय वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण 2024 के दौरान की गई घोषणा के अनुसार, महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए वित्तीय सहायता को मजबूती प्रदान करने के लिए, वित्त मंत्रालय (एमओएफ), भारत सरकार ने एक नई पीएमएमवाई ऋण श्रेणी नामतः "तरुण प्लस" आरंभ की है, जिसमें ऋण राशि बढ़ाकर रू 20,00,000 कर दी गई है। "तरुण प्लस" ऋण उन उद्यमियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने पहले "तरुण" श्रेणी के तहत ऋण लिया है और सफलतापूर्वक चुकाया है।

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभ**

पीएमएमवाई योजना आरंभ होने से पहले, सूक्ष्म उद्यम और छोटे व्यवसाय अक्सर औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त करने के लिए जूझते थे। अधिकांश सूक्ष्म उद्यम और छोटे व्यवसाय ऊंची ब्याज दर पर अपनी ऋण आवश्यकताओं के लिए अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर थे।

पीएमएमवाई योजना ने 2015 में अपनी शुरुआत के बाद से सूक्ष्म उद्यमों के लिए औपचारिक ऋण क्षेत्र की कायापलट कर दी है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) वित्तीय समावेशन और युवा उद्यमियों के सशक्तीकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पिछले एक दशक में, भारत सरकार की इस प्रमुख वित्तीय समावेशन योजना ने उद्यमिता को बढ़ावा देने, रोजगार पैदा करने और समाज के बैंक से असम्बद्ध लोगों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएमएमवाई ने अपना उद्देश्य नामतः "वित्तविहीन को वित्त" सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस योजना के माध्यम से देश की सम्पूर्ण भौगोलिक सीमा के भीतर सूक्ष्म उद्यमों के लिए अनगिनत अवसर पैदा हुए हैं। बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा पीएमएमवाई योजना के तहत 52 करोड़ लाभार्थियों को लगभग 33 लाख करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए, जिनमें से लगभग 70% महिला उद्यमी हैं और उनमें से अधिकांश पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं।

सूक्ष्म उद्यमों को किसी संपार्श्विक प्रतिभूति और तृतीय पक्ष की गारंटी के बिना बैंक ऋण के प्रवाह से पीएमएमवाई लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। यूको बैंक ने लगभग 24 लाख लाभार्थियों को रू 30,473 करोड़ के पीएमएमवाई ऋण स्वीकृत किए हैं।

पीएमएमवाई योजना के तहत वित्तीय सहायता से न केवल उद्यमियों के जीवन को बदलने में मदद मिली है, बल्कि स्थापित व्यवसायी/उद्योगपति बनने में भी उनकी मदद की है। पीएमएमवाई योजना के तहत सूक्ष्म उद्यमों का समर्थन करने से बैंक की छवि एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार ऐसी संस्था के रूप में मजबूत हुई है, जो आर्थिक सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही है। इस योजना के माध्यम से यूको बैंक भी कई तरह से लाभान्वित हुआ है। कई पीएमएमवाई लाभार्थियों ने बैंक से अधिक मात्रा में ऋण लिया है, जिससे बैंक को अपने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिली है। इस योजना से बैंक को अपने खुदरा व्यापार को बढ़ाने में भी मदद मिली है क्योंकि कई लाभार्थियों ने बैंक की विभिन्न योजनाओं के तहत खुदरा ऋण लिया है। इच्छुक आवेदक यूको बैंक शाखाओं से संपर्क कर सकते हैं अथवा "एसटीपी जर्नी" के माध्यम से डिजिटल ऋण प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन www.udyamimitra.in/www.jansamarth.in के माध्यम से भी किया जा सकता है।


# अयोध्या के कालेराम मंदिर में स्त्री रूप में पूजे जाते हैं बजरंगबली

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। वैभवशाली रामजन्मभूमि मंदिर की आड़ में अयोध्या के दिव्य स्थानों की चमक फीकी पड़ती जा रही है। रामनगरी ना चेती तो हजारों मंदिर इतिहास के पन्नों में सिमट जाएंगे। प्राणप्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आ रहे श्रद्धालु राममंदिर, हनुमानगढ़ी तक सिमट गए हैं। कनक भवन व दो चार अन्य मंदिर अपने दम पर अलख जगाए हैं। अयोध्या में जातीय मंदिरों की श्रंखला थी, पहचान खो चुके हैं। कालेराम व गोरेराम के दो दिव्य मंदिर राम की पैड़ी पर हैं। यहीं नागेश्वर नाथ का ऐतिहासिक व पौराणिक मंदिर भी है। अयोध्या का कालेराम विश्व का एकमात्र मंदिर जहां बजरंगबली की पूजा व श्रंगार स्त्री रूप में होता है। अयोध्या पर शोध कर रहे शिवम मिश्र बताते हैं कि अयोध्या में ऐसा मंदिर है जहां हनुमान जी महराज की पूजा स्त्री रूप में आदिकाल से होती आई है। बजरंगबली पूरे महिला श्रंगार में सुशोभित होते हैं। अयोध्याधाम के राम की पैड़ी पर स्थित कालेराम मंदिर में हनुमान जी स्त्री रूप में विराजमान हैं। इसका प्रमाण कृतिवासी रामायण, स्कंद पुराण एवं आनंद रामायण के सारखंड की कथा में मिलता है। इसके अनुसार हनुमान जी ने अहिरावण के वध के समय माता का रूप धारण करके राम जी और लक्ष्मण जी को मुक्त कराया था।

कालेराम मंदिर में अति प्राचीन एक ही कसौटी के पत्थर में राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न के साथ माता सीता विराजमान हैं। मुख्य गर्भगृह के ठीक सामने कसौटी के पत्थर में ही हनुमान जी महराज की प्रतिमा स्त्री रूप में विराजमान है। महत्वपूर्ण यह है कि हनुमानजी भी काले रूप में हैं। हनुमान जी और अहिरावण से जुड़ा प्रसंग है। श्रीराम अपनी वानर सेना के साथ लंका पहुंच गए थे। श्रीराम ने युद्ध टालने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन रावण अहंकार की वजह से नहीं माना और युद्ध शुरू हो गया। श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का चौथा दिन था। रावण ने अपने मायावी भाई अहिरावण को युद्ध के लिए बुला लिया था। अहिरावण माया रचने में पारंगत था। उसने ऐसी माया रची की, उसमें श्रीराम और लक्ष्मण के साथ ही पूरी वानर सेना फंस गई थी। अहिरावण अपने भाई विभीषण के रूप में श्रीराम और लक्ष्मण के शिविर में पहुंचा था और धोखे से श्रीराम के साथ लक्ष्मण को बंदी बनाकर किसी गुप्त स्थान पर ले गया था। पूरी वानर सेना अहिरावण की माया को समझ नहीं सकी। जब उसकी माया हटी तो श्रीराम और लक्ष्मण उनके शिविर में नहीं थे। सभी ने उन्हें बहुत खोजा, लेकिन राम-लक्ष्मण दिखाई नहीं दिए। हनुमान जी को भी ये समझ नहीं आ रहा था कि राम-लक्ष्मण कहां हैं और किसने उनका हरण किया है। विभीषण ने बताया था अहिरावण के बारे में। विभीषण ने हनुमान जी को बताया कि मेरा रूप सिर्फ अहिरावण धारण कर सकता है और ये पक्का है कि उसी ने राम-लक्ष्मण का हरण किया है। विभीषण ने हनुमान जी को अहिरावण के गुप्त स्थान के बारे जानकारी दी। विभीषण ने हनुमान जी को बताया कि अहिरावण मां भवानी का भक्त है और उसने पांच दिशाओं में पांच दीपक जलाए हैं। जब ये पांचों दीपक एक साथ बुझेंगे, तब ही अहिरावण की शक्तियां खत्म होंगी। इसके बाद हनुमान जी श्रीराम और लक्ष्मण की खोज में जुट गए। बहुत से प्रयास किए, लेकिन कहीं भी राम-लक्ष्मण के बारे में कोई सूचना नहीं मिल रही थी। हनुमान जी एक पेड़ के नीचे पहुंचे और वहां वे सोच रहे थे कि अहिरावण कहां होगा? श्रीराम और लक्ष्मण को उसने कहां बंदी बनाकर रखा होगा? पक्षियों की बातें सुनकर हनुमान जी को अहिरावण की जानकारी मिली। जिस पेड़ के नीचे हनुमान जी थे, उसी समय पेड़ के पर दो पक्षी आपस में बातें कर रहे थे कि आज अहिरावण देवी मां को इंसानों की बलि देने वाला है, आज तो हमें इंसानों का मांस खाने को मिलेगा।



- **ना चेती रामनगरी तो इतिहास के पन्नों में हजारों मंदिर हो जाएंगे गुम**

## जेवरात सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस को रविवार को एक बड़ी सफलता हाथ तब लगी जब पुलिस नें चोरों के एक बड़े गैंग के दो शातिर चोरों को दबोच लिया। उनके पास चोरी किए गए जेवरात और अन्य सामान भी बरामद हुआ है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से शहर में चोरी व टप्पेबाजी की घटनाओं नें जोर पकड़ लिया था। लिहाजा एसपी आलोक प्रियदर्शी ने सीओ सिटी के नेतृत्व में कोतवाल फर्रुखाबाद राजीव पाण्डेय, कोतवाल फतेहगढ़ सत्यप्रकाश, एसओजी प्रभारी सचिन चौधरी को उनकी टीम के साथ आरोपियों धर दबोचने के लिए लगाया। तकरीबन एक सप्ताह चली कार्यवाही के बाद आखिर पुलिस ने फतेहगढ़ के प्रीतम नगला भोलेपुर व हाल पता बपरौली श्री राम बाटिका के निकट नजफगढ़ नई दिल्ली निवासी गौरव यादव को गिरफ्तार किया गया।

### बाबिल खान 'लॉगआउट' के लिए तैयार

**मुंबई।** बाबिल खान की अपकमिंग फिल्म 'लॉगआउट' 18 अप्रैल को जी5 पर रिलीज के लिए तैयार है। बाबिल ने बताया कि फिल्म से जुड़ा एक सीन है, जिसने अभिनेता के तौर पर उन पर गहरी छाप छोड़ी। अभिनेता ने बताया कि फिल्म के अंत में एक सीन है, मैं बहुत ज्यादा नहीं बताना चाहता, लेकिन एक संवाद है, जिसमें मैं अपने पिता को थप्पड़ मारता हूं। हमने उस सीन के 20 टेक लिए, क्योंकि इसे अलग-अलग एंगल से शूट करना था और हर बार उस पल को फिर से जीना बहुत मुश्किल था। हां वह एक ऐसा सीन था, जिसने मुझे पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया था। बाबिल से आगे पूछा गया कि 'लॉगआउट' में निर्देशक अमित गोलानी और लेखक बिस्वपति सरकार के साथ काम करना कैसा रहा।

मोटापा से परेशान लोगों को बड़ी राहत

# बिना मधुमेह वाले वयस्कों में तीन साल तक वजन घटा सकती है टिरजेपेटाइड दवा

- **यूरोप और अमेरिका में मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज के इलाज के लिए पहले से ही मंजूर**
- **लोगों को हल्का जी मिचलाना, दस्त या कब्ज जैसे सामान्य असर होते हैं महसूस**

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। नई रिसर्च के अनुसार, अगर मोटापा या अधिक वजन से परेशान लेकिन डायबिटीज से मुक्त वयस्क लोग हफ्ते में एक बार टिरजेपेटाइड नामक दवा लेते हैं, तो उन्हें कम से कम 3 साल तक लगातार और असरदार वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

यह अध्ययन स्पेन के मलागा शहर में हुए यूरोपियन कांग्रेस ऑन ओबेसिटी (ईसीओ) में पेश किया गया। रिसर्च में यह भी सामने आया कि महिलाएं और वे लोग जिनके पास मोटापे से जुड़ी दूसरी बीमारियां नहीं थीं, उन्हें इस दवा से अधिक फायदा मिला।

यह रिसर्च इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ पादोवा के डॉ. लूका बुसेट्टो और दवा बनाने वाली कंपनी एली लिली एंड कंपनी ने मिलकर की। यह अध्ययन टिरजेपेटाइड पर पहले से चल रहे ट्रायल का ही अगला चरण है। यह दवा यूरोप और अमेरिका में मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज के इलाज के लिए पहले से ही मंजूर है।

अध्ययन में यह भी बताया गया कि इस दवा से कोई नया साइड इफेक्ट नहीं मिला। अधिकतर लोगों को हल्का जी मिचलाना, दस्त या कब्ज जैसे सामान्य असर महसूस हुए।

डॉ. बुसेट्टो ने कहा कि हमारी दीर्घकालीन रिसर्च से यह साफ हुआ कि यह दवा अधिकतर उम्र, वजन और मोटापे की अवधि जैसे कारकों से प्रभावित हुए बिना वजन घटाने में कारगर है।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि सभी लोगों पर दवा का असर एक जैसा नहीं होता, लेकिन महिलाएं और वे लोग जिनके शरीर में मोटापे से जुड़ी कोई बीमारी नहीं थी, उन्हें यह दवा अधिक फायदा पहुंचाती है।



टिरजेपेटाइड दवा हमारे शरीर में खाने के बाद बनने वाले दो प्राकृतिक हार्मोन जीएलपी-1 और जीआईपी की नकल करती है। ये हार्मोन इंसुलिन को सक्रिय करते हैं, भूख कम करते हैं और मस्तिष्क को पेट भरने का संकेत देते हैं। यह दवा पेट को धीरे खाली करती है, जिससे भूख देर से लगती है और व्यक्ति लंबे समय तक पेट भरा महसूस करता है।

नवम्बर 2023 में अमेरिका की 'एफडीए' संस्था ने और जून 2024 में यूरोपीय यूनियन ने इस दवा को वज़न घटाने के इलाज के रूप में मंजूरी दी थी, खासकर उनके लिए जिन्हें हाई ब्लड प्रेशर, टाइप 2 डायबिटीज या हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याएं थीं।

रिसर्च टीम ने कहा कि इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलेगी कि टिरजेपेटाइड अलग-अलग लोगों और उनकी सेहत की स्थिति के अनुसार कैसे असर करता है। इससे भविष्य में हर व्यक्ति के लिए अलग और बेहतर इलाज की योजना बनाना आसान हो सकेगा।

## उपचार के बाद गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकता है परजीवी संक्रमण

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। नई रिसर्च में यह पता चला है कि शिस्टोसोमा हेमेटोबियम नामक परजीवी (जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है) महिलाओं के गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) की अंदरूनी परत में कैंसर से जुड़ी जीन गतिविधियों को शुरू कर सकता है। यह बदलाव इलाज के बाद और भी ज्यादा हो जाते हैं। यह महत्वपूर्ण अध्ययन ऑस्ट्रिया में हुए 'ईएससीएमआईडी ग्लोबल 2025' कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया। यह दिखाता है कि यह परजीवी बीमारी, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, कैसे गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के खतरे को आणविक (मॉलिक्यूलर) स्तर पर बढ़ा सकती है।

इलाज के बाद शरीर में कुछ जैविक प्रक्रियाएं (जैसे सूजन, ऊतक की मरम्मत, और गर्भाशय ग्रीवा की सुरक्षा करने वाली परत का टूटना) ज्यादा सक्रिय हो गईं। इसके साथ ही रक्त वाहिकाओं का बनना, कैंसर से जुड़ी प्रक्रियाओं का तेज होना और असामान्य कोशिकाओं को नष्ट करने वाली प्रक्रिया (जिसे एपोप्टोसिस कहा जाता है) में कमी देखी गई।

इस अध्ययन की प्रमुख लेखिका डॉ. अन्ना मारिया मर्टेल्समैन ने बताया कि यह संक्रमण महिलाओं में ऐसे बदलाव शुरू कर सकता है जो उन्हें गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के प्रति अधिक संवेदनशील बना देते हैं, खासकर इलाज के बाद। एक चिंताजनक बात यह भी देखी गई कि इलाज के बाद गर्भाशय ग्रीवा को मजबूत और सुरक्षित रखने वाले जीन कम सक्रिय हो गए। इससे एचपीवी के संक्रमण और उसके लंबे समय तक टिके रहने का खतरा बढ़ सकता है, जो कि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का एक मुख्य कारण है।




डॉ. मर्टेल्समैन ने बताया कि जिन महिलाओं को प्राजिक्वेंटेल नाम की दवा दी गई, उनमें कैंसर से जुड़ी जीन में अधिक बदलाव देखे गए। इससे यह सवाल उठता है कि इलाज के लंबे समय बाद क्या असर होते हैं और क्या इलाज के बाद महिलाओं की सावधानी से निगरानी करनी चाहिए। यह अध्ययन 'बीयॉन्ड' नामक शोध पत्रिका में छपा है और यह शिस्टोसोमा हेमेटोबियम और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बीच संबंध को समझने की दिशा में पहला कदम है। अभी 180 महिलाओं पर एक और विस्तृत अध्ययन चल रहा है, जो 12 महीने तक चलेगा। भविष्य में यह भी देखा जाएगा कि क्या यह परजीवी संक्रमण महिलाओं को लंबे समय तक एचपीवी से संक्रमित रहने का कारण बनता है और क्या इससे कैंसर का खतरा और बढ़ता है।



## करीना कपूर कढ़ी चावल की डिश के लिए दिन में देख रहीं सपने

**मुंबई,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेत्री करीना कपूर अपने अंदर के खाने के शौकीन को उजागर करने से कभी नहीं कतराती हैं। अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में बेबो ने साझा किया कि उन्हें कढ़ी चावल पसंद है और वह उसके लिए दिन में सपने देख रही हैं। करीना ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह हरे रंग के फिश कट लहंगे और साड़ी में हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही हैं, जिस पर नेट का दुपट्टा है। उन्होंने अपने लुक को हरे रंग के चोकर नेकपीस से पूरा किया। करीना कपूर ने कैप्शन में लिखा कि कढ़ी चावल के लिए मैं दिन में सपने देख रही हूं। अभिनेता संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर ने पोस्ट पर फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। इस बीच बता दें, पति सैफ अली पर हुए हमले को लेकर करीना ने कई खुलासे किए। उन्होंने सैफ की स्थिति, उस वक्त के हालात, हमलावर की कद-काठी से लेकर उसकी डिमांड को लेकर अपने बयान में बहुत कुछ बताया।पुलिस द्वारा पेश 1600 पन्नों की चार्जशीट से स्पष्ट होता है कि 16 जनवरी 2025 को हुए हमले के तुरंत बाद करीना ने लहूलुहान पति को अपनी सुरक्षा को तरजीह देने की सलाह दी थी। उन्होंने सैफ से कहा कि वह अस्पताल जाकर अपना इलाज कराएं।बयान के अनुसार, सैफ को खून से लथपथ देख करीना कपूर ने उन्हें सब कुछ छोड़कर पहले अस्पताल जाने को कहा था। इसके बाद हमलावर को घर में खोजा। अपनी सुरक्षा को लेकर सब फिक्रमंद थे, इसलिए घर छोड़कर बाहर निकल गए।

## ये नीम कड़वी नहीं, जायके के साथ रखती है सेहत का भी खास ख्याल

- **करी पत्ते में विटामिन ए, बी, सी, ई के साथ मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्व**
- **खाली पेट चबाने से आंखों से जुड़ी कई समस्याएं होंगी दूर**

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। नीम का नाम लेते ही कसैले स्वाद वाली पत्तियां आंखों के सामने आ जाती हैं। हालांकि, आज हम एक ऐसे नीम की पत्तियों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी महक से न केवल भोजन का स्वाद बढ़ाती हैं बल्कि औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से सेहतमंद भी रखती हैं। आयुर्वेद में मीठी नीम की पत्ती या करी पत्ता को कई रोगों का नाश करने वाला कहा जाता है।

पुराने समय से इसे कढ़ी में छौंक लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा, शायद इसीलिए इसे करी पत्ता या कढ़ी लीफ से भी पुकारा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम मुराया कोएनिजी है। ये आमतौर पर भारत और श्रीलंका में पाया जाता है। हमारे यहां दक्षिण के राज्यों में ज्यादा मिलता है और शायद यही कारण है कि वहां की लगभग हर डिश की ये शोभा बढ़ाता है।

इस पौधे की ऊंचाई 2 से 4 मीटर की होती है। इसे बीज या छोटे-छोटे पौधों की मदद से घर के बगीचे में या गमले में लगा सकते हैं।

हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति में भी इसका जिक्र है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि आज के समय में मधुमेह, रक्तचाप और अनियंत्रित दिनचर्या की वजह से पाचन, अनिद्रा जैसी समस्याएं आम सी बात बन गई हैं। हालांकि, करी पत्ता के नियमित सेवन करने से इन समस्याओं से राहत मिलती है।



करी पत्ता के औषधीय गुणों पर रोशनी डालते हुए पंजाब स्थित 'बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल' के डॉ. प्रमोद आनंद तिवारी ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करी पत्ते में विटामिन ए, बी, सी, ई के साथ मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आयुर्वेद के मुताबिक करी पत्ता सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। यह आंखों के साथ त्वचा, पाचन संबंधित समस्याओं जैसे कब्ज, वात के साथ ही मधुमेह, रक्तचाप जैसी समस्याओं को भी दूर करने में सक्षम है।

उन्होंने आगे बताया कि करी पत्ता आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। खाली पेट यदि इसे चबाया जाए तो आंखों से जुड़ी कई समस्याएं दूर होती हैं। यह आंखों की मांसपेशियों को आराम देता है, जिससे आंखें थकान महसूस नहीं करतीं।

यह पाचन प्रक्रिया में सहायक होता है और वात, कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करता है। मीठी नीम का पत्ता पाचक रसों के स्राव को बढ़ाता है, जिससे भोजन पचने में आसानी होती है। इसमें मौजूद फाइबर पेट को साफ रखने में मदद करता है और कब्ज दूर करता है।

आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि संक्रमण की समस्याओं का भी करी पत्ता दुश्मन है। उन्होंने कहा कि मीठी नीम में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जिसके सेवन से संक्रमण से बचा जा सकता है।

## रौनक में विद्यार्थियों ने समावेशी व नवाचार को मंच पर दी प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। आई बिजनेस इंस्टिट्यूट (आईबीआई) ग्रेटर नोएडा में वार्षिक महोत्सव 'रौनक 2025' का भव्य आयोजन हुआ। इस बार का थीम था- समावेशी भविष्य के लिए नवाचार लोग, ग्रह और समृद्धि। कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रौनक 2025 ने न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच दिया, बल्कि विविधता, समावेशन और नवाचार के मूल्यों को भी उजागर किया। इस अवसर पर थिएटर क्लब की भी औपचारिक रूप से शुरुआत की गई, जिससे संस्थान की सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। फेस्ट में बैटल ऑफ बैंड्स, रैप वॉर, इंस्ट्रूमेंटल वागांजआ, डिबेट, बिजनेस क्विज, डांस, सॉन्ग, और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संस्थान के निदेशक मंडल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रौनक सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारे विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच और सामाजिक चेतना का उत्सव है। थिएटर क्लब की स्थापना से छात्रों को आत्म-अभिव्यक्ति का एक नया मंच मिला।

## बेजुबानों को घर में रखने से बढ़ती है खुशियां

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। अगर आपको बेजुबानों से प्यार है और उन्हें अपनी जिंदगी में शामिल करने की ख्वाहिश है, तो यह रिसर्च आपके 'सुविचारों' पर मुहर लगाती है। 'सोशल इंडिकेटर्स रिसर्च' नामक पत्रिका में प्रकाशित इस नए शोध में 'बेशर्तिया प्यार' का रिजल्ट सॉलिड है! स्टडी कहती है कि पालतू जानवर रखने वाले लोगों की संतुष्टि का स्तर एक से सात के पैमाने पर तीन से चार अंक तक बढ़ जाता है।

यूके में केंट विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर डॉ. एडेलिना ग्सच्वांडनर के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में पालतू जानवरों के मालिकों के व्यक्तित्व पर भी कुछ प्रकाश डाला गया है। जिसमें कहा गया है कि जबकि बिल्ली की देखभाल करने वाले अधिक ओपन दिखाई देते हैं, कुत्ते की देखभाल करने वाले अधिक एक्सट्रोवर्ट (बहिर्मुखी), किसी भी बात पर सहमत होने वाले और कम फिक्रमंद दिखाई देते हैं।



शोधकर्ताओं ने 2,500 ब्रिटिश घरों के डेटा का विश्लेषण किया और पाया कि एक बेजुबान का साथ साइकोलॉजी से जुड़ा होता है। ठीक उतना ही जितना कोई बोलने वाला प्राणी यानी आपका जीवन साथी या कोई और! स्टडी दावा करती है कि पालतू जानवर रखने की खुशी प्रति वर्ष अतिरिक्त 90,000 डॉलर प्राप्त करने के बराबर होती है।

शोधार्थियों ने विभिन्न अध्ययनों का भी जायजा लिया। इनसे पता चलता है कि कुत्ते के साथ समय बिताने से तनाव कम हो सकता है, आप सक्रिय रह सकते हैं और ज्यादा दिनों तक जिंदा रहते हैं। वहीं बिल्ली को सहलाने से रक्तचाप और हृदय गति सही रहती है और इनके मालिकों को हृदय रोग का जोखिम कम होता है।

लेखकों का विचार है 'कुल मिलाकर, पालतू जानवरों की देखभाल करने वाले आम तौर पर अधिक खुले, कर्तव्यनिष्ठ और बहिर्मुखी दिखाई देते हैं।'

शोधार्थियों के अनुसार, यह शोधपत्र इस सवाल का जवाब देता है कि क्या कुल मिलाकर पालतू जानवर हमारे लिए अच्छे हैं? तो इसका जवाब हां है। इसके साथ ही लेखकों ने उम्मीद जताई कि ये परिणाम पालतू जानवरों के महत्व को बताने में सफल होंगे।

## शिक्षक विकास कार्यक्रम में सार्वभौमिक मानव मूल्य पर किया गया मंथन

**ग्रेटर नोएडा,**13 अप्रैल (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित तीन दिवसीय 'सार्वभौमिक मानव मूल्य' विषय पर शिक्षक विकास कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सीएफओ अभिजीत कुमार तथा निदेशक प्रोफेसर विनय गुप्ता ने मुख्य वक्ता डा. वंचना सिंह, सह वक्ता डा. प्रिया श्रीवास्तव, पर्यवेक्षक डा. अरुण कुमार पाण्डेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डा. संतोष राय तथा डा. नैमपाल सिंह ने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा तथा तकनीकी युग में शिक्षको को भी मानव मूल्यों में पारंगत होने की आवश्यकता है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामजिक तथा प्राकृतिक व्यवस्था में खुशी, समृद्धि एवं सौहार्द को विकसित करने पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चर्चा की गई। समापन समारोह में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर विनय गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनसे शिक्षक विकास कार्यक्रम में सीखे गई मानव मूल्यों को वास्तविक जीवन में अपनाने की अपील की। संस्थान द्वारा आयोजित शिक्षक विकास कार्यशाला में संस्थान में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के पचास से अधिक शिक्षकों ने अभ्यास करके विषय की बारिकीयों को जानकर लाभ लिया। इस अवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्षों सहित समस्त शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद रहे।




पार्किंसंस रोग पर बड़ा खुलासा

## शोधकर्ताओं ने बीमारी का खतरा बढ़ाने वाले मुख्य जीन किए चिह्नित

- **अल्जाइमर रोग के बाद यह दूसरी सबसे आम न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारी**
- **कमांडर जीन में कार्य-हानि वाले वेरिएंट की तुलना में पार्किंसंस रोग से पीड़ित लोगों में कार्य-हानि वाले वेरिएंट अधिक**



**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी शोधकर्ताओं ने आधुनिक तकनीक सीआरआईएसपीआर इंटरफेरेंस के जरिए एक नए जीन समूह की पहचान की है। यह जीन पार्किंसंस रोग के जोखिम को बढ़ाता है। दुनिया भर में 10 मिलियन से ज्यादा लोग पार्किंसंस रोग से पीड़ित हैं। अल्जाइमर रोग के बाद यह दूसरी सबसे आम न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारी है। शोधकर्ता लंबे समय से इस बात की जांच कर रहे हैं कि रोगजनक वेरिएंट वाले कुछ लोगों में पार्किंसंस क्यों विकसित होता है? जबकि ऐसे वेरिएंट वाले अन्य लोगों में ऐसा नहीं होता। प्रचलित सिद्धांत ने सुझाव दिया कि अतिरिक्त आनुवंशिक कारक भी भूमिका निभा सकते हैं। साइंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में जीन और सेलुलर मार्ग के एक नए सेट की पहचान की गई है, जो पार्किंसंस रोग के विकास के जोखिम में भूमिका निभाते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने सीआरआईएसपीआर इंटरफेरेंस तकनीक का उपयोग करके पूरे मानव जीनोम की खोज की।

उन्होंने पाया कि कमांडर नामक 16 प्रोटीनों का एक समूह एक साथ मिलकर लाइसोसोम (कोशिका का एक भाग जो पुनर्चक्रण केंद्र की तरह कार्य करता है) तक विशिष्ट प्रोटीन पहुंचाने में पहले एक अज्ञात भूमिका निभाता है, जो अपशिष्ट पदार्थों, पुरानी कोशिका भागों और अन्य अवांछित पदार्थों को तोड़ता है।

विश्वविद्यालय में न्यूरोलॉजी के डेवी विभाग के अध्यक्ष और फीनबर्ग न्यूरोसाइंस संस्थान के निदेशक डॉ. दिमित्री क्रेनक ने बताया कि हमारे अध्ययन से पता चलता है कि पार्किंसंस रोग जैसी बीमारियों के प्रकट होने में आनुवंशिक कारकों का संयोजन एक भूमिका निभाता है, जिसका अर्थ है कि इस तरह के विकारों के लिए कई प्रमुख मार्गों के चिकित्सीय लक्ष्यीकरण पर विचार करना होगा।

हजारों मरीजों का अध्ययन करने के बजाय टीम ने सीआरआईएसपीआर का सहारा लिया। क्रेनक ने कहा कि हमने कोशिकाओं में प्रोटीन-कोडिंग मानव जीनों में से प्रत्येक को शांत करने के लिए जीनोम-व्यापी सीआरआईएसपीआर हस्तक्षेप स्क्रीन का उपयोग किया और पीडी रोगजनन के लिए महत्वपूर्ण लोगों की पहचान की।

## शिल्पा शेट्टी के कैफे में मनोज मुंतशिर ने उठाया 'बेन्ने पोडी डोसा' का लुत्फ

**मुंबई,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। लेखक और गीतकार मनोज मुंतशिर रविवार को अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के मुंबई स्थित कैफे ब्लौंडी पहुंचे, जहां उन्होंने एक खास तरह के 'बेन्ने पोडी डोसा' का लुत्फ उठाया। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर मुंतशिर ने अभिनेत्री से कहा कि जिंदगी में 'जायका' जोड़ने के लिए धन्यवाद। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए मनोज ने कैप्शन में लिखा कि यदि आप मुंबई में रहते हैं और आपने ब्लौंडी में बेन्ने पोडी डोसा नहीं खाया है, तो आपने कुछ मिस कर दिया है। हमारी जिंदगी में 'जायका' जोड़ने के लिए धन्यवाद, शिल्पा शेट्टी।





शेयर की गई तस्वीर में मनोज बेन्ने पोडी डोसा खाते नजर आए। बेन्ने पोडी डोसा के बारे में बता दें कि यह दक्षिण भारत की डिश है और देश भर में लोग बड़े चाव या पसंद के साथ इसे खाते हैं। यह एक प्रकार का डोसा है, जो मक्खन और उसमें डाले जाने वाले मसाले के पाउडर से बनाया जाता है। इसके साथ नारियल, धनिया समेत कई तरह की चटनी भी सर्व की जाती है। वहीं, शिल्पा शेट्टी के कैफे के बारे में बता दें कि उनके कैफे का उद्घाटन हाल ही में हुआ है, मुंबई के खार पश्चिम में स्थित ब्लौंडी में कॉफी के साथ ही खाने के लिए शानदार मेन्यू भी है, जिसमें बेन्ने पोडी डोसा के अलावा भी बहुत कुछ है। शिल्पा शेट्टी शानदार अभिनेत्री के साथ ही सफल बिजनेसवुमन भी हैं। उनका मुंबई में 'बैस्टियन' नाम का एक लग्जरी होटल है। वर्कआउट और फिटनेस को लेकर सचेत रहने वाली अभिनेत्री ने योग को लेकर अपना एक डीवीडी लॉन्च किया था।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 4.91 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.72 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.25 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.85 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.84 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एसट्रल लिमिटेड | 1.40 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.76 प्रतिशत |
| अपोलो हॉस्पिटल | 0.53 प्रतिशत |
| एवन्यू सुपरमार | 0.43 प्रतिशत |
| कॉफोर्ग लिमिटेड | 0.36 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 93,440 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 92,793 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.71 | 90.42 |
| पौड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर


| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



पीयूष गोयल ने कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री को बेस्ट प्रैक्टिस अपनाने की दी सलाह, कहा

# हमें साहसिक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से सस्टेनेबिलिटी में बेस्ट प्रैक्टिस को अपनाने, क्लीन और ग्रीन कंस्ट्रक्शन पर ध्यान केंद्रित करने और भूकंपरोधी एवं मॉड्यूलर इन्फ्रास्ट्रक्चर की दिशा में काम करने का सलाह दी।

राष्ट्रीय राजधानी में कैपेक्सिल के वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें साहसिक लक्ष्य निर्धारित करने होंगे, यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे श्रमिकों को उचित वेतन मिले और निरंतर इनोवेशन होते रहें। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए - भारत ग्रोथ, इनोवेशन और समावेशी विकास में दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट बिल्डकॉन तेज शहरीकरण, सभी के लिए आवास और लॉजिस्टिक्स में बदलाव को सपोर्ट करने की देश की क्षमता का एक उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि यह मंच हमारी मैन्युफैक्चरिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर की ताकत को प्रदर्शित करता है, जो वैश्विक निवेश को आकर्षित करने और लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कंस्ट्रक्शन इकोसिस्टम में भारत की बढ़ती ताकत पर कहा कि




**भारत ग्रोथ, इनोवेशन व समावेशी विकास में दुनिया का नेतृत्व करेगा : पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) से लेकर घरेलू मैन्युफैक्चरिंग तक सब मेक इन इंडिया के तहत हो रहा है। उन्होंने हाउसिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कमर्शियल रियल एस्टेट, रेलवे, एयरपोर्ट्स, हाइवे और एनर्जी जैसे प्रमुख क्षेत्रों के महत्व को बताया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीमेंट और बिजली के उपकरणों से लेकर सिक्योरिटी सिस्टम्स और ऑटोमेशन तक हर घटक इस इकोसिस्टम में अपनी भूमिका निभाता है।

उन्होंने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है, जिसमें भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे विश्व स्तरीय सम्मेलन केंद्रों शामिल हैं, दोनों का निर्माण महामारी के दौरान किया गया। उन्होंने आगे, मौजूदा समय में भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और इसे 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर नागरिक को योगदान देना आवश्यक है। गोयल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में, महामारी के चरम के दौरान भी, भारत ने गरीबों को भोजन कराने और लाखों लोगों को अभाव से बाहर निकालने के अपने मिशन को जारी रखा।

## सरकार व कारोबार में एआई को लागू करने के लिए यह सही समय : आईटी सचिव

**नई दिल्ली।** भारत में सरकार और कारोबार में बड़े पैमाने पर एआई को लागू करने के लिए यह सही समय है। देश न सिर्फ ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मूवमेंट में भाग लेगा, बल्कि उसका नेतृत्व भी करना चाहता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में सचिव, एस कृष्णन ने यह बयान दिया। राष्ट्रीय राजधानी में ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट के अवसर पर कहा कि भारत के लिए यह समय सरकार और कारोबार में बड़े पैमाने पर एआई को लागू करने का है। कृष्णन ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि नवीनतम तकनीक से अपडेट रहें और कहीं भी पीछे न रहे। भारत तकनीक के क्षेत्र में सबसे आगे रहना चाहिए।

एआई को भारत के लिए अगला बड़ा अवसर बताते हुए, आईटी सचिव ने इसके प्रभाव की तुलना वाई2के मूमेंट से की, जिसने देश के आईटी क्षेत्र को बदल दिया। कृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत इनोवेशन, समावेशिता और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देकर एआई के भविष्य को आकार दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा ध्यान कंप्यूट, आधारभूत मॉडल, कौशल विकास और एक ऐसा एआई इकोसिस्टम बनाने पर है जो लोकतांत्रिक होने के साथ समावेशी हो। कृष्णन ने कहा कि नियमन का उद्देश्य अवसरों को बाधित करना नहीं होना चाहिए। इसका उद्देश्य एआई की सार्थक, सुरक्षित और व्यापक तैनाती को सक्षम बनाना होना चाहिए। भारत के मंगल ऑर्बिटर मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एआई में मंगलयान जैसी सफलता की तलाश कर रहा है।

## भारत में एप्पल आईफोन का उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 में 60 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में एप्पल आईफोन का उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 60 प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह जानकारी इंडस्ट्री डेटा से मिली। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस कुल उत्पादन में से, एप्पल ने भारत से 1.5 लाख करोड़ रुपए मूल्य के आईफोन का निर्यात किया है। अमेरिका-चीन टैरिफ वार छिड़ने के साथ ही भारत में एप्पल के उत्पादन में और तेजी आने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप निर्यात में भी इजाफा देखने को मिल सकता है। भारत में निर्मित स्मार्टफोन पर अमेरिकी शुल्क काफी कम है, इस कारण से एप्पल जैसी कंपनियों के लिए देश में उत्पादन बढ़ाना चीन के मुकाबले अधिक फायदेमंद होगा। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुसार, भारत का स्मार्टफोन निर्यात 2024-25 (अप्रैल-फरवरी) के 11 महीनों में 1.75 लाख करोड़ रुपये (21 बिलियन डॉलर) को पार कर गया, जो 2023-24 की इसी अवधि के इसी आंकड़े से 54 प्रतिशत अधिक है। तमिलनाडु में स्थित एप्पल के आईफोन का उत्पादन करने वाली फॉक्सकॉन यूनिट की निर्यात में हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत थी, वहीं, विदेशी शिपमेंट में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। पिछले वित्त वर्ष में फॉक्सकॉन की आईफोन फैक्ट्री के निर्यात में करीब 40 प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखने को मिली है। अन्य 22 प्रतिशत आईफोन का निर्यात वेंडर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से आया, जिसने कर्नाटक में विस्ट्रॉन स्मार्टफोन फैक्ट्री का अधिग्रहण किया है। अन्य 12 प्रतिशत निर्यात खेप तमिलनाडु में पेगाट्रॉन सुविधा से आया।



■ **एप्पल के लिए देश में उत्पादन बढ़ाना चीन के मुकाबले अधिक फायदेमंद होगा**

## ग्लेनमार्क, सन फार्मा, जाइडस ने अमेरिका में कई दवाओं को किया रिकॉल

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। दिग्गज भारतीय फार्मा कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और जाइडस ने मैन्युफैक्चरिंग संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार से कई दवाएं रिकॉल की हैं। यह जानकारी यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की ताजा रिपोर्ट में दी गई।

मुंबई स्थित ग्लेनमार्क ने दवाएं करंट गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (सीजीएमपी) के मुताबिक न होने के कारण अमेरिका में 25 से अधिक उत्पादों को रिकॉल किया है। न्यू जर्सी स्थित कंपनी की अमेरिकी शाखा, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स इंक, कई दवाओं को वापस ले रही है, जिनमें प्रोपेफेनोन हाइड्रोक्लोराइड एक्सटेंडेड-रिलीज कैप्सूल और




सोलिफेनासिन सक्सीनेट टैबलेट शामिल हैं। वापस बुलाई गई अन्य दवाओं में वोरिकोनाजोल टैबलेट, लैकोसामाइड टैबलेट, फ्रोवेट्रिप्टन सक्सीनेट टैबलेट और रुफिनामाइड टैबलेट शामिल हैं।

कंपनी ने इस साल 13 मार्च को क्लास 11 रिकॉल शुरू किया था। यूएसएफडीए के अनुसार, क्लास II रिकॉल तब जारी किया जाता है जब उत्पाद के इस्तेमाल से अस्थायी या चिकित्सकीय रूप से ठीक हो सकने वाली स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

# गोल्ड की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। गोल्ड की कीमतों में बीते हफ्ते 6.5 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतें बढ़कर 3,237 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई हैं। कोविड-19 के बाद गोल्ड का यह सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन था। इसकी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ से वैश्विक स्तर पर बढ़ती अस्थिरता है, जिससे गोल्ड की कीमतों को सहारा मिल रहा है।

गोल्ड की कीमतों में बढ़त ऐसे समय पर देखी जा रही है, जब अमेरिकी शेयरों के साथ-साथ बॉन्ड में बड़ी बिकवाली हुई है। वैश्विक अनिश्चितता के साथ-साथ, गोल्ड के दाम में तेजी आने की वजह डॉलर का कमजोर होना है। अमेरिकी मुद्रा यूरो के मुकाबले तीन वर्षों के निचले स्तर पर पहुंच गई है, जिससे गोल्ड निवेशकों के लिए एक सुरक्षित निवेश विकल्प बना गया है।



■ **कोविड-19 के बाद गोल्ड का सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन रहा**
■ **संस्थानों व केंद्रीय बैंकों की ओर से भी बढ़ रही गोल्ड की मांग**

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि मंदी के जोखिम, बॉन्ड यील्ड में वृद्धि और वित्तीय अस्थिरता की चिंता निवेशकों को गोल्ड की ओर आकर्षित कर रही है। व्यक्तिगत निवेशकों के अलावा, संस्थानों और केंद्रीय बैंकों की ओर से भी गोल्ड की मांग बढ़ रही है, जिससे कीमतों को सहारा मिला है। इस साल की पहली तिमाही में गोल्ड आधारित ईटीएफ में 2020 के बाद से सबसे अधिक निवेश हुआ। केंद्रीय बैंक, खासकर उभरते बाजारों में, डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश में अधिक मात्रा में गोल्ड खरीद रहे हैं। इसके अलावा, चीन में भी गोल्ड की मांग बढ़ गई है। वहां गोल्ड खरीदने के लिए लोग अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर प्रीमियम का भुगतान कर रहे हैं। यूबीएस ने 12 महीने के गोल्ड प्राइस पूर्वानुमान को बढ़ाकर 3,500 डॉलर प्रति औंस कर दिया है।

## सार संक्षेप

### अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध से भारत को होगा लाभ

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा फर्म यूबीएस की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का राजस्व 2025 से 2030 के बीच 54 बिलियन डॉलर से दोगुना होकर 108 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध के बीच भारत को लाभ होगा और दूसरी तरफ चीनी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा। इसके साथ ही, भारत, आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने की इच्छुक वैश्विक दिग्गज कंपनियों के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में सेमीकंडक्टर के बाजार में मजबूत वृद्धि होगी और स्थानीयकरण एक बड़ा अवसर है। यूबीएस ने कहा कि भारतीय सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए 15 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) का अनुमान वैश्विक सेमीकंडक्टर एंड मार्केट के लिए हमारे पूर्वानुमान से अधिक है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 676.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 04 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 04 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.1 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 574.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.6 अरब डॉलर उछलकर 79.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 18.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 18.4 अरब डॉलर हो गया।

### चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक को लाभ

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष में 212 करोड़ के कुल व्यवसाय के साथ ही एक करोड़ 52 लाख रुपए का लाभ अर्जित किया। बैंक अध्यक्ष डॉ. आई एम सेठिया की अध्यक्षता में रविवार को चित्तौड़गढ़ में आयोजित निदेशक मंडल की बैठक हुई। निदेशक वंदना वजीरानी ने बताया कि बैठक में समयबद्ध ऑडिट कराने, आमसभा का आयोजन, ब्याज दरों की समीक्षा, बैंक के रजत जयंती वर्ष में आमजन को बैंक से जोड़ने की विशेष कार्ययोजना बनाने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि विभिन्न नीतियों की अगली बैठक में समीक्षा करने, प्रधान कार्यालय निर्माण की कार्य योजना बनाने, ऋण स्वीकृतियों और कमेटी बैठकों में लिए निर्णयों के अनुमोदन के साथ ही स्टाफ के प्रभावी नियोजन पर भी चर्चा की गई।


# तिमाही नतीजे पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी टैरिफ से व्यापार युद्ध गहराने की आशंका में हुई बिकवाली वहीं शुल्क पर तीन महीने की अस्थाई रोक से हुई लिवाली से बीते सप्ताह रिकवरी होने के बावजूद मामूली गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह महंगाई आंकड़े, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ता एवं कंपनियों के तिमाही नतीजे पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 207.43 अंक अर्थात 0.3 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 75157.26 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.9 अंक यानी 0.33 प्रतिशत फिसलकर 22828.55 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा। इससे मिडकैप 234.29 अंक अर्थात 0.6 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 40274.24 अंक और स्मॉलकैप 68.82 अंक यानी 0.2 प्रतिशत उतरकर 45798.35 अंक पर रहा। अगले सप्ताह 14 अप्रैल सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और 18 अप्रैल शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर अवकाश रहने के कारण बीएसई और एनएसई के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में केवल तीन दिन ही कारोबार होगा।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, कई दिनों की अस्थिरता और अनिश्चितता के बाद भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। बाजार को अमेरिका की ओर से पारस्परिक शुल्कों पर अप्रत्याशित रोक लगाने से राहत मिली, जिसने निवेशकों को कुछ आश्वासन प्रदान किया और बाजार में सुधार की उम्मीद को बल दिया।




सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी), धातु और पूंजीगत वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में राहत देखी गई, जो कि कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध की दिशा पर नजर रखना अब भी जरूरी होगा क्योंकि इसके तीव्र होने की स्थिति में अमेरिका द्वारा अन्य उभरते बाजारों पर शुल्क स्थगन का असर सीमित हो सकता है।

इस बीच, बाजार ने आगामी तिमाही परिणाम सीजन की शुरुआत एक संयमित दृष्टिकोण के साथ की है। प्रमुख आईटी कंपनियों के प्रारंभिक परिणामों ने व्यापारिक तनाव के असर को रेखांकित किया है और विवेकाधीन खर्चों में संभावित देरी की संभावना जताई है, जिससे निवेशकों में सतर्कता देखी जा रही है। भारत और अमेरिका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता भी बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण कारक बनकर उभरी है। विश्लेषकों का कहना है कि यदि इन वार्ताओं का सकारात्मक परिणाम सामने आता है तो यह घरेलू बाजार की व्यापार क्षमता में और रंग भर सकता है।

■ **सेंसेक्स 0.3 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 75157.26 अंक पर**
■ **निफ्टी 0.33 प्रतिशत फिसलकर 22828.55 अंक पर बंद**

अगले सप्ताह स्थानीय स्तर पर मार्च 2025 की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। साथ ही अगले सप्ताह आईटी क्षेत्र प्रमुख कंपनी विप्रो और इंफोसिस समेत कई दिग्गज कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 एवं इसी वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के परिणाम भी आने वाले हैं। इन आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी। बीते सप्ताह गुरुवार को श्रीमहावीर जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश रहने से बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ।

## शीर्ष-10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 13801.68 करोड़ बढ़ा

**मुंबई,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन को छोड़कर अन्य साझेदार देशों पर लगाए गए टैरिफ को तीन महीने के लिए अस्थाई रूप से स्थगित करने के निर्णय से बीते सप्ताह शीर्ष दस कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13801.68 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई।

बीएसई से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 4 अप्रैल को शीर्ष दस कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का कुल बाजार पूंजीकरण 9020576.61 करोड़ रुपए रहा। वहीं, एक सप्ताह बाद 11 अप्रैल को यह 9034378.29 करोड़ रुपए हो गया। इस तरह इन शीर्ष दस कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13801.68 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई।

आलोच्य अवधि में पांच शीर्ष कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा जबकि पांच के कम हो गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बाजार पूंजी 19,757.27 करोड़ रुपए बढ़कर 1650002.23 करोड़ रुपए पर पहुंच गई और अन्य कंपनियों के मुकाबले यह शीर्ष पर बना रहा। साथ ही भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 8,011.46 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी लेकर 1002030.97 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस का 12,760.23 करोड़ रुपए उछलकर 553348.28 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर का 28,700.26 करोड़ रुपए उठकर 556054.27 करोड़ रुपए और आईटीसी का 15,329.79 करोड़ की बढ़त के साथ 527845.57 करोड़ रुपए हो गया।

■ **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अन्य कंपनियों के मुकाबले शीर्ष पर बना रहा**

वहीं, एचडीएफसी बैंक की बाजार पूंजी 7,958.31 प्रतिशत घटकर 1382450.37 करोड़ रुपए, टीसीएस की 24,295.46 करोड़ रुपए गिरकर 1169474.43 करोड़ रुपए, एसबीआई की 12,271.36 प्रतिशत टूटकर 672960.97 करोड़ रुपए पर आ गई।

## पाम ऑयल व गेहूं सस्ता, दालें महंगी व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव के मुकाबले आवक अधिक होने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल के साथ ही गेहूं सस्ता हो गया जबकि मांग निकलने से दालें महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 243 रिंगिट लुढ़ककर 4458 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.39 सेंट की तेजी के साथ 46.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह मांग निकलने से दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 200 रुपए, दाल चना 200, मसूर दाल 150 रुपए, उड़द दाल 50 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मूंग दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक्स पर टैरिफ छूट से भारत को चीन पर मिलेगी बढ़त : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडस्ट्री लीडर्स और एक्सपर्ट्स ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ से स्मार्टफोन, कम्प्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स को छूट देना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे चीन पर भारत को बढ़त मिलेगी।

अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग के नोटिस के अनुसार, स्मार्टफोन और कंप्यूटर को ट्रंप द्वारा अधिकांश देशों पर लगाए गए 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ तथा चीन द्वारा लगाए गए 145 प्रतिशत के टैरिफ से बाहर रखा जाएगा।

इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा, अब कोई असाधारण व्यवधान नहीं होगा। यह क्षमताओं को बढ़ाने का समय है और चीन के खिलाफ लंबी अवधि में रुझान मजबूत रहेगा।

चीन में बने आईफोन, लैपटॉप, टैबलेट और स्मार्टवॉच पर 20 प्रतिशत टैरिफ जारी रहेगा। केवल चीन पर रेसिप्रोकल टैरिफ हटाए गए हैं।



दूसरी ओर, रेसिप्रोकल टैरिफ से छूट के बाद अब भारत की ओर से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले आईफोन, स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट पर टैरिफ जीरो हो गया है।

वियतनाम की ओर से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सभी सैमसंग (और अन्य) स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट पर भी शून्य टैरिफ है। ऐसे में चीन के मुकाबले भारत और वियतनाम बेहतर स्थिति में हैं।

कस्टम नोटिस के अनुसार, अमेरिका में प्रवेश करने वाले या 5 अप्रैल से पहले गोदामों से निकाले जाने वाले उत्पादों पर यह छूट लागू होती है। छूट में सेमीकंडक्टर, सोलर सेल और मेमोरी कार्ड सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी शामिल किया गया है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के इंडस्ट्री रिसर्च ग्रुप के उपाध्यक्ष प्रभु राम ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ में छूट से ग्लोबल टेक्नोलॉजी क्षेत्र के लिए बहुत जरूरी राहत है, जिससे उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर्स और हार्डवेयर पर दबाव कम होता है। यह कदम टेक्नोलॉजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों, विशेषकर एप्पल, जो इस विवाद में फंस गई थी के साथ-साथ व्यापक चिप और हार्डवेयर उद्योगों को भी राहत प्रदान करता है।

■ **चीन के मुकाबले बेहतर स्थिति में भारत व वियतनाम**
■ **छूट में सेमीकंडक्टर, सोलर सेल व मेमोरी कार्ड सहित अन्य उपकरणों को भी किया शामिल**

# खेल जगत

## आईपीएल 2025 : हमने कई मौके गंवाए : सुनील जोशी

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के सामने पंजाब किंग्स को सीजन की दूसरी हार का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स के स्पिन-गेंदबाज कोच सुनील जोशी ने कहा कि हमारे पास मौके थे, लेकिन इसे गंवा दिए गए। चार मैचों में तीन जीत के बाद, पंजाब किंग्स प्वाइंट टेबल में ऊपर की ओर बढ़ रही थी, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली का प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के सामने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 245 रन बनाए। लेकिन, किंग्स के गेंदबाज इस लक्ष्य को बचा नहीं पाए। सनराइजर्स हैदराबाद ने 9 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।



# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से हराया

## आरसीबी इस जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंची

- साल्ट ने 33 गेंदों में पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 65 रन बनाए
- विराट ने 45 गेंदों पर नाबाद 62 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए



**जयपुर,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। ओपनर फिल साल्ट (65) और विराट कोहली (नाबाद 62) के बेहतरीन अर्द्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को उसके ही मैदान में रविवार को आईपीएल मुकाबले में एकतरफा अंदाज में नौ विकेट से पीट दिया। राजस्थान ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 75 रन की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारी से 20 ओवर में चार विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाया लेकिन आरसीबी ने 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर इस सत्र में छह मैचों में अपनी चौथी जीत हासिल की। राजस्थान को छह मैचों में चौथी हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी इस जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। आरसीबी ने अपने घर से बाहर यह चौथी जीत हासिल की है। पिच बल्लेबाजी के लिए उतनी भी आसान नहीं थी लेकिन जिस तरह से कोहली और सॉल्ट ने आरसीबी को शुरुआत दिलाई वह अदभुत था। पावरप्ले में ही आरसीबी ने 65 रन बना लिए थे, वहीं से यह लक्ष्य काफी आसान हो गया। उसके बाद जब पड़िक्कल आए तो उन्होंने भी अच्छी बल्लेबाजी की। हालांकि आज आरआर के फील्डरों ने काफी कैच टपकाए। अगर ये कैच पकड़े जाते तो मैच की कहानी कुछ और होती। साल्ट ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए 33 गेंदों में पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 65 रन ठोके। दूसरी तरफ विराट ने सात रन पर रियान पराग के हाथों मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए नाबाद अर्द्धशतक बनाया और आरसीबी को जीत की मंजिल पर पहुंचाया। विराट ने 45 गेंदों पर नाबाद 62 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। यह उनका इस सत्र का तीसरा अर्द्धशतक था। उन्होंने 15वें ओवर में वानिन्दु हसरंगा पर छक्का मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया जो टी-20 में उनका 100 वां अर्द्धशतक है। देवदत्त पडिक्कल ने 28 गेंदों पर नाबाद 40 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। विराट और साल्ट ने ओपनिंग साझेदारी में 92 रन जोड़े जबकि विराट और पडिक्कल ने दूसरे विकेट की अविजित साझेदारी में 83 रन जोड़कर आरसीबी को 15 गेंद शेष रहते जीत दिला दी। इससे पहले बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। यशस्वी जायसवाल ने कप्तान संजू सैमसन के साथ ओपनिंग साझेदारी में 49 रन जोड़े लेकिन पॉवरप्ले के दौरान रन गति धीमी रही। यह साझेदारी 6.5 ओवर में आई। सैमसन 19 गेंदों पर 15 रन बनाकर स्पिनर क्रुणाल पांड्या की गेंद पर स्टंप हुए।

### विराट कोहली ने टी-20 में 100 अर्द्धशतक पूरे किए

**जयपुर।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को अपने शानदार करियर में एक और रिकॉर्ड जोड़ लिया, क्योंकि वह टी20 में 100 अर्द्धशतक पूरे करने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज बन गए। कोहली ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 174 रनों का पीछा करते हुए 39 गेंदों में वानिंदु हसरंगा की गेंद पर छक्का लगाकर इस मील के पत्थर को हासिल किया। वह 62 रन बनाकर नाबाद रहे और उनकी टीम ने 17.3 ओवर में नौ विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर टी20 क्रिकेट में 100 अर्धशतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर थे। कोहली ने अपना 58वां आईपीएल अर्द्धशतक दर्ज किया, जिससे लीग में उनके 50 से अधिक स्कोर की संख्या 66 हो गई-जो आईपीएल इतिहास में सबसे अधिक 50+ स्कोर के वार्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर रहा है। अपने आईपीएल करियर के दौरान दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले वार्नर ने 184 मैचों में 62 अर्द्धशतक और 4 शतक बनाए।

# लखनऊ के खिलाफ वापसी की तलाश में उतरेंगे चेन्नई सुपरकिंग्स

**लखनऊ,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में लगातार पांच मैच हारने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऊपर काफी दबाव है और अब उन्हें जीत की हैट्रिक लगा चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का सामना करना है। लखनऊ में होने जा रहे इस मैच से पहले एलएसजी का आत्मविश्वास बढ़ा होगा क्योंकि वे अपने घरेलू मैदान पर लगातार दो जीत हासिल कर चुके हैं। आइए जानते हैं इस मैच से जुड़े कुछ अहम आंकड़े निकोलस पूरन इस समय जबरदस्त फॉर्म में हैं और पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें विरोधी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा बना दिया है। हालांकि, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ उनका प्रदर्शन हमेशा प्रभावशाली नहीं रहा है, खासकर कुछ गेंदबाजों के सामने। आर अश्विन, नूर अहमद और मतीशा पथिराना ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 में पूरन को कई बार परेशान किया है। अश्विन के खिलाफ पूरन ने आठ पारियों में सिर्फ 40 रन बनाए हैं और वे तीन बार आउट हुए हैं। उनकी औसत 13.3 और स्ट्राइक रेट 93 रही है। वहीं नूर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड और भी खराब है। पांच पारियों में केवल 13 रन, दो बार आउट, औसत 6.5 और स्ट्राइक रेट महज 50। पथिराना की बात करें तो उन्होंने पूरन को पांच पारियों में चार बार आउट किया है, जिसमें पूरन ने सिर्फ 25 रन बनाए हैं। दिग्वेश राठी ने आईपीएल 2025 में अब तक शानदार गेंदबाजी की है। छह मैचों में उन्होंने 24 ओवर डालते हुए आठ विकेट लिए हैं। उनका गेंदबाजी औसत 23.1, इकॉनमी 7.7 और स्ट्राइक रेट 18.0 रहा है, जो टी20 फॉर्मेट के लिहाज से बेहतरीन माने जाते हैं। राठी की सबसे बड़ी ताकत उनका नियंत्रण रहा है। उनका कंट्रोल 76.4 प्रतिशत है, जो दिखाता है कि वो लगातार सटीक लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी कर रहे हैं और बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दे रहे। सीएसके की शुरुआत इस आईपीएल में कुछ खास नहीं रही है। पावरप्ले (पहले छह ओवर) में उनकी रन रेट सबसे कम 7.5 रही है, जबकि बाकी सभी टीमों की रन रेट आठ से ऊपर है। सिर्फ धीमा खेल ही नहीं, बल्कि सीएसके इस चरण में विकेट भी गंवा रही है।



### सीएसके का स्पिनर्स के खिलाफ सबसे कमजोर बल्लेबाजी क्रम

इस सीजन में स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी के मामले में सीएसके अब तक की सबसे कमजोर टीम रही है। उन्होंने स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ बाकी किसी भी टीम से छह विकेट ज्यादा गंवाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी स्पिन के खिलाफ सिर्फ 119 है, जो लीग में सबसे कम है। पूरी बल्लेबाजी यूनिट में केवल तीन बल्लेबाज रचिन रविंद्र, शिवम दुबे और विजय शंकर ही ऐसे हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 130 से थोड़ा ऊपर है। बाकी सभी बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट 110 से नीचे है, जो यह साफ दिखाता है कि स्पिन-अटैक वाली टीमों के खिलाफ सीएसके की बल्लेबाजी बेहद असहज नजर आती है।

## आईपीएल के इतिहास में केकेआर-पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए हैं सबसे बड़े रन चेज

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शनिवार (12 अप्रैल) को सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स के सामने रिकॉर्ड जीत हासिल की। पंजाब किंग्स द्वारा दिए गए 246 रनों के लक्ष्य को सनराइजर्स हैदराबाद ने 8 विकेट शेष रहते पूरा कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन चेज करने वाली दूसरी टीम बन गई है। वहीं, पंजाब किंग्स के साथ यह दूसरी बार ऐसा हुआ है जब विपक्षी टीम ने उनके खिलाफ रिकॉर्ड चेज सफलतापूर्वक किया हो। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स की टीम ने साल 2020 में पंजाब किंग्स के सामने 224 का चेज किया था। चलिए आपको बताते हैं कि आईपीएल के इतिहास में पंजाब किंग्स के अलावा वह कौन सी दूसरी टीम है जिसके खिलाफ बाकी टीमों ने सबसे बड़े रन चेज किए हैं। पंजाब किंग्स के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) एक ऐसी टीम है जिसके खिलाफ विरोधी टीमों ने सबसे बड़े रन चेज किए हैं। पंजाब किंग्स की टीम ने साल 2024 में केकेआर के खिलाफ 8 विकेट शेष रहते 262 रनों के लक्ष्य को 8 गेंद शेष रहते पूरा कर लिया था, जो आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज है। केकेआर के खिलाफ साल 2024 में ही राजस्थान रॉयल्स ने 224 रनों का लक्ष्य पूरा किया था।



## भारत ने बिली जीन किंग कप 2025 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया

**पुणे,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप 1 में दूसरा स्थान हासिल करके बिली जीन किंग कप 2025 में अपनी प्लेऑफ की जगह पक्की कर ली है।

- हैदराबाद की इस युवा खिलाड़ी ने 2 घंटे और 52 मिनट में 5-7, 6-3, 7-6 (7-5) के स्कोर के साथ लगातार पांचवीं जीत दर्ज की

मेजबान टीम ने पुणे के महालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में टूर्नामेंट के अपने अंतिम गेम में कोरिया गणराज्य के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज करके अगले दौर में प्रवेश किया। यह केवल दूसरी बार है जब भारत ने बिली जीन किंग कप के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है, इससे पहले 2020 में ऐसा किया था। मेजबान टीम के साथ, न्यूजीलैंड ने आईटीएफ, एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया। श्रीवल्ली भामिदीपती के लिए बिली जीन किंग कप में यह एक स्वप्निल शुरुआत थी, क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट में अपना बेदाग रिकॉर्ड बरकरार रखा। 248वीं रैंकिंग वाली सोह्युन पार्क के खिलाफ खेलते हुए, श्रीवल्ली ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी, लेकिन फिर वापसी की। हैदराबाद की इस युवा खिलाड़ी ने 2 घंटे और 52 मिनट में 5-7, 6-3, 7-6 (7-5) के स्कोर के साथ लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। भारत के लिए1-0 की बढ़त के साथ दूसरे एकल मैच में प्रवेश करते हुए, सहजा यमलापल्ली ने डेयोन बैक के खिलाफ खेलने के लिए सेंटर कोर्ट पर कदम रखा।



## पांड्या ने काशवी गौतम को अपना बल्ला उपहार में दिया

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने तेज गेंदबाज महिला ऑलराउंडर काशवी गौतम को उनके संभावित भारत डेब्यू से पहले अपना बल्ला उपहार में दिया है। पांड्या ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच के दौरान काशवी से मुलाकात की और उनके लिए एक बल्ला भेजने का वादा किया, क्योंकि उन्हें पता चला कि गुजरात जायंट्स की खिलाड़ी काशवी गौतम उन्हें अपना आदर्श मानती हैं। काशवी ने अपने बल्ले पर एचपी 33 भी लिखा है। काशवी ने 2025 सीजन में गुजरात जायंट्स के साथ डब्ल्यूपीएल में पदार्पण किया और नौ मैच खेले। उन्होंने 11 विकेट लिए और 43 रन भी बनाए। 21 वर्षीय काशवी टूर्नामेंट में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 27 अप्रैल से कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) श्रृंखला के लिए पहली बार भारत की टीम में शामिल किया गया है। भारत 27 अप्रैल को पहले मैच में श्रीलंका की महिलाओं से भिड़ेगा। काशवी की पांड्या से दूसरी मुलाकात रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच से पहले अरुण जेटली स्टेडियम में हुई।

## सार संक्षेप

### मोहन बागान एसजी ने बेंगलुरु को हराकर जीता आईएसएल खिताब

**कोलकाता।** जेमी मैकलारेन ने अतिरिक्त समय में गोल करके मोहन बागान सुपर जायंट (एमबीएसजी) को शनिवार को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन स्टेडियम में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 कप जीतने में मदद की। एमबीएसजी ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीग डबल को सफलतापूर्वक अपने नाम किया, इस सीजन में पहले ही आईएसएल शील्ड जीत चुका है और अपने घर पर मौजूदा अभियान को अपराजित समाप्त कर चुका है। वे मुंबई सिटी एफसी (2020-21) के बाद एक ही सीजन में लीग शील्ड और आईएसएल कप जीतने वाली दूसरी टीम हैं। एमबीएसजी ने खेल की शानदार शुरुआत करने के लिए दर्शकों के समर्थन का लाभ उठाया, जिसमें मैकलारेन ने बॉक्स के उसी तरफ से दाएं पैर से शॉट लगाया, जिसे नौवें मिनट में गुरप्रीत सिंह संधू ने निचले बाएं कोने में बचा लिया।

### कार्लोस अल्काराज ने जीता मोंटे कार्लो का खिताब

**स्पेन।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार को चोटिल लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में अल्काराज ने इटली के मुसेट्टी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर अपना छठा मास्टर्स 1000 कैरियर खिताब हासिल किया। तीसरे सेट में मुसेट्टी के दाहिने पैर में चोट के लक्षण दिखने लगे और 3-0 से पिछड़ने के बाद उन्हें उपचार दिया गया। अपने पहले मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी को मैच के अंत में अल्काराज के साथ चलने और तालमेल बनाए रखने में परेशानी हो रही थी। मैच के बाद अल्काराज ने कहा कि पहली बार मोंटे कार्लो जीतकर वाकई बहुत खुश हूँ। यह वाकई एक मुश्किल हफ्ता रहा है, जिसमें कई मुश्किल हालात थे। मुसेट्टी के चोटिल होने के सवाल पर अल्काराज ने कहा कि मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता। मुझे उसके लिए वाकई दुख है।

### अभिषेक ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय के बाद आईपीएल में भी बनाया सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने आखिरकार आईपीएल 2025 में वह प्रदर्शन दिखाया जिसकी उनसे अपेक्षा थी। हालांकि यह इस सीजन में उनके छठे मैच में सनराइजर्स की केवल दूसरी जीत थी, लेकिन अभिषेक शर्मा के तूफानी शतक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। 55 गेंदों पर 141 रनों की आतिशी खेलने वाले अभिषेक को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया है क्योंकि इस प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स ने पंजाब किंग्स द्वारा दिए गए 246 रनों के टारगेट को 18.3 ओवर में सिर्फ दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह आईपीएल में अभिषेक का पहला शतक था। खास बात यह है कि वे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दो शतक ठोक चुके हैं। इन शतकों के साथ अभिषेक के नाम दो बड़े रिकॉर्ड भी दर्ज हो चुके हैं।

## स्कॉटलैंड की महिला टीम ने थाईलैंड को 58 रनों से हराया

**लाहौर,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। कप्तान कैथरीन ब्राइस (60), मेगन मैककॉल (58) की अर्धशतकीय पारियों के बाद राचेल स्लेटर, अब्ताहा मकसूद और कैथरीन फ्रेजर (तीन-तीन) विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर रविवार को स्कॉटलैंड की महिला टीम ने वूमेंस विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में थाईलैंड की टीम को 58 रनों से हरा दिया। स्कॉटलैंड के 206 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड के लिए नट्टाया बूचाथम और चानिदा सुथिरुआंग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करने का प्रयास किया। नौवें ओवर में राचेल स्लेटर ने नट्टाया बूचाथम (20) को पगबाधा कर थाईलैंड को 41 के स्कोर पर पहला झटका दिया। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे थाईलैंड की बल्लेबाजी अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सकी। नत्थकन चंथम एक मात्र ऐसी बल्लेबाजी थी जिन्होंने 58 गेंदों में (63) रनों की पारी खेली। चानिदा सुथिरुआंग (18) रन बनाकर आउट हुई। कैथरीन फ्रेजर, अबताहा मकसूद और राचेल स्लेटर ने तीन-तीन विकेट झटकते हुए स्कॉटलैंड की पूरी टीम को 31.3 ओवर में 148 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 58 रनों से जीत लिया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की महिला टीम ने कैथरीन ब्राइस (60), मेगन मैककॉल (58), ऐल्सा लिस्टर (38), एब्बी ऐटकेन-ड्रमंड (22) रनों की पारी खेली। थाईलैंड के गेदबाजों ने स्कॉटलैंड की पूरी टीम को 41 ओवर में 206 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।



## वेन्नम/ऋषभ की जोड़ी ने यूएसए में तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में कंपाउंड मिश्रित टीम स्वर्ण जीता

- पूर्व विश्व कप विजेता ज्योति सुरेखा और ऋषभ की भारतीय जोड़ी ने पहला एंड हारने के बाद वापसी की

**ऑबर्नडेल (यूएसए),** 13 अप्रैल (एजेंसियां) कंपाउंड तीरंदाजी को 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में शामिल किए जाने के कुछ दिनों बाद, ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव की भारतीय टीम ने अमेरिका के फ्लोरिडा में 2025 तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह 2025 तीरंदाजी विश्व कप का पहला कंपाउंड मिश्रित टीम पदक मैच था। भारतीय टीम ने कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक के लिए चीनी ताइपे की जोड़ी हुआंग आई-जौ और चेन चिएन-लुन को 153-151 से हराया। पूर्व विश्व कप विजेता ज्योति सुरेखा और ऋषभ की भारतीय जोड़ी ने पहला एंड हारने के बाद वापसी की, जिसमें प्रत्येक तीरंदाज ने दो तीर (मिश्रित युगल के मामले में कुल चार) चलाए, 37-38 के स्कोर के साथ वे 9 और दो 10 के दो स्कोर बनाने में सफल रहे। उनके प्रतिद्वंद्वियों ने दो नौ और आंतरिक 10 सर्कल (एक्स) में तीर चलाए। भारतीयों ने दूसरा एंड 38-39 से गंवा दिया और कुल मिलाकर 75-77 से पीछे चल रहे थे, तीन 10 स्कोर करने के बावजूद 8 के स्कोर ने उन्हें पीछे कर दिया। चीनी ताइपे की जोड़ी ने एंड जीतने के लिए एक्स, 10, 10, एक्स शॉट लगाए। तीसरे एंड में, ज्योति और ऋषभ की भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी को 39-38 से हराकर अंतर को 113-115 पर ला दिया। चौथे और अंतिम एंड में भारतीय टीम ने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया और 9,10,10, X स्कोर बनाए, जबकि चीनी ताइपे की जोड़ी लड़खड़ा गई और 9, 9, 8, ङ्ग स्कोर ही बना पाई। भारतीयों ने एंड 39-36 से जीतकर स्वर्ण पदक मैच 153-151 से जीता और इस स्पर्धा में अपना दबदबा कायम किया। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने सेमीफाइनल में भी असाधारण प्रदर्शन किया। भारतीय जोड़ी ने स्पेन और डेनमार्क के खिलाफ 156 का स्कोर बनाया, जिसमें इंडोर वर्ल्ड सीरीज चैंपियन तानजा गेलेंथियन और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मैथियास फुलर्टन शामिल थे-और फिर स्लोवेनिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 159 का अविश्वसनीय स्कोर बनाया, जो परफेक्ट स्कोर से सिर्फ एक कम था। यादव के लिए, शनिवार का फाइनल एक बड़ी उपलब्धि है: उन्होंने अभी तक तीरंदाजी विश्व कप पदक नहीं जीता है, जबकि वह और भारत लॉस एंजेलिस 28 की ओर बढ़ रहे हैं।



# एशियन योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप के लिए जारी है सोनीपत में ट्रायल

- इन ट्रायलों में देशभर से कुल 252 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है, जिनमें 123 पुरुष और 131 महिलाएं शामिल हैं



**सोनीपत,** 13 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा की खेल यूनिवर्सिटी में एशियन योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप (द्वितीय संस्करण) के लिए भारत की टीम चुनने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों का चुनाव हो रहा है। चुने गए खिलाड़ी 25 से 27 अप्रैल तक दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में होने वाली एशियन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भारत की टीम का हिस्सा बनेंगे। इन ट्रायलों में देशभर से कुल 252 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है, जिनमें 123 पुरुष और 131 महिलाएं हैं। खिलाड़ी 12 अलग-अलग स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं, जिनका उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में उसकी शक्ति, अनुशासन, संतुलन और खेल भावना के साथ प्रस्तुत करना है। इस पहल का संचालन एशियन योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन कर रही है, जिसे एशिया ओलंपिक परिषद की मान्यता प्राप्त है और यह वर्ल्ड योगासन से भी जुड़ी हुई है। जो खिलाड़ी इन ट्रायलों में चुने जाएंगे, वे भारत का प्रतिनिधित्व एशियाई स्तर पर करेंगे और योगासन को एक पारंपरिक साधना से आधुनिक खेल की ओर ले जाने में योगदान देंगे। योगासन भारत और वर्ल्ड योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा कि ये ट्रायल केवल अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की ओर एक रास्ता नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और शारीरिक विरासत का उत्सव भी हैं। हम ऐसे युवा खिलाड़ियों को देख रहे हैं जो आत्मिक गहराई और खेल कौशल का शानदार मेल कर रहे हैं। एशियन योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने कहा कि पूरे एशिया से इस प्रतियोगिता के लिए जो उत्साह दिखा है, वह अद्भुत है। यह साफ है कि योगासन अब एक सच्चे खेल के रूप में पहचाना जा रहा है, जिसमें शरीर और मन का गहरा अनुशासन चाहिए। भारत में योग की शुरुआत हुई है और वह इस अभियान का नेतृत्व कर रहा है। नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष उदित सेठ ने कहा कि इन ट्रायलों में खिलाड़ियों की शानदार भागीदारी और प्रदर्शन देखकर हमें गर्व हो रहा है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | दिल्ली कैपिटल | 4 | 4 | 0 | 8 | +1.278 |
| 2- | गुजरात टाइटंस | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.081 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.672 |
| 4- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.162 |
| 5- | कोलकाता नाइट राइडर | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.803 |
| 6- | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.065 |
| 7- | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.838 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.554 |
| 9- | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.010 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.889 |